e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 202

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
25.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त करते वक्त सिर्फ 2 सोच रखनी चाहिए, अगर रास्ता मिल गया तो ठीक, नहीं तो रास्ता में खुद बना लूँगा।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. Partha Sen
MBBS, MD
Clinical Oncologist
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## सीएम ने आईपीएस में नव प्रोन्नत राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया

# प्रोन्नति से संबंधित रुकावटें दूर कर रही हमारी सरकार : हेमंत

**राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों का आईपीएस बनने का सपना हुआ पूरा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय के सभागार में आयोजित पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम में भारतीय पुलिस सेवा में नवप्रोन्नत राज्य पुलिस सेवा के 24 पुलिस अधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए सुनहरा अवसर तथा ऐतिहासिक क्षण है, जब झारखंड पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में कई बार फाइल मूवमेंट के समय अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि राज्य पुलिस सेवा के प्रोन्नति से संबंधित फाइल सांप-सीढ़ी की तरह ऊपर-नीचे हो रहा है। कार्यपालिका नियम-कानून के तहत अपना कार्य कर रही है, परंतु प्रोन्नति से संबंधित फाइल तेज गति से आगे नहीं बढ़ रहा है। तभी मैंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोन्नति से संबंधित फाइल में मैं कितनी बार साइन करूँ? मेरी जिज्ञासा थी कि आखिर प्रोन्नति कब मिलेगी, राज्य सरकार द्वारा इस पर गंभीरता पूर्वक कार्य किया गया अंतोगत्वा आज प्रोन्नति का सुखद क्षण हमारे बीच आया और राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों का भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति मिलने का सपना पूरा हुआ है। सीएम ने कहा कि इन सभी नव प्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों एवं उनके परिजनों को मैं आज अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

### झारखंड में पहली बार एक साथ 24 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी आईपीएस में हुए प्रोन्नत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यह क्षण आया है जब इतनी बड़ी संख्या में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत हुए 24 अधिकारियों में से दो ऐसी महिला अधिकारी सरोजिनी लकड़ा एवं अमेल्डा एक्का हैं, जो महज कॉन्स्टेबल पद से आईपीएस बनने तक का लम्बा सफर तय किया है। इन दोनों महिला आईपीएस अधिकारियों का सफर राज्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत एवं मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में लगभग 158 आईपीएस के पद निर्धारित है।

**24 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति मिली है।**

**सीएम ने कहा कि इन सभी नव प्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को मैं अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।**




### राज्य सरकार के कर्मियों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रहे हैं

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने शुरुआती दिनों से ही राज्य में विभिन्न सेवा के कर्मियों एवं पदाधिकारियों को उनके हक और अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई संवर्गों में तो लोग प्रभारी के रूप में कार्य करते-करते सेवानिवृत्त हो गए और उनके प्रोन्नति से संबंधित फाइलें रुकीं रह गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रोन्नति से संबंधित समस्याओं को निपटाने का काम किया है। अब राज्य सरकार के कर्मियों को नियमानुसार प्रोन्नति मिलनी शुरू हो गई है।

### सीएम ने बैच लगाकर इन अधिकारियों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा बैज लगाकर सम्मानित होने वाले नवप्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों में सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का,सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह,विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर (सभी 2017 बैच), दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता,शंभू कुमार सिंह,अजय कुमार सिन्हा,अनुदीप सिंह,पूज्य प्रकाश, सहदेव साव,अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार,मुकेश कुमार,दीपक कुमार पांडेय और अनिमेष नैथानी (सभी बैच 2019),अजय कुमार-, आरिफ एकराम,विमल कुमार, मनीष टोप्पो,कैलाश करमाली और पीतांबर सिंह खेरवार (सभी बैच 2020) शामिल हैं।



## तेजी से चांद की तरफ बढ़ रहा चंद्रयान 3

**नई दिल्ली :** भारत का चंद्रयान 3 मून मिशन लगातार प्रगति कर रहा है. चंद्रयान ने चौथे ऑर्बिट की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुष्टि की है कि अंतरिक्ष यान अब पृथ्वी के चारों ओर 71351 किमी × 233 किमी की कक्षा में है.14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किए गए चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग और रोबोटिक रोवर संचालित करने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है. मिशन सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है, प्रत्येक कक्षा के साथ आगे बढ़ाने को योजना के अनुसार क्रियान्वित किया जा रहा है. पहली कक्षा 15 जुलाई को पार की, उसके बाद 16 जुलाई को दूसरी फिर 18 को तीसरी कक्षा में प्रवेश किया. ये 20 जुलाई को चौथे ऑर्बिट में प्रवेश कर गया. प्रत्येक चरण में अंतरिक्ष यान की गति को धीरे-धीरे बढ़ाने के लिए इसे खास तौर पर डिजाइन किया गया है.

## क्विक न्यूज

### ग्रीस के कई जंगलों में लगी भीषण आग

**नयी दिल्ली :** ग्रीस में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसकी वजह से यहां के जंगल आग की चपेट में आते जा रहे हैं। इससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आग ने इतना भीषण रूप ले लिया है कि तमाम रिहायशी इलाके भी चपेट में आ गए हैं। हजारों लोग रोड्स द्वीप छोड़कर चले गए हैं। वहीं, पर्यटक आग से बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं।

### गिरिडीह में प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

**गिरिडीह :** हजारीबाग रो रेलवे स्टेशन के चिचाकी हॉल्ट के समीप एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के नीचे जाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं आरपीएफ के जवान भी घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल दोनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस संबंध में जीआरपी गोमो के इंस्पेक्टर बी दास ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली की चिचाकी हॉल्ट के समीप डाउन रेल पटरी पर मालगाड़ी के नीचे आकर प्रेमी युगल की मौत हो गयी है। दोनों के शव को रेल पटरी से हटा दिया गया गया है और दोनों की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी मदन दास देवी का निधन, पीएम ने जताया शोक

**नई दिल्ली:** आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी मदन दास देवी का निधन हो गया है. बेंगलुरू के एक अस्पताल में देवी ने अंतिम सांस ली. उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया. पीएम मोदी ने ट्वीट कर उनके साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया. पीएम ने कहा कि देवी ने अपना जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया. प्रधानमंत्री ने कहा उनका देवी के साथ न केवल घनिष्ठ संबंध था, बल्कि उन्होंने हर समय उनसे बहुत कुछ सीखा.

### मणिपुर में सशस्त्र बदमाशों ने 10 खाली घरों और स्कूल को जलाया

**इंफाल:** मणिपुर में दो समुदायों के बीच 3 मई से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है. खबर है कि बिष्णुपुर जिले की सीमा से लगे चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग बाजार इलाके में सशस्त्र बदमाशों ने कम से कम 10 खाली घरों और एक स्कूल को जला दिया है. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है.

### रिश्वतखोर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को एसीबी कोर्ट से दो साल की सजा

**रांची :** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने सोमवार को बुंडू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अश्विनी कुमार सहाय को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी करार देते हुए दो वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 17 मई 2012 का है। बुंडू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अश्विनी कुमार सहाय पर बुंडू प्रखंड में जन वितरण प्रणाली की दुकान के आवंटन के लिए 25 हजार रुपये घूस लेने का आरोप है। इस संबंध में सूचक चौधरी महतो ने 14 मई 2012 को एसीबी के एसपी को पत्र लिख कर शिकायत की थी। रिश्वत के 11 हजार रुपये पहले ही ले लिये गए थे और दूसरी किश्त 14 हजार रुपये लेते हुए एसीबी ने अश्विनी कुमार सहाय को गिरफ्तार किया था। इस केस में अभियोजन पक्ष ने कुल 13 गवाह प्रस्तुत किये। इसमें से पांच गवाह मुकर गए लेकिन अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने अश्विनी को दोषी करार दिया।

# नहर में गिरी कार, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**पुलिस के मुताबिक, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के वेवर बैराज में यह हादसा हुआ. इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग कासगंज के गंजडुंडवारा इलाके के रहने वाले थे. ये लोग एक युवती का इलाज कराने के लिए एटा आ रहे थे. बीच रास्ते में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई.**




**इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग कासगंज के गंजडुंडवारा इलाके के रहने वाले थे. ये लोग एक युवती का इलाज कराने के लिए एटा आ रहे थे.**

एजेंसी

**एटा :** यूपी के एटा में सोमवार सुबह एक कार नहर में गिर गई. इसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत मौके पर हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने पाचों शवों को बाहर निकाल लिया. इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा गया.यूपी में एटा में सोमवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला. यहां नहर में कार गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की असमय मौत हो गई. हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन किया. इसके बाद पांचों लोगों के शवों को बाहर निकाला गया.पुलिस के मुताबिक, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के वेवर बैराज में यह हादसा हुआ.


इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग कासगंज के गंजडुंडवारा इलाके के रहने वाले थे. ये लोग एक युवती का इलाज कराने के लिए एटा आ रहे थे. बीच रास्ते में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई.

एटा में नहर में कार गिरने से दो युवती समेत पांच लोगों की मौत हो गई. इनमें एक ही परिवार के चाचा-चाची, भतीजा, भतीजे की पत्नी और भतीजे का दोस्त शामिल थे.

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी समेत पांचों शवों को बाहर निकाला. शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है.

# विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर व बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**देवघर बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में श्रावण के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी**



एजेंसी

**उज्जैन-देवघर :** उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर व देवघर बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में श्रावण के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान महाकाल के दर्शन और आशीर्वाद पाने के लिए रात 12 बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। तड़के 2:30 बजे महाकाल मंदिर के पट खुलने के बाद भगवान के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो अनवरत जारी है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही। परम्परा के मुताबिक, श्रावण के तीसरे सोमवार को तड़के 2.30 बजे मंदिर के पट खुले और इसके बाद भगवान की भस्मारती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंचामृत, अभिषेक पूजन कर भांग, चंदन से राजा स्वरूप दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद आरती की गई। भस्म आरती में बड़ी संख्या में बिना अनुमति वाले भक्तों ने चलित भस्म आरती व्यवस्था से दर्शन किए। एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी महाकाल का दर्शन किया।

देवघर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में आस्था की भीड़ और उमंग का सैलाब इस तरह उमड़ रहा है कि वह पिछले दो सोमवार पर भारी पड़ा। पुरा मंदिर प्रांगण गेरूआमय है। शिवभक्तों की इच्छा कि वह सोमवार को ही जल चढ़ाएं। तीसरी सोमवारी को लाखों कांवरियों ने जल चढ़ाया। यहां अरघा से जलार्पण हो रहा है। शिवभक्तों की कतार कई किलोमीटर दूर तक लगी हुई है। बीते रात से ही प्रशासन अलर्ट है।

# मणिपुर घटना पर संसद में अमित शाह ने संभाला मोर्चा

*** प्रधानमंत्री को संसद के दोनों सदनों में एक व्यापक बयान देना चाहिए : कांग्रेस**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मणिपुर घटना को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन स्थित गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया. इसके बाद दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ. इन सबके बीच गृह मंत्री अमित शाह ने मोर्चा संभाला. उन्होंने लोकसभा में कहा, मेरा आग्रह है कि संवेदनशील विषय पर सबने चर्चा की मांग की है. मैं चर्चा के लिए तैयार हूं. मुझे नहीं पता कि विपक्ष चर्चा क्यों नहीं चाहता. मेरा आग्रह है कि इस विषय पर चर्चा हो. इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लियाकार्जुन खड़गे ने कहा, हम भी चर्चा के लिए तैयार हैं. प्रधानमंत्री इस मामले पर अपनी बात रखें. अगर 140 करोड़ का नेता बाहर प्रेस से बात करता है और 140 करोड़ जनता के प्रतिनिधी अंदर बैठे हैं, तो आप(प्रधानमंत्री) पहले अंदर अपना बयान दीजिए. उसके बाद हम एक निर्णय लेंगे.कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर पर एक व्यापक बयान दें, जिसके बाद इस मुद्दे पर सामूहिक चर्चा हो. हालांकि, सरकार गृह मंत्री के जवाब के साथ मणिपुर मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा के लिए तैयार हो गई है. लेकिन विपक्ष पहले प्रधानमंत्री के बयान की मांग पर अड़ा है.कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, प्रधानमंत्री को संसद के दोनों सदनों में एक व्यापक बयान देना चाहिए. उन्हें लोकसभा और राज्यसभा में प्रासंगिक स्थगन नियमों के तहत चर्चा का पालन करना चाहिए. हमारे प्रदर्शन की यही मांग है. आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, पूरे देश की मांग है कि मणिपुर मामले पर सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी बात रखें. देश में शांति बहाल करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है. आज हम इस मुद्दे पर संसद में विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं. राज्यसभा सभापति को हमें मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की इजाजत देनी चाहिए.



### सांसद संजय सिंह हुए मानसून सत्र से निलंबित

**नई दिल्ली:** मणिपुर मुद्दे पर सदन में विपक्ष के विरोध के दौरान राज्यसभा सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया. संजय सिंह को बार-बार सभापति के आदेश की अवेहलना करने के कारण सस्पेंड किया गया है. संजय सिंह का यह निलंबन ऐसे समय में हुआ है, जब दिल्ली में नौकरशाहों पर नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश को लेकर भाजपा और आप आमने-सामने हैं.

# केंद्र ने कर्मचारियों को दिया तोहफा, ईपीएफ पर बढ़ा ब्याज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत जमा पर 8.15 फीसदी की दर से ब्याज देने की मंजूरी दे दी है।

सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने 28 मार्च, 2023 को अपने छह करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत कर दिया था।

सोमवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, ईपीएफओ ने दायर कार्यालयों को 2022-23 के लिए ईपीएफ पर 8.15 प्रतिशत की दर से ब्याज सदस्यों के खातों में जमा करने के लिए कहा है। ये आदेश इस साल मार्च में ईपीएफओ ट्रस्टियों द्वारा अनुमोदित ईपीएफ ब्याज दर पर वित्त मंत्रालय की सहमति के बाद आया है। अब ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय इंटरनेट के जरिये ग्राहकों के खाते में पैसा डालने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

बता दें कि मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2021-22 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को 2020-21 के 8.5 प्रतिशत से घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.10 प्रतिशत कर दिया था। ये 1977-78 के बाद से सबसे कम था, जब ईपीएफ ब्याज दर 8 प्रतिशत थी।

# खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट, झुलसकर 10 गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद के समीप आजम रिजवी के घर में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिससे घर में रखे 70 हजार रूपये नकद सहित घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं इस घटना में 10 लोग झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सभी घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में आजम रिजवी की पत्नी गुलसुम आरा (35) तथा पुत्री उम्मे हबीबा (8) के अलावे मुहल्ले के रशीदा खातून (45) मोहन कुमार (40) अनवर हुसैन (40) रौशन कुमार (35) रूही परवीन (30) रामस्वरूप विश्वकर्मा (60) उम्मे हबीबा (45) शौकत आलम (16) का नाम शामिल है। आजम रिजवी ने बताया कि उसकी पत्नी खाना बना रही थी इसी दौरान, गैस लीक होकर आग पकड़ लिया। शोर मचाने के बाद आसपास के लोग घर में गए तभी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। और आग की तेज लपटें से सभी लोग झुलस गये। स्थानीय लोगों की मदद से मोटर पंप के सहारे आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एएसआई संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा बचाव कार्य में सहयोग किया। वहीं सीएचसी में पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा एनसीपी नेता अखिलेश मेहता, अजय सिंह, झामुमो नेता अतहर हुसैन, मुमताज अहमद बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि समाजसेवी संतोष प्रजापति आदि लोगों ने घायलों का हाल जाना और पीड़ितों को सांत्वना दी। इधर आग से झुलसे लोगों को सीएचसी में ले जाने के बाद वहां पर्याप्त व्यवस्था नहीं देखकर ग्रामीण भड़क गये। सीएचसी में एकमात्र आयुष चिकित्सक डॉ0 तौहीद अहमद ही उपस्थित थे। वहीं आवश्यक दवाएं तथा एंबुलेंस भी सीएचसी में उपलब्ध नहीं था इसे देख लोग हंगामा करने लगे। बाद में लोगों को शांत कराते हुए थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने घायलों के लिए दवा तथा रेफर हुए मरीजों को ले जाने के लिए तीन निजी एंबुलेंस की व्यवस्था कराई। मालूम हो कि सीएचसी में 108 नंबर की दो एंबुलेंस है। जो विगत 4 माह से खराब है। उधर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सिलेंडर फटने की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सीएचसी के कुव्यवस्था को लेकर सीएस पलामू से नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सीएचसी के व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो इस मामले को विधानसभा में उठाऐंगे। जबकि सीएस ने विधायक को आगे दो दिनों में चिकित्सकों की तैनाती, एंबुलेंस व दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मुहर्रम त्योहार को लेकर उपायुक्त गढ़वा के द्वारा शेखर जमुआर के अध्यक्षता में शान्ति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त के साथ मुख्य रूप से गढ़वा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी के साथ कई जनप्रतिनिधियों तथा दोनों समुदायों के कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। प्रशासन के द्वारा जारी निर्देश पर अमल करने का विश्वास दिलाने के साथ जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने अपने कुछ सुझाव से भी जिला प्रशासन को अवगत कराया। अंजान शहीद में सत्तमी के अवसर पर 3 से 4 राज्यों से लगभग लाखों लोग आते हैं, कुछ लोग तो एक दिन पहले ही आ जाते हैं, जो पूरी रात रुकते हैं, उनकी सुरक्षा के लिए एसपी को पुरुष पुलिस के साथ साथ महिला पुलिस की व्यवस्था एक दिन पहले से हो ताकि, कुछ अनहोनी घटना को रोक जा सके।इतनी भीड़ होने के कारण, अगर कुछ घटना होती है तो उससे तत्तकल निपटने के लिए एंबुलेंस के साथ एक मेडिकल टीम वहां उपस्थित रहे, ताकि समय रहते उपचार हो सके।शांति समिति के बैठक में, मुख्य रूप से जितने भी सामाजिक संस्थाएं हैं, उनकी भी भागीदारी हो, उपस्थिति हो ताकि जो अभिभावक अपने मेहनत से आपसी भाईचारे से यहां गंगा जमुनी तहजीब का बीज बोए है, उसको आज के नौजवान भी आगे बखूबी निभाएं, सोशल मीडिया के गलत उपयोग के बारे में लोगो को समझाएं, और ज्यादा से ज्यादा नौजवानों को सामाजिक कार्य के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे यहां का भाईचारा हमेशा हमेशा के लिए कायम रहे।इसके साथ ही बैठक में सबों ने हर बार को तरह इस वर्ष भी मोहर्रम के पवित्र पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया।

# उपायुक्त ने आयुष्मान पखवाड़ा जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान पखवाड़ा 21 जुलाई 2023 से 4 अगस्त 2023 तक मनाया जाना है। आयुष्मान पखवाड़ा के व्यापक प्रचार प्रसार तथा जन जन तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर वैसे लाभार्थियों को जागरूक करेगी जो आयुष्मान भारत योजना के पात्र हैं लेकिन अभी तक उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। उन्होने बताया कि कि पखवाड़ा के दौरान लाभुकों को सूचित करते हुए सहिया/ स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पीडीएस डीलर, सीएचओ, आयुष्मान मित्र, सीएससी (प्रज्ञा केन्द्र) के माध्यम से घर-घर जाकर एवं पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। बता दें कि जिले के सभी गुलाबी, पीला और हरा राशन कार्डधारी के लाभुक ई केवाईसी के माध्यम से निःशुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इस योजना से आच्छादित परिवार एक साल में 5 लाख रूपए तक का बिल्कुल मुफ्त में उपचार सभी निबंधित अस्पतालों में करा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना होगा। मौके पर उपायुक्त श्री आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# शहरी प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 अस्थल पांचपांडव स्थित हेल्थ एवं बेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया गया इस मौके पर छतरपुर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया छतरपुर अंचलाधिकारी मदसर नगर मंसूरी , महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी, पूर्व अध्यक्ष मोहन जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, समाजसेवी अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद मिश्रा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर शहरी प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया वहीं स्वास्थ्य जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया कर पालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र नगर पंचायत के अधीन संचालित किया गया है जिसमें लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप उपचार करा सकते हैं इससे लोगों को स्वास्थ सुविधा खासकर महिलाओं को सहूलियत मिलेगी। स्वास्थ केंद्र में रोस्टर वाइज डॉक्टर उपलब्ध रहेगे जिसमें सोमवार-मंगलवार को डॉक्टर मोहम्मद अंसारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बुधवार को डॉ राजेश अग्रवाल, गुरुवार को डॉक्टर मनोज दास, शुक्रवार- शनिवार को डॉ संतोष प्रसाद वहीं नर्स सरिता देवी रहेगे। सुरक्षा हेतु गार्ड भी उपलब्ध है उन्होंने कहां कि सभी डॉक्टर ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे उन्हें नगर वासियों से भी अपील किया है कि अपने स्वास्थ्य संबंधी उपचार अवश्य कराएं इस मौके पर महिलाएं सहित काफी लोग उपस्थित थे लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकप भी करवाया।

# बसपा की बैठक में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब दिखी बहुजन समाज की शक्ति



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में रविवार को बहुजन समाज पार्टी का गढ़वा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक सह सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने किया जबकि संचालन प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश के प्रभारी गयाचरण दिनकर (पूर्व कैबिनेट मंत्री एव पूर्व नेता प्रतिपक्ष उतरप्रदेश), झारखंड प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगईया, वहीं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व फूलन देवी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया।इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्री दिनकर व चिरगया का सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता ने बाईक जुलूस के शक्ल में गढ़वा विधानसभा में स्वागत व अभिनंदन किया जहां शहर में संविधान के शिल्पकार डा भीमराव अम्बेडकर व जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर बाईक जुलूस की शक्ल में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में गढ़वा विधानसभा प्रभारी अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल का पार्टी में जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही श्री चौधरी के हजारों समर्थक बहुजन समाज पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। बसपा में शामिल होने वाले हजारों कार्यकर्ता को बहुजन समाज पार्टी में स्वागत किया गया साथ ही श्री चौधरी को आगमी लोकसभा व विधानसभा के मद्देनजर बूथ स्तर पर पार्टी मजबूती को लेकर उन्हें जिम्मेवारी दी गई। गढ़वा विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया।

# सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रारंभ हुआ। यह प्रदर्शनी भारत सरकार, झारखंड सरकार तथा श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र पटना के सौजन्य से आयोजित की जा रही है । इसके तहत क्विज प्रतियोगिता में सीता प्लस टू उच्च विद्यालय तथा बालिका उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अजय प्रसाद राय ने कहा कि इस प्रदर्शनी से छात्र-छात्राओं को विज्ञान की सटीक जानकारी तथा जादू टोना जैसे अंधविश्वास का भ्रम दूर होगा। संस्थान के रितेश रंजन, चंदन राय, नवीन कुमार ने बताया कि अगले दिन वाहन पर लगे उपकरण का प्रदर्शन तथा उसके विधि और कार्य को बताया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक डॉ0 ओरेन्द्र कुमार यादव, डॉ0 नागदेव यादव, नीरज सिंह, गोपाल शरण राणा, कन्हैया प्रसाद, भरदुल पासवान, अनूप कुमार, अमित कुमार, सलमा लकड़ा, अर्पणा कुमारी, केदारनाथ, कपिल मुनि, ऋषिकेश, मो0 अबू साद, सुप्रियरंजन भारती, डॉ0 राजकुमार तथा आलोक कुमार उपस्थित थे।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सावन की तीसरी सोमवारी को शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने आस्था के साथ भगवान नीलकंठ महादेव को सुख समृद्धि और निरोगिकाया की मनोकामना लिए शिवलिंग में जलाभिषेक करने के साथ बेलपत्र अर्पित किए।भक्तों द्वारा दूग्धाभिषेक कर भगवान शिव को प्रसन्न किया गया. हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे से शहर का हर शिव मंदिर गूंजती रही। बताते चलें कि मंदिर में पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ लगी थी।सुबह-सुबह स्नान कर श्रद्धालु भक्तों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाया।सोमवारी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही।सोमवारी को ले शिवालयों की साफ-सफाई तथा मंदिरों में साज-सज्जा भी की तैयारी की गई थी। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं के अनुसार सोमवार की सुबह चार बजे से ही भक्तों के मंदिर में आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान हॉस्पिटल चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जलार्पण को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के बाहर धतूरा, बेलपत्र, फूल की खूब बिक्री हुई क्योंकि हर कोई भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए उन्हें उनकी प्रिय वस्तु चढ़ाकर आशीर्वाद लेना चाहता है।

# वरिष्ठ पत्रकार के पिताजी के ब्रह्मभोज में पहुंची पलामू की कई हस्तियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता विश्वनाथ सिंह के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में पलामू जिले के कई जानी-मानी हस्तियां पहुंचे। ब्रह्मभोज कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम महापौर अरुणा शंकर, रोटरी स्कूल के चेयरमैन अनुग्रह नारायन शर्मा, प्रभात मंत्र के एडिटर रविंद्र कुमार उपाध्याय, पूर्व वार्ड आयुक्त जितेंद्र कुमार सिंह,डेली न्यूज के एडिटर मनोहर कुमार, परमदेव सिंह, कांग्रेसी नेता सुधीर कुमार पप्पू, अनन्त कुमार सिंह सहित जिले के कई वरिष्ठ पत्रकार व कई राजनीतिक दलों के नेता सामाजिक संस्थाओं के लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने इस अवसर पर स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस अवसर पर पहुंचे राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार उमेश जी के पिता विश्वनाथ सिंह सरकारी नौकरी में रहते हुए भी सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में संजय सिंह उमेश ने अपने बदौलत जो पहचान बनाई है वह अपने आप में काबिले गौर है। मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि अपने पिता के नक्शे कदमों पर चलते हुए पत्रकार उमेश जी ने भी सामाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह अपने कर्म और वचनों से काफी ख्याति पाई।और उन्हीं के संस्कार जो दिया हुआ था उनके दोनों पुत्र योग एवं कर्मठ है एक शिक्षक और एक पत्रकार हैं। समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है।

# पानी के अभाव में खेतो में पड़ गई दरार, बिचड़े भी सूखने के कगार पर



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न गांव में भू-जल स्तर गिरावट आने के बाद धान का बिछड़ा, मकई, तिल, अरहर सूखने के कगार पर है। किसान अपने खेतों में पड़ी दरार को देखकर काफी परेशान दिख रहे हैं। इस वर्ष भी किसानों को सूखे की मार की आशंका सता रही है। एक तरफ भीषण गर्मी से चारों ओर लोग परेशान हैं, दूसरी ओर भू-जलस्तर में गिरावट आने से पेयजल की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। नदी, नाला, तालाब, कुंवा व चापाकल आदि सूखा पड़ा है। स्थिति यह है कि पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। खेती के लिए पानी की व्यवस्था करना किसानों के लिए समस्या बनी हुई है। लोग कहते हैं सावन में बारिश से खेत पानी से भर जाते हैं, और किसानों की उम्मीदें हरियाली से, लेकिन प्रखंड में किसानों की आस्था अब खंडित होने लगी हैं। अन्नदाता का भरोसा बादलों पर से डगमगाने लगा है। ऐसा लग रहा है जैसे इस बार भी बादलों ने खेत के बदले किसानों की आंखों में बरसात की है. फिलहाल बारिश के आसार दूर -दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं जिससे किसान परेशान है।धरती के भगवान कहे जाने वाले किसानो कस मायूस चेहरा देख कर दिल सहम गया। वर्षा कम होने के कारण धान के बिचड़ा भी सुख रहा है। अपने ही खेत पर घूमता एक किसान अपने खेत में किए हुवे धान के बिचड़ा को देख कर मायूस होकर वंही फुट फुट कर रोने लगे। सारंग पंचायत के जतपुरा के किसानों ने बताया की 1966-67 के अकाल को भी झेला है। उन्हें पुनः उसकी याद सताने लगी है।किसानों का कहना है कि आद्रा नक्षत्र, आषाढ़ और अब सावन भी बीतने वाला है। अभी तक वर्षा नही के बराबर हुई है।दिन में चिलचिलाती धुप व् उमस भरी गर्मी से पूरा जनजीवन तबाह है। वर्षाभाव में खेतो से धूल उड़ रही है। सारी भूमि बंजर सी हो गयी है। ऐसी स्थिति में प्रकृति की रुख को भांपकर किसानों के बच्चे रोजी-रोटी की तलाश में अन्य प्रदेशों की ओर पलायन करनस शुरू कर दिए हैं।

# पिपरा के जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग को दी आंदोलन की चेतावनी

➲ बेबस लाचार जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हम लोगों को पद पर एक मूर्ति की तरह बैठाया गया है हमारी कोई नहीं सुनता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में बिजली की समस्या गंभीर रूप लेते हुए दिखाई पड़ रही है. स्थानीय लोग काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कृषि का समय होने के कारण किसानों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त दिखाई प्रतीत पड़ता है. प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उन्हें एक मूर्ति की तरह पद पर बैठा दिया गया है। हमारी सभी मांगों को नजरअंदाज किया जाता है जिससे जनता में जनप्रतिनिधियों के प्रति अच्छा संदेश जाता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है जनप्रतिनिधि काफी असहाय लाचार महसूस कर रहे हैं। दिन मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिला परिषद ददन पासवान प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान दलपतपुर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव मधुबाना मुखिया राजेश राजवंशी वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद सिंह पंचायत समिति चतुराई राम उप प्रमुख उपेंद्र यादव युवा नेता सौरभ सिंह एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां अपने अपने पंचायत एवं क्षेत्र के लोगों के साथ जब पिपरा ग्रिड बिजली कटौती की समस्या को लेकर पूछताछ करने पहुंचे तो वहां की वास्तविकता कुछ अलग है नजर आया ।पिपरा प्रखंड क्षेत्र में चल रहे क्रेशर प्लांट को प्रतिदिन लगभग 20 घंटे से ऊपर बिजली की आपूर्ति दी जा रही है वही पंचायत स्तर पर स्थिति काफी दयनीय है जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अगर आज हम सभी लोग ग्रिड पर पहुंचकर वास्तविकता नहीं देखते तो हम सभी को जो कहा जाता था कि लोड नहीं उठा रहा है बिजली की आपूर्ति कम की जा रही है उसी को सच मानकर अंधकार में पड़े रहते। यह प्रखंड क्षेत्र के लोगों के साथ नाइंसाफी की जा रही है इस तरीके का छल बर्दाश्त से बाहर है।

# गढ़वा में वीआईपी पार्टी का हुआ आगाज

## सरोज चौधरी बने जिला अध्यक्ष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विकासशील इंसान पार्टी के तत्वाधान में शहर के राम दुलारी होटल के सभागार में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से वीआईपी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी को बनाया गया वहीं उपाध्यक्ष महावीर चौधरी, सुभाष विश्वकर्मा, एवं महासचिव ब्रह्मदेव चौधरी, सचिव राजू कुमार चौधरी, विजय राम और कोषाध्यक्ष महावीर चौधरी, संतोष चौधरी को बनाया गया। इसके अलावा गढ़वा विधानसभा प्रभारी बचनदेव चौधरी, बिश्रामपुर विधानसभा प्रभारी मंदीप मल्लाह, भवनाथपुर विधानसभा भरदुल चौधरी, डाल्टनगंज विधानसभा प्रभारी चौधरी बनाए गए। विकासशील इंसान पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी चंदन साहनी ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। इसके लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है। निश्चित तौर पर झारखंड में ताकतवर पार्टी बनकर उभरेगी। वीआईपी पार्टी के विचारधारा को अपनाते हुए काफी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी जी का सपना है कि निषाद समाज के साथ-साथ अन्य लोगों का भी हर क्षेत्र में विकास हो। 25 जुलाई को फूलन देवी शहादत दिवस के अवसर पर पटना से संकल्प यात्रा की शुरुआत हो रही है, जो बिहार उत्तरप्रदेश और झारखंड होते हुए पटना पहुंचेगी। इस संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होंगे और अपने अधिकार और न्याय के लिए सड़क पर उतरेंगे। वहीं वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राज कुमार ने पार्टी को विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी के ऊपर जिम्मेवारी सौंपी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी है। उन्हें सुझाव देते हुए कहा है कि जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयासरत रहने की जरूरत है आगामी माह में वीआईपी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी संकल्प यात्रा लेकर गढ़वा की धरती पर पहुंचेंगे तो उस समय हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने की तैयारी में जुट जाएं।

# बिना प्राण प्रतिष्ठा व बिना प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से शौक होता है : जीयर स्वामी

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि शास्त्र में बताया गया है कि दुनिया में एक हीं भगवान हैं शालिग्राम. ये भगवान का कभी प्राण, प्रतिष्ठा नही किया जाता है.बाकी जितने भी मनुष्य द्वारा मुर्ति की स्थापना की जाती है, प्राण प्रतिष्ठा की जाती है. यदि दो चार दिन भोग न लगे तो फिर से प्राण प्रतिष्ठा किजिये नही तो ऐसे बिना प्राण प्रतिष्ठा, बिना प्रतिष्ठित मुर्ति की पूजा करने से शोक होता है. भय होता है. अनेक प्रकार के यश कृति का समापन होता है, अपयश होता है. अतः नही करना चाहिए. जो खंडित मुर्ति हो उसका भी पूजा नही करना चाहिए. अन्यथा भय, शोक, उपद्रव, अशांति होता है.अलग अलग व्यक्ति की अलग अलग मर्यादा है. शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मर्यादा में रहेगा. यह ठीक नही है.गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नही है उनको पाप लगेगा. महा नर्क हो जाएगा. ऐसा नही की विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढा करके, दंड कमंडल ले करके घुमने लगे. यह कौन तरीका है. काहे को विवाह किया.घर परिवार को सजाओ, शिक्षित करो.बच्चों को संस्कार दो. बेटा बेटी का विवाह करो.सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो. तब वैराग्य धारण करो ऐसा बताया गया है. तब भगवान प्रसन्न होगें.तब आत्म कल्याण होगा.उन्होंने कहा कि पात्र के अनुसार ही दण्ड भोगना पड़ता है.बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पडेगा. जो जितना पात्र का अधिकारी होगा उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदू जागरण मंच ने पहाड़ी मंदिर में लगाया सेवा शिविर



**रांची :** हिंदू जागरण मंच रांची महानगर की ओर से सोमवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सेवा शिविर लगाया गया। तीसरी सोमवारी पर भी भक्तों के लिए मंच के तरफ से निशुल्क दूध, फूल, बेलपत्र आदि की व्यवस्था की गई थी। भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो । इसके लिए मंच के कार्यकर्ता सेवा कार्य में सुबह चार बजे से ही लगे हुए हैं और दर्शनार्थियों का सहयोग कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुजीत सिंह, चंदन मिश्रा ,ऋषभ सिंह ,चंदन सिंह, कुशाग्र चौहान, कुमकुम गुप्ता, हर्ष कुमार , धनदीप , रवि चौधरी, अंशु सिन्हा, अभिजीत मिश्रा ,सत्या सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### राज्यपाल से मिले ब्रिगेडियर और कर्नल

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को ब्रिगेडियर अश्विनी नायर और कर्नल एके सिंह ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया।



# भाई की हत्या का योजना बनाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एसएसपी किशोर कौशल और उनकी टीम ने एक बहुत बड़ा अपराध होने से पहले ही चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पंडरा ओपी क्षेत्र के रहने वाले एक परिवार में दो सगे भाइयों दीपक और आनन्द के बीच संपत्ति विवाद धीरे धीरे इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने ही अपने बड़े भाई की हत्या की योजना बना डाली। इसके लिए शूटर भी तैयार हो गया, तीन लाख रुपए और फोर व्हीलर देने की बात तय हो गई। लेकिन इसकी भनक एसएसपी किशोर कौशल को हो गई। उन्होंने अपनी टीम बनाकर शूटरों की पूरी योजना को नाकाम कर दिया और देखते ही देखते एक बड़ी घटना होने से बच गया। गिरफ्तार आरोपियों में आनंद कुमार गुप्ता, अल्तमश खां, रितेश वर्मा , शाहबाज खान शामिल है। एसएसपी ने बताया कि भाई आनंद ने ही बताया कि दीपक गुप्ता हर रविवार को चटकपुर में अपने दोस्त के घर आना-जाना करता था, वह लाल मोटरसाइकिल और लाल टोपी पहनाता है।शूटरों को उक्त जगह दिखाया और रविवार के दिन हत्या की योजना बना डाली। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी छवि के लोग एकजुट होकर कुछ योजना बना रहे है।

आप सभी की गिरफ्तारी हो गई। इस पूरे मामले के उद्भेदन में सिटी एसपी शुभांशु जैन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, पंडरा ओपी प्रभारी शिव नारायण तिवारी सहित पुलिस अवर निरीक्षक राधेश्याम राम, रमेश कुमार झा ,अमरनाथ कुमार आदि शामिल थे।



# अपराध कंट्रोल को लेकर सख्त हुए डीआईजी और एसएसपी, तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने डीआईजी अनूप बिरथरे और एसएसपी किशोर कौशल मध्य रात्रि में राजधानी रांची की सड़कों पर निकले। इस दौरान अधिकारियों ने पूरे शहर का जायजा लिया और यह देखा कि जिन पुलिसकर्मियों के भरोसे राजधानी के लोग हैं वह किस तरह ड्यूटी कर रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने पाया कि अमरावती अपार्टमेंट के पास खड़ी पीसीआर सात में एएसआई शिव लाल मुर्मू और चालक आरक्षी जयनाथ महतो सो रहे हैं। जबकि नामकुम रेलवे स्टेशन के पास पीसीआर 19 में हवलदार दिनेश प्रसाद मंडल भी सोते हुए पाये गये। कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर एसएसपी ने इन तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी और एसएसपी रांची के अरगोड़ा चौक पहुंचे। जहां पर एक बार खुला था और करीब 30 लोग वहां बैठकर शराब पी रहे थे।अधिकारियों ने दोनों बार को बंद करवाया और हटिया डीएसपी राजा मित्रा को इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया। चेकिंग के दौरान कई शराबी भी पकड़े गये। एसएसपी के आदेश पर सभी के वाहन को जब्त कर लिया गया और उन्हें रात भर थाने में बैठाया गया।

थानेदारों को हिदायत दी गयी कि बिना बॉन्ड भरे किसी को घर वापस ना जाने दे। हालांकि शराब पीकर घर लौट रहे कुछ वाहन चालक वहां से भागने में सफल रहे। लेकिन उनके नंबर पुलिसकर्मियों ने नोट कर लिये हैं। सभी के घर पर चालान भेजा जायेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बीते 21 जुलाई को हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाराजगी जतायी थी। इसके बाद से शहर में लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान और वरीय अधिकारी रात में निरीक्षण कर रहे हैं।



# नाबालिग से दुष्कर्म मामले के तीन दोषियों को 20 साल की सजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले तीन दोषियों हेम सिंह उर्फ राहुल, नव किशोर और नवीन कुमार को बीस-बीस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर दस-दस हजार का जुर्माना भी लगाया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने महिला थाना में कांड संख्या 34/18 दर्ज करवाया था। पुलिस ने पीड़िता के द्वारा दर्ज केस को साबित करने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य सबूत पेश किए, इसके साथ ही गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनाया। पीड़िता की ओर से अपर लोक अभियोजक परमानंद यादव ने पक्ष रखा।

# तारा शाहदेव मामले में कोहली और मुश्ताक की ओर से होगी बहस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली और मुश्ताक अहमद की ओर से बहस करने के लिए समय देने की मांग की गयी।

इसपर कोर्ट ने दोनों आरोपितों को बहस के लिए एक अगस्त का समय दिया है। कोर्ट ने आरोपितों को एक सप्ताह में बहस पूरी कर लेने का निर्देश दिया है। इस केस में सीबीआई की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है। इस मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। सीबीआई ने हाई कोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था।



# डोमिसाइल के शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोमिसाइल स्थानीयता आंदोलन में अपने हक,अधिकार एवं अस्तित्व की लड़ाई में 24 जुलाई को अपने प्राण की आहुति देने वाले शहीद कैलाश कुजुर, विजय तिग्गा, संतोष कुंकल के शहादत् स्थल त्रिमूर्ति चौक मेकॉन कॉलोनी डोरंडा में इनकी 21 पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

इनकी शहादत आने वाले नसलों के लिए एक प्रेरणा है। जो इतिहास के पन्नों में सुनारे शब्दों में लिखा जाएगा इन्होंने झारखंड के आदिवासी मूलवासी के अधिकार को दिलाने के लिए अपने प्राण की आहुति दे दी। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में लक्ष्मीनारायण जगदीश, जगदीश लोहरा ,अजय कच्छप, शिवा कच्छप,अरविंद बाखला, राजू महतो विनय् बागे, सविता हुजूर,विजय शंकर नायक,आशीष लफड़ा, रोशन तिर्की शामिल हुए सभा का संचालन संजय कच्छप ने किया।



# 700 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस ने बताया कि इसे गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया है**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंडरा ओपी पुलिस ने 700 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गुड्डू कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। वह चतरा जिले के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया का रहने वाला है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ को लेकर आईटीआई बस स्टैंड ईटकी रोड में बस पकड़ने के लिए जा रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंचकर छानबीन शुरु की। इसी दौरान एक लड़का पुलिस बल को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसे रुकने को कहा तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने दौड़कर उसे पकड़ा। युवक के कमर में लपेटा हुआ 700 ग्राम अफीम बरामद किया गया।



# महिलाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा, द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए आरसेटी जामा मे कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी का 13 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें दुमका जिले के विभिन्न प्रखण्डों से कुल 35 जेएसएलपीएस महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रंग बिरंगी चूड़ियां महिलाओं को आकर्षित करती है । इनका भारतीय संस्कृति से अटूट रिश्ता है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर वह हुनरमंद बन चुकी है। इसके बाद अब अपना रोजगार स्थापित कर परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करें । उन्होंने महिलाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी के साथ आय में बढोतरी करने व बचत करने के लाभ,बीमा,विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के लिए मार्गदर्शन किया। पाकुड़ से आई महिला प्रशिक्षिका बनपलासी सरकार ने सभी प्रशिक्षुओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी के तहत ईयररिंग, गले का सेट, मंगलसूत्र एवं लाह से बने अनेक प्रकार के कंगन सेट,चूड़ा ब्रेसलेट सेट, जयपुरिया बाला सेट, थ्री पीस एड नग सेट,जानकी सेट की जानकारी दी. वरिष्ठ संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा ने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात् अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर ग्राहक को आकर्षित करें। अभिषेक कुमार ने बताया कि आरसेटी जिलें में 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार युवक एवं युवतियों का पहचान कर उनके इच्छानुसार चयनित विषय पर निःशुल्क प्रशिक्षण देता है। मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा,अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार,मनोज कुमार सिंह, संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

# राज्यपाल से मिले स्वास्थ्य मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में चल रहीं स्वास्थ्य विभाग के गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं से राज्यपाल को अवगत कराया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने राज्यपाल को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सीमित संसाधन के बावजूद इनोवेटिव आईडिया के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ दे रहा है।

**राज्यपाल ने स्वास्थ्य सेवा को सुधारने के लिए दिए विशेष दिशा निर्देश :** स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यपाल को बताया कि मुख्यमंत्री ने विगत दिनों समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया है। राज्य के मेडिकल अस्पतालो में 24 घंटे सातों दिन दिनचिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। हम उस पर कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रहे है। साथ ही कालाजार उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के साथ टीबी मुक्त झारखंड हेतु कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल ने सभी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और स्वास्थ्य सेवा को सुधारने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए।

### कालू लामा गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** आतंकवाद निरोधी दस्ता ( एटीएस) और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कालू लामा (मृत) गिरोह के अपराधी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। सोमवार को सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में शुभम विश्वकर्मा, रोहित मुंडा और अभिषेक मल्लिक शामिल हैं। रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी और अभिषेक मल्लिक को बोकारो से और शुभम विश्वकर्मा की रांची से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये अपराधियों से एटीएस और रांची पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

# देवघर डीसी के खिलाफ कार्रवाई पर 16 अगस्त तक रोक बरकरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने देवघर के डीसी मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। सांसद निशिकांत दुबे को अगस्त, 2022 में प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर आज आंशिक सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से समय की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराई गई जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दी गई है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान और अमित सिन्हा ने पैरवी की।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त, 2022 की शाम को जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है।



# झारखंड के 8700 से अधिक लोग विदेशों में कर रहे हैं काम, 91 की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत के 1 करोड़ 30 लाख लोग विदेशों में काम कर रहे हैं, जिसमें श्रमिक, पेशेवर और विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ शामिल है। ऐसे लोगों को विदेशों में रोजगार के लिए उत्प्रवास जांच अपेक्षित है। जिसका रिकॉर्ड भारत का विदेश मंत्रालय रखता है। वर्तमान समय में विदेशों में झारखंड के 8700 से अधिक लोग काम कर रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री बी0 मुरलीधरण ने लोकसभा में दी। लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि विदेशों में कार्यरत भारतीय लोगों की संख्या कितनी है। इनकी राज्यवार संख्या कितनी है और किसी घटना दुर्घटना की स्थिति में सरकार के द्वारा ही नहीं क्या मदद की जाती है। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसी प्रवासी कामगार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर विदेश मंत्रालय उनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करता है। न्यायालय, बीमा एजेंसी, संबंधित देशों के प्रशासन सहित कई क्षेत्रों में समन्वय का कार्य विदेश मंत्रालय के द्वारा किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि प्रवासी भारतीयों के लिए भारत सरकार एक बीमा योजना चलाती है, जो अनिवार्य बीमा योजना है। इसके तहत 3 वर्षों के लिए सिर्फ 375 की राशि ली जाती है और 10 लाख रुपए तक का बीमा व अन्य लाभ प्रदान किया जाता है।सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ई माइग्रेट पोर्टल पर जो आंकड़े उपलब्ध है, उनके अनुसार अट्ठारह ईसीआर देशों में झारखंड के जो नागरिक काम कर रहे हैं, उनमें से वर्ष 2020 में 831, 2021 में 1481, 2022 में 4322 और जून 2023 तक 2070 लोग विदेशों में काम करने के लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड के कामगारों की विगत 3 वर्षों में विदेशों में मौतें भी हुई है, जिनमें सबसे अधिक मौत सऊदी अरब में हुई है। सऊदी अरब में झारखंड के 38 श्रमिकों की मौत हुई, जबकि ओमान में 21 श्रमिक, मलेशिया में 7 श्रमिक, संयुक्त अरब अमीरात में 9 श्रमिक, कुवैत में 10 श्रमिक और कतर में 6 श्रमिक की मौत हुई। इनके परिवार को विदेश मंत्रालय ने हर संभव सहायता और मदद उपलब्ध कराई है।



# पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सावन मास की तीसरी सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है। सुबह से ही ओम नमः शिवाय , हर हर शंभू के बज रहे गानों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। लोग बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं। रांची से कांके, कोकर, बूटी, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, किशोरगंज, हरमू लालपुर, दीपा टोली सहित अन्य शिवालयों में लोग सुबह से ही भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैनाती की गई थी।



# सरना के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ कतई भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा : राजन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के उड़िकेल चांपी में सोमवार को गुमी सरना पर स्थापित शिवलिंग को लेकर हातू सभा एवं 22 पड़हा संघ कि संयुक्त बैठक ग्राम मुंडा अभिराम मुंडा कि अध्यक्षता पर किया गया. जिसमें बातौर मुख्य अतिथि सागोम सरना समिति कि खूंटी जिला अध्यक्ष दुर्गावती ओड़या उपस्थित होकर सभा को संबोधित करते हुए कही कि बहुत दुखुद एवं निंदनीय घटना हमारे आदिवासी समाज के साथ घटी है. हमारे आदिवासी समाज में गुमी सरना का स्थान बहुत मुख्य है यह कोई बनावटी नहीं है जो विधि-विधान से जुड़ा हुआ है यही सही सच्चाई व हकीकत है गांव के पहान सरना में पुजा करते हैं तो गांव में लोगों को रोग बिमारी से मुक्ति मिलती है प्रशासन एक तरफा फैसला ना करें. सही फैसला करें. विशिष्ठ अतिथि 22 पड़हा अध्यक्ष विलियम तोपनो ने कहा कि पड़हा व्यवस्था को मजबूत करना है इससे हम आदिवासीयों का कल्याण होगा. समाजसेवी राजन मुंडा ने कहा कि इस तरह की हर समस्यों को समझने कि जरूरत है हमारे आदिवासियों की जमीन को किस तरह लुटने का काम किया जा रहा है हमारे वीर शहीदों ने जमीन व समाज कि रक्षा के लिए जो बलिदान दिया है उसे फिर से याद करना होगा और सरना के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ कतई भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा. तोरपा प्रमुख रोहित सूरीन ने कहा कि हर धर्म में अपने धार्मिक स्थल कि आस्था होती है हम आदिवासियों का भी अपने धार्मिक स्थल के प्रति आस्था है जिसे किसी भी हाल नहीं छोड़ेंगे.चांपी गांव में गुमी सरना व शिवलिंग के विवाद पर जरियागढ़ पुलिस प्रशासन द्वारा आदिवासियों के साथ गाली-गलौज करने व पहान के साथ मारपीट करने घटना पर आक्रोष जताया गया. वही उड़िकेल चांपी गांव की वक्ता निलमनी आईन्द ने गुमी सरना पर स्थापित शिवलिंग को लेकर वर्ष 2015 से चल रहे विवाद पर प्रकाश डाला गया. और जरियागढ़ थाना प्रभारी पंकज कुमार द्वारा एक तरफा कार्यवाही करते हुए चांपी गांव में गुमी सरना एवं स्थापित शिवलिंग को लेकर चल रहे विवाद पर आदिवासीयों को गला गलौज करने व चांपी गांव के पहान के साथ मारपीट करने की बात कही गयी. सरना एवं इसाई के बीच षड़यंत्र करके आदिवासी कि पहचान, एकता व एकजुटता को तोड़ने का काम किया जा रहा है सभा को आईन्द पड़हा राजा जुरा आईन्द, हेरेंज पड़हा राजा एतवा मुंडा तोरपा प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन, पड़हा संघ संयोजक सनिका संगा, जोसेफ होरो, निलमनी आईन्द, 22 पड़हा सलाहकार जयमसीह तोपनो, हातू मुंडा अभिराम मुंडा, राजन मुंडा, जोसफिना आईन्द के अलावे वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया. कार्यक्रम के अंत में 26 जुलाई को एसडीएम कोर्ट में जाने व कानूनी लड़ाई कि तैयारी को लेकर विशेष वार्ता किया गया. कार्यक्रम का संचालन कूलन पतरस आईन्द व धन्यवाद ज्ञापन आईन्द पड़हा राजा जुरा पहान ने किया.

# आइपीएस विमल कुमार साहू और अजय कुमार की सफलता पर गौरवान्वित हुआ पंच परगना क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक और दोहरी खुशी का दिन रहा।जहां एक और बुंडू प्रखंड अंतर्गत रेलाड़ीह गांव के विमल कुमार साहू (रूपेश) और बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रुप में सेवा दे रहे अजय कुमार को आईपीएस अधिकारी के रूप में प्रोन्नति के बाद आज झारखंड के कुल 24 नव प्रोन्नत आइपीएस अधिकारीयों के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि नवनियुक्त आइपीएस अधिकारी विमल कुमार साहू मुख्यमंत्री के सुरक्षा सेवा में हैं और पांच परगना क्षेत्र में अपने सरल व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं उनमें न तो अधिकारी होने का रूवाब दिखता है ना ही किसी भी व्यक्ति से मिलने और बात करने में हिचकिचाहट अपनी इस बड़ी सफलता को वे अपने स्वर्गीय पिता हरदिल अजीज पंचानन साहू को श्रद्धांजलि के रूप समर्पित करते हैं और कहते हैं कि काश आज हमारे पिता होते जिन्होंने हमारे लिए ये सपना देखा था जो आज पुरा हुआ। इधर बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रुप में सेवा दे रहे आईपीएस अजय कुमार भी महज कुछ समय में ही बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के बुंडू, तमाड़, सोनाहातु, राहे,दशम फॉल थाना क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं, छोटे-छोटे कार्यक्रम और सामाजिक कार्यों में शामिल होकर हमेशा ये लोगों का दिल जीतते हैं आम लोगों से सीधे बात करना और उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित कार्रवाई करना इनके आदतों में शुमार है।

अपनी आइपीएस अधिकारी के रुप में प्रोन्नति के रूप में ये कहते हैं ये मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण है सपने सच हुए मेरे सभी प्रिय को धन्यवाद जिन्होंने मुझे हमेशा प्यार और प्रेरित किया।आज पुरे पांच परगना क्षेत्र के बुंडू, सिल्ली, सोनाहातु, राहे, ईचागढ़, तमाड़ और अड़की की जनता इन दोनों आईपीएस अधिकारी की सफलता पर गौरवान्वित महसूस कर रही है और इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं और बधाई देती है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर कर्रा थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** थाना परिसर स्थित स्वागत कक्ष में सोमवार को कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया.बैठक में मुख्य रूप से कर्रा अंचलाधिकारी बैद्यनाथ कामती उपस्थित थे.बैठक में कर्रा मस्जिद के सदर मेहंदी हसन ने कहा कि 28 जुलाई की रात मुहर्रम की नवमी के दिन बडाईक टोली स्थित इमाम बाड़ा में मौलवी द्वारा फातिया पढ़ा जाएगा और सिरनी एंव मलिदा चढ़ाया जाएगा.29 जुलाई के दोपहर में इमामबाड़ा में फातिया पढ़ने के बाद जुलूस के शक्ल में लोग अस्त्र-शस्त्र चालन करते हुए कर्रा बस्ती, कर्रा चौक,कर्रा मस्जिद होते हुए कर्बला के पास पहुंचने के बाद समापन हो जाएगी. थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सभी लोग मिलकर मनाएं।सीओ वैद्यनाथ कामती ने कहा कि पर्व को शरारती तत्व बाधा डालने की कोशिश करेगा ऐसे लोगों पर प्रशासन की पैनी निगाह रहेगी.उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाएगा.मौके पर विनोद भगत, विनोद प्रसाद सोनी, एसआई रंजीत यादव,संजीत कुमार, सफीक खान, युसूफ खान, शेख फिरोज, छुनकु सारंगी, परवेज खान, कर्रा मुखिया रश्मि लकड़ा, लोधमा मुखिया मंजुला उरांव, छाता मुखिया सुखराम होरो, विष्णु प्रसाद सोनी, सुदामा भगत के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में हुआ जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सावन के तीसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया. सोमवारी का उपवास रखने वालों में अधिकतर महिलाएं थी. श्रद्धालु नजदीक के शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना किए और भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद चढ़ाया. क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड, करकट्टा, धमधमिया नौ नंबर शिवालय आदि जगहों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु आने लगे. शिवालयों में भक्तिगीत बज रहे थे. इधर देर शाम पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड़ शिवालय, लपरा शिवालय, करकट्टा तथा धमधमिया शिवालय सहित कई शिवालयों में भगवान शिव का फूलमाला से विशेष श्रृंगार किया गया. दुग्ध, घी व जल से अभिषेक के बाद चंदन लेप किया गया. श्रृंगार पूजा में आरती की गई और प्रसाद बांटे गए.

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk,**
**Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/44/23-24**
**Dated 22.07.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road on existing/ Green Field alignment of 4-Lane configuration road from **(1)** DAV Hehal to Pandra Road **(2)** Durga soren chowk to Chandni chowk Road including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 5.00 Km, 12.00 Km, |
| 3 | Work completion time | 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 25.07.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 02.08.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 03.08.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR 303106 (Road)23-24*D

# सावन की तीसरी सोमवारी पर पिपरवार के शिवालयो में उमड़ी भक्तों की भीड़

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में सावन की तीसरी सोमवारी को देवाधिदेव महादेव को जलार्पण करने के लिए श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा।तीसरे सोमवारी को क्षेत्र में भीषण गर्मी के बावजुद श्रद्धालु भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ।बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर,झारखंडी शिव मंदिर पुरनीराय,बेंती शिव मंदिर,राय,कल्याणपुर, चुरी,बचरा बस्ती,राय बस्ती सहित अन्य शिव मंदिरो में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा देखी गई जो पुरी तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से बेलपत्र,धतुरा,फुल,अक्षत, रोली,चंदन के साथ भगवान शिव का जलार्पण एवं श्रृंगार कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पुजा पाठ कर रही थी। इस अवसर पर बचरा स्थित शिव मंदिर के बाहर पुजा सामग्री बेचने वाली दुकानो मे भी काफी संख्या में भीड़ लगी हुई है।वही बचरा शिव मंदिर कमेटी के द्वारा शाम को खीर प्रसाद का भी वितरण किया गया।इधर सावन माह को लेकर स्थानीय पुलिस के द्वारा सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था।



# बहेरा में 31 जुलाई को होगी मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कर्बला मैदान में बहेरा अंजुमन और नौजवान कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन फहीम रजा एवं खुर्शीद आलम ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहेरा में मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से 31 जुलाई को मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने पर सहमति बनी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, उपाध्यक्ष मो. जुलफाम, सचिव वसीम रजा,उपसचिव नौशाद आलम,खुर्शीद आलम,कोषाध्यक्ष मो. गुड्डे और मो. सद्दाम को बनाया गया।इसके अलावा इरफान आलम,मो. असगर,मो. नदीम,मो. आजाद,मो. प्रिंस, मो. सजल,मो. मोहसिन, राजा,समीर,छोटन,मुमताज, इमरोज,अफरोज सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।



# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने किया कार्मिक प्रबंधक का स्वागत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार परियोजना के नए शाखा प्रबंधक शिशिर गर्ग का राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन पिपरवार एरिया कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार यूनियन के लोगों ने बुके देकर उनका परियोजना कार्यालय में स्वागत किया।इस दौरान यूनियन के द्वारा कोयला कामगारों से संबंधित कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया,साथ ही इसके समाधान की मांग की।इधर कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने समस्याओं के समाधान करने का यूनियन को भरोसा दिलाया।ज्ञात हो कि अशोक परियोजना में पदस्थापित कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग का तबादला पिपरवार परियोजना में किया गया है, जबकि पिपरवार परियोजना में पदस्थापित कार्मिक प्रबंधक सोमित सेनापति का तबादला अशोक परिजनों में किया गया है।इस मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी,क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता,लखन साव,कृष्ण मुरारी दुबे,श्याम सुंदर महतो,कमलेश प्रसाद महतो,अर्जुन मिस्त्री, सुशांत नायक,एसएन चौधरी,नरेंद्र कुमार,रामटहल महतो,सुनील दुबे,राणा प्रताप सिंह, जगन्नाथ मिस्त्री,विपिन कुमार,राज कुमार, भोला नाथ सिंह सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।



# मुहर्रम को लेकर पिपरवार थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना परिसर मे सोमवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार और संचालन अवर निरीक्षक रूपैश महतो ने किया।बैठक में मुहर्रम त्योहार को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।मुहर्रम के मौके पर निकलने वाले जुलुश व मेला को लेकर चर्चा की गई,इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम करने का निर्णय लिया गया।पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार ने कहा कि मुहर्रम जुलुश और मेला मे सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया जाएगा।त्योहार के दौरान शरारती तत्वो व मनचलो पर कड़ी कारवाई की जाएगी।आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा,उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होने कहा कि सोसल मिडिया पर भी पुलिस की नजर है।

सोसल मिडिया पर जाति धर्म संबंधी भड़काव पोस्ट करने वालो पर सख्त कारवाई की जाएगी।उन्होने क्षेत्र के लोगो से आफवाह पर ध्यान नही देने और अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

वही बैठक मे मुहर्रम समितियो द्वारा सड़को पर नियमित पानी छिड़काव कराने,ग्रामीण इलाको में भारी वाहनो के प्रवेश पर रोक लगाने,स्ट्रीट लाईट लगाने सहित अन्य कई समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया,जिसके समाधान पर चर्चा की गई।बैठक मे मौजुद सभी लोगो ने आपसी भाईचारगी के साथ मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया।

**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग**
**झील रोड, हजारीबाग पिन- 825301**

**-: आवश्यक-सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक दिनांक 17.08.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के सभा–कक्ष में आहूत की गयी है। उक्त बैठक में सरकार द्वारा निर्धारित मार्गों पर वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा, सवारी परमिट नवीकरण/समय–सारिणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर आदि से संबंधित आवेदन पत्रों पर तथा पूर्व प्राधिकार की बैठक में लंबित विषयों पर विचार किया जाएगा। वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा परमिट, सवारी परमिट नवीकरण/समय–सारिणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर/प्रतिहस्ताक्षर नवीकरण से संबंधित आवेदन ऑनलाईन spermit.jharkhand.gov.in पर ही स्वीकार किए जाएगें। आवेदन समर्पित करने एवं अन्य तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की जाती हैः–

| | |
|---|---|
| **Online** आवेदन करने की अंतिम तिथि | 30.07.2023 |
| समय–सारिणी का प्रकाशन **spermit.jharkhand.gov.in** पर | 31.07.2023 |
| **Online** आपत्ति समर्पित करने की अंतिम तिथि | 04.08.2023 |

1. **Online** आवेदन संबंधित वाहन के अद्यतन कागजातों यथा निबंधन पुस्तिका, अद्यतन कर प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुषण प्रमाण–पत्र (कम से कम दिनांक 30.07.2023 तक मान्य) एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ **Upload** होना चाहिए,
2. पूर्व से किसी मार्ग पर परमिट से आवृत वाहन पर परमिट प्रत्यार्पण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही आवेदन विचारार्थ बैठक में रखा जाएगा तथा स्थायी परमिट से आवृत वाहनों का प्रत्यार्पण के पश्चात् केवल स्थायी परमिट के लिए ही प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाएगा,
3. आवेदन पत्र के साथ एक स्व–घोषणा पत्र देना होगा जिसमें सभी कागजातों की सत्यता, वाहन के स्पेयर के संबंध में स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक होगा,
4. वातानुकूलित डीलक्स बस/डीलक्स बस से संबंधित आवेदन रहने पर इसका प्रमाण पत्र संबंधित मोटरयान निरीक्षक का समर्पित करना आवश्यक होगा,
5. प्रतिहस्ताक्षर हेतु दिए जाने वाले आवेदन–पत्रों के साथ परमिट की प्रति, निबंधन–पुस्तिका, अद्यतन कर–प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण–पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुषण प्रमाण–पत्र एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्व–हस्ताक्षरित प्रति **Upload** किया जाना अनिवार्य होगा,
6. आवेदक द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाईन किया जाएगा,
7. नवीकरण से संबंधित आवेदनों पर बैंक से वित्त प्रदत्त रहने पर संबंधित बैंक से अनापत्ति प्रमाण–पत्र **Upload** करना अनिवार्य होगा,
8. प्रस्तावित समय–सारिणी पर की जाने वाली आपत्ति संबंधित परमिट समय–सारिणी की स्व–हस्ताक्षरित प्रति एवं मान्य शुल्क के साथ **Upload** किए जाने पर ही आपत्तियों को विचार हेतु प्राधिकार की बैठक में सम्मिलित किया जाएगा। आपत्ति आवेदन में स्पष्ट रूप से आपत्ति बिंदु का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा,
9. त्रुटिपुर्ण आवेदनों पर बैठक में विचार नहीं किया जाएगा,
10. परमिट की स्वीकृति के उपरांत परमिट निर्गमण के समय संबंधित वाहन का सभी मूल कागजात सत्यापन हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा
11. वैसे वाहन स्वामी जिनके वाहन का श्रेणी का निर्धारण नहीं हुआ है परमिट की स्वीकृति के पश्चात् वाहन का श्रेणी का निर्धारण के उपरांत नया निबंधन पुस्तिका प्रस्तुत करने पर ही परमिट निर्गत किया जाएगा।
12. आयुक्त सह अध्यक्ष महोदया के अनुमोदनोपरांत अन्य विषयों पर भी बैठक में विचार किया जा सकता है।

उपरोक्त दृष्टिकोण से त्रुटिपूर्ण आवेदन पर प्राधिकार की बैठक में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार।

ह0/–
उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 303103 Transport (23-24)_D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा**
Email - lohardagadaho@gmail.com

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा की गई प्रति और स्थानीय जाति/निवासी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/बैंक खाता पासबुक की स्व–हस्ताक्षरित छाया प्रति/विकलांग प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर **संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक–14.08.2023 के अपराहन् 05:00 बजे** तक जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

| क्र.सं0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान % | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना | 24,800/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 2 | सूकर विकास योजना | 57,800/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 3 | बैकयार्ड लेयर(लो–इनपुट) कुक्कुट पालन | 1,18,200/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना | 67,500/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण योजना | 1,700/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |

**विभागीय राज्यादेश सं0–10रा0 (वि0) दिनांक–14.06.2023 के अनुसार अहर्ता/नियम व शर्तें :–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुसंशा उपरांत उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- विगत 05 वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS के परिमापित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि चयनित लाभुकों को DBT के माध्यम से Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी।
- अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही जिला के पदाधिकारी अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित करेंगे। तत्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी।
- पंचायत स्तरीय समिति /ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/Dedicated Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन /पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदन एवं अनुदान की राशि एकमुश्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- सूकर विकास, बैक्यार्ड लेयर (लो–इनपुट) कुक्कुट पालन और ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना अन्तर्गत पशु/पक्षी शेड का निर्माण मनरेगा के तहत की जाएगी ।
- योजनान्तर्गत पशु /पक्षियों की आपूर्ति अंतिम रूप से चयनित लाभुकों का निर्धारित प्रावधान के तहत किया जाएगा।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR303098 (Lohardaga)23-24*D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, मंगलवार, 25 जुलाई 2023 | पेज 5

# अज्ञात अपराधियों ने हाइवा चालक तिलक महतो की गोली मारकर हत्या की, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आरआईटी थाना अंतर्गत गम्हरिया के काशीडीह स्थित रेलवे टनल के समीप अज्ञात अपराधियों द्वारा हाइवा चालक तिलक महतो (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसे तीन गोलियां लगी है। घटना रेलवे स्टेशन के भीतरी पुल के समीप सोमवार की सुबह करीब छह बजे की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरआईटी पुलिस ने



घटनास्थल से खोखा बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुटी गई है। बताया जाता है कि मृतक तिलक महतो मूलरूप से चौका थाना क्षेत्र के झाबरी गांव का निवासी था। वह करीब एक वर्ष से गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास स्थित नीमडीह बस्ती में रहकर टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट में हाइवा चलाता था। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के एसपी आनंद प्रकाश ने घटनास्थल का दौरा कर मामले की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने बताया कि घटना के कुछ सुराग मिले हैं और अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व से घात लगाए बैठे पल्सर सवार तीन अपराधियों ने मृतक को पांच गोलियां मारी जिसमे एक गोली मृतक के सर के पिछले हिस्से में लगी है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पांच खोखे बरामद किए गए हैं।

# स्कूली बच्चों ने जाना फेक खबरों को पहचानने का तरीका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के स्टीलसिटी डिजिटल मीडिया की टीम ने सोमवार को किड्स इंटरनेशनल स्कूल में छात्र छात्राओं को फेक न्यूज पहचानने और फैक्ट फाइंडिंग करने के तरीको के बारे जानकारी दी गई. यह जानकारी फैक्ट बनाम फेक कार्यशाला में दी गई, जिसमे तनवीर अहसन और अभिषेक भकत ने फेक न्यूज के विभिन्न प्रकारों के बारे में बच्चो को शिक्षित किया और कार्यशाला में फैक्ट फाइंडिंग यानी किसी फेक न्यूज या किसी भी खबर के तथ्यों को खोजने के विभिन्न तकनीको के बारे में जानकारी दी. स्टीलसिटी के तनवीर अहसन से कहा की आज के समय में इंटरनेट एक जरूरत बन चुकी है और पूरे विश्व में सबसे ज्यादा इंटरनेट यूज करने वाले भारत से हैं ऐसे समय में फेक न्यूज़ भी काफी आसानी से वायरल हो रहा है जिससे सामाजिक और




आर्थिक दोनों तरह का नुकसान लोगों को उठाना पड़ रहा है यह जरूरी है कि हमारे युवा और छात्र फेक न्यूज़ और इससे उत्पन्न हो रहे कठिनाइयों से अवगत रहे. स्कूल की प्रिंसिपल रुखसार आयशा ने कहा की स्कूल के छात्रों ने फेक न्यूज़ से बचने और उसे जांचने के तरीकों के बारे में जाना. इस कार्यशाला के सफल आयोजन में स्टीलसिटी टीम के खालिद वालिद, किड्स इंटरनेशनल स्कूल की कॉर्डिनेटर अमरीन, फरजाना, टीचर्स शिल्पी, फेलिन और एस्पायर अकादमी के तारिक सर का योगदान रहा.

# आधार ने दिलाई भारतीयों को डिजिटल पहचान : परोमा चटर्जी

### एक्सएलआरआइ में हुआ री-एनविजन 2023 का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई के पीजीडीएम (जीएम) की ओर से री-एनविजन 2023 का आयोजन किया गया. जिसमें भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक विषय पर मंथन किया गया. सत्र की शुरुआत एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एस जे ने दीप प्रज्वलित कर की. मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में रिवोल्यूट कंपनी में भारत के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर परोमा चटर्जी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक के योगदान पर प्रकाश डाला. उन्होंने देश में मोबेलिटी, आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता और खाता एग्रीगेटर प्रणाली की शुरुआत को डिजिटल लेनदेन में क्रांति करार दिया. कहा कि आधार ने भारतीय को डिजिटल पहचान दी, साथ ही और छोटे पैमाने के व्यापारियों के व्यापार विस्तार पर इसके प्रभाव की जानकारी भी दी. इस दौरान एक पैनल पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। दूसरे सत्र में एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया. जिसमें ओपन इनोवेशन के प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म बार्कलेज राइज इंडिया की लिन्सी थेराटिल ने वित्तीय समावेशन के महत्व और भारतीयों के स्थानीय समाधान के लिए तैयार किए गए बाजार के प्रभाव पर प्रकाश डाला. ट्रांसबैंक के संस्थापक एवं सीईओ वैभव तांबे ने इंडिया स्टैक को एक मजबूत बुनियादी ढांचे के रूप में



रेखांकित किया और नए फिनटेक उत्पादों के महत्व पर बल दिया. वहीं, मर्चेंट लेंडिंग भारतपे के चीफ बिजनेस ऑफिसर ध्रुव धनराज बहल ने देश में विकसित हो रहे वित्त मॉडल और डेटा का उपयोग करके व्यक्तिगत कस्टमर प्रोफाइलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला. इस दौरान टाटा डिजिटल के चीफ स्ट्रेटेजी एंड बिजनेस ऑफिसर सह संस्थापक सह गौरव हजरती ने भारत के समक्ष आने वाली चुनौतियां, उनके समाधान व भारत के लोगों के जीवन को प्रभावित करने में टाटा की भूमिका पर प्रकाश डाला. वॉलमार्ट ग्लोबल टेक इंडिया के प्रोडक्ट मैनेजमेंट के डायरेक्टर अभिषेक राजन ने भारतीय बाजारों के संबंध में चर्चा करते हुए अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए वित्तीय उत्पाद बनाने व भारत के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की ।

# जापानी मिडफील्डर री ताचिकावा को मेन ऑफ स्टील ने टीम के साथ जोड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अपनी मिडफील्ड की ताकत को और मजबूत करते हुए मेन ऑफ स्टील ने आगामी सीजन के लिए जापानी सनसनी री ताचिकावा को टीम के साथ जोड़ा है. 25 वर्षीय मिडफील्डर माल्टन की ओर से सायरन एफसी में शामिल होंगे, जहां उन्होंने पिछले सीजन में 23 मैच खेले और दो गोल किए. जापानी खिलाड़ी के पास 2019-2022 तक सांता लूसिया में पिछले दो साल तक माल्टीज प्रीमियर लीग में खेलने का अनुभव है. जापान में जन्मे री ने 2018 में स्थानीय क्लब ओसाका यूनी एच एंड एसएस को छोड़कर पुर्तगाली टीम पेराफिटा में शामिल होने के



बाद यूरोप में अपना नाम कमाया. 2019 में सांता लूसिया चले जाने से पहले माल्टा देश के साथ भी वह खेले. इसके बाद वह जल्द ही फेलगुइरास में शामिल हो गए. मेन ऑफ स्टील में शामिल होने पर री ताचिकावा ने कहा, मैं जमशेदपुर एफसी में आने के लिए बहुत उत्साहित हू. क्लब ने ट्रॉफियां जीतकर और प्रशंसकों का मनोरंजन करके राष्ट्रीय मंच पर अपनी योग्यता साबित की है, और मैं आखिरकार यहां आकर बहुत खुश हूं. भारत और झारखंड की संस्कृति अनूठी और विशेष है और यहां फुटबॉल खेलना एक चुनौती है जिसका मैं खुले दिल से स्वागत करता हूं. मुझे यकीन है कि मैं इस सीजन में टीम को और भी अधिक जीत दिलाने में मदद कर करूंगा. जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने कहा, री ताचिकावा एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे लोग देखेंगे और नोटिस करेंगे. वह एक तकनीकी और तेज गति वाला खिलाड़ी है जो आगे बढ़ सकता है और दोनों पैरों के साथ-साथ अपने सिर से भी गोल कर सकता है.

### आईएसडब्ल्यूपी ने जमशेदपुर में विस्तार योजना की घोषणा की

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की सहायक कंपनी इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स (आईएसडब्ल्यूपी) जमशेदपुर में अपनी क्षमता के विस्तार की योजना बना रही है। प्रस्तावित परियोजना में वायर रॉड मिल में अपनी मौजूदा रिबर्स और वायर रॉड्स क्षमता का विस्तार और वायर मिल में एचसी और एमएस जीआई वायर्स और वायर उत्पादों को मजबूत करना शामिल है। इस विस्तार का प्राथमिक फोकस डिबॉटलनेकिंग और प्रक्रिया अनुकूलन के माध्यम से रिबर्स और वायर रॉड्स की क्षमता को 2,67,000 टीपीए (टन प्रति वर्ष) से बढ़कर 4,75,200 टीपीए करना है। इसके साथ ही, आईएसडब्ल्यूपी का लक्ष्य झारखंड के जमशेदपुर में स्थित मौजूदा परिसर के भीतर अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से एचसी और एमएस जीआई तारों की क्षमता को 62,050 टीपीए से बढ़कर 2,37,600 टीपीए करना है।

## जगन्नाथपुर जन्माष्टमी पूजा उत्सव कमिटी का गठन

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला प्रखण्ड के मुरुप पंचायत अन्तर्गत जगन्नाथपुर गाँव के रांगाटांड मैदान स्थित भगवान श्रीकृष्ण मन्दिर प्रांगण में जन्माष्टमी पूजा सह उत्सव की तैयारी को लेकर महालिमोरूप क्षेत्रीय गौड़ समाज के अध्यक्ष



नीलसेन प्रधान की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में जन्माष्टमि पूजा सह उत्सव संचालन समिति का चुनाव सर्वसहमति से किया गया। जिसमें नीलसेन प्रधान अध्यक्ष, हेमसगर प्रधान उपाध्यक्ष,नागेश्वर प्रधान सचिव, जगन्नाथ प्रधान, पंचम प्रधान, बासुदेव प्रधान सहसचिव, राजेंद्र प्रधान कोषाध्यक्ष, मुकेश प्रधान उप कोषाध्यक्ष चुना गया। कृष्णा कुमार प्रधान, शंभुनाथ प्रधान मुख्य सलाहकार चुने गए।युवाओं को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया। कमेटी का विस्तार अगली बैठक में किया जाएगा।

## मंगल कालिंदी ने किया सोना सोबरन, धोती साड़ी, लुंगी योजना वितरण कार्य का शुभारंभ

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड आपूर्ति कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गरीब परिवारों के लिए बनाई गई राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सोना सोबरन, धोती, साड़ी, लुंगी योजना



वितरण कार्य का शुभारंभ विधायक मंगल कालिंदी ने अपने हाथों में सबरों के बीच वितरण करते हुए किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सोच को पूरा करने का काम उनके पुत्र और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु का सपना है कि राज्य में निवास करने वाले गरीब किसान मजदूरों को कम दाम में वस्त्र मिले। इसलिए मुख्यमंत्री ने योजना बनाकर गरीब लोगों को आपूर्ति विभाग के माध्यम से 10 रुपये में धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण करवा रहे हैं। इस दौरान जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, एमओ बिजेंद्र कुमार, सीडीपीओ नीतू कुमारी, चंद्रशेखर टुडू, बीसीओ संतोष कुमार, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, समीर महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पोटका विधान सभा प्रभारी बने उपेंद्र सिंह सरदार

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव से पूर्व सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र नाथ सरदार को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का पोटका विधान सभा प्रभारी नियुक्त किया गया है ।इधर उपेंद्र सिंह सरदार को बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद पोटका में बधाईयो का ताता लग गया है। इस बाबत भाजपा नेता होपना महाली ने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने से लोक सभा चुनाव में पोटका से भारी



संख्या में पार्टी उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित हो पाएगी वही जनाधार में भी काफी बढ़ोतरी होगी।जिसका असर विधानसभा चुनाव में जबरदस्त पड़ेगा।

## आप ने जीएम से की बांगुड़दा हरिजन टोला में विद्युतापूर्ति की मांग

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने सोमवार को जमशेदपुर (बिष्टुपुर) स्थित विद्युत विभाग के महाप्रबंधक कार्यालय में उनके नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा हरिजन टोला में विद्युतापूर्ति शुरू कराने की मांग की। बताया गया की वहां करीब 20 से 25 परिवार हैं जहां कनेक्शन के लिए तार व पोल की जरूरत है। इस दौरान मुख्य रूप जिला महासचिव कन्नन गणेशन, पटमदा प्रखंड अध्यक्ष मनसाराम पावरी, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस आदि शामिल थे।

# आदिवासी महिलाओं के साथ कुकृत्य पर बाबूलाल मरांडी अभी तक मौन : भरत सिंह

### मणिपुर में महिला अत्याचार को लेकर झामुमो ने सीएम व पीएम का जलाया पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** मणिपुर हिंसा मामले को लेकर झामुमो प्रखंड कमेटी कुचाई की ओर से सोमवार को कुचाई के सप्ताहिक बाजार के समीप मणिपुर के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। सोमवार को झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय से नारेबाजी करते हुए पदयात्रा कर कुचाई के सप्ताहिक बाजार परिसर पहुंचे।और पुतला दहन कर कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा ने कहा कि मणिपुर की



घटना को लेकर जितनी भी निंदा की जाए कम होगी। भाजपा शासित राज्य मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ कुकृत्य असहनीय है एवं झारखंड प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अभी तक मौन है। वही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र मुंडा ने कहा कि जिस तरह भाजपा शासित राज्य में इस तरह के आदिवासी महिलाओं के साथ घिनौना हरकत करना काफी दुर्भाग्य की बात है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा,बीस सूत्री अध्यक्ष राम सोय,रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा,मुन्ना सोय, रावण सुम्बरूई,राहुल सोय,धनश्याम सोय,पार्वती गागराई,लालमुनी मुंडा, बनवारी लाल सोय,चांदमुनी मुंडा, पालो हाईबुरू,सोनामनी मुंडा पुष्पा बोदरा,कारू मुंडा,कृष्णा मुंडा, लखीराम मुंडा,अनिल मुंडा,गणेश भूमिज, रामचंद्र मुंडा आदि उपस्थित थे।

# वकीलों ने काला बिल्ला लगाकर मणिपुर घटना का विरोध किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मणिपुर में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरोध में जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन ने महिला अधिवक्ताओं के आग्रह पर सोमवार को काला बिल्ला लगाकर दैनिक कार्य संपादित किया। अधिवक्ता विनीता कालिंदी, अधिवक्ता सोमा दास, अधिवक्ता विनीता सिंह, अधिवक्ता रेखा अधिवक्ता उमारानी, अधिवक्ता अनुराधा, अधिवक्ता बबीता जैन, अधिवक्ता पूनम, अधिवक्ता ज्योति आदि महिला अधिवक्ताओं ने सभी अधिवक्ताओं को काला फीता लगाया और महिला संबंधी मुद्दों पर दृढ़ता से साथ देने का आह्वान किया। एडहॉक कमेटी के अधिवक्ता टीएन ओझा के अनुसार भारत देश की सभ्यता संस्कृति में महिला को देवी के रूप में पूजा जाता है। उस देश में नारी की मर्यादा और



चीरहरण की घटना वास्तव में बहुत ही दुखदाई और निंदा जनक है। उन्होंने इस आशय की उद्घोषणा बार भवन में सार्वजनिक रूप से की। महिला अधिवक्ताओं के अनुसार मणिपुर, राजस्थान, बिहार, बंगाल हो या देश का कोई भी हिस्सा, इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा की घटनाओं की रिपोर्ट सभ्य समाज को चिंतित और विचलित कर रही है।

यदि प्रशासन और राज्य सरकारें अक्षम है तो ऐसे मामलों में महामहिम राष्ट्रपति को महिला होने के नाते खुद हस्तक्षेप करना चाहिए। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार दिल्ली का निर्भया कांड में भी अधिवक्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजा था और इस बार अधिवक्ता बहनों द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। अनुसार अधिवक्ता भवेश के अनुसार मणिपुर की घटना के विरोध में काला बिल्ला लगाया है यदि कोई राजस्थान पश्चिम बंगाल घटना के विरोध में लगाना चाहता है लगाए, लेकिन महिला के सम्मान मर्यादा अधिकार के लिए सभी को खड़े होना चाहिए।

# मुहर्रम को लेकर सरायकेला थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला थाना प्रांगण में सोमवार को अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी 29 एवं 30 जुलाई को अखाड़ा जुलूस के साथ मनाया जाने वाले मोहर्रम का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्वक मनाने को लेकर थाना थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सुधा वर्मा, पुलिस अंचल निरीक्षक राम अनूप महतो, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, मुहर्रम अखाड़ा जुलूस के आयोजक, जिला पंचायत के मुखिया एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि सराइकेला नगर में राजबांध इमामबाड़ा एवं बाजार स्थित इमामबाड़ा से 30 जुलाई को अपराह्न 3:00 बजे अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा जो रात्रि 10:00 बजे समाप्त होगा। इस दौरान नगर में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बैठक में बताया गया कि सरायकेला थाना अंतर्गत नारायणपुर एवं टेंटोपोसी में 29 जुलाई को अपराह्न 2:00 बजे इमामबाड़ा से अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा। अंचलाधिकारी ने आयोजक समिति से कहा के जुलूस में डीजे एवं ऊंची आवाज पर लाउडस्पीकर बजाने तथा इस प्रकार की नारेबाजी न करें जिससे किसी अन्य धर्म की भावना में ठेस पहुंचे।

## जुस्को द्वारा मंदिर में अतिक्रमण निर्मित अवरोध हटाने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर द्वारा एसीसी फ्लैट्स कदमा सती घाट मरीन ड्राइव से सटे पूर्ववर्ती गेट नंबर दो को पुनः खोलने एवं




निकटवर्ती शनि मंदिर से जुस्को द्वारा मंदिर में अतिक्रमण निर्मित अवरोध हटाने के संदर्भ में जिले के उपायुक्त को बस्तीवासियों के साथ ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सोनकर, बब्लू झा,अमित दुबे, राइस रिज़वी छब्बन, राजा सिंह, अजितेश उज्जैन, शशि प्रसाद, पूनम देवी, इंदु देवी, उषा देवी, पार्वती देवी, कुंती देवी, नंदा देवी, प्रियंका देवी, सुनैना देवी, मीना देवी, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, एवं सैकड़ों की संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।

## जुगसलाई में श्रीमद्भागवत कथा का हवन व भण्डारे के साथ मंगलमय पूर्ण विश्राम

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मदिर में गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर के सान्निध्य में मालीराम घनश्याम दास गढ़वाल परिवार (थोई निवासी राजस्थान) द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा



अनुष्ठान का सोमवार को मंगलमय पूर्ण विश्राम हुआ। विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना के साथ श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। उपस्थित भक्तों द्वारा भागवत कथा के विश्राम पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। हवन एवं पुर्णाहुति के बाद लगभग 600 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सप्तम दिवस एवं अंतिम दिन सोमवार को कथा के मुख्य प्रसंग प्रद्युम्न जन्म, संबरासुर उद्धार, भगवान के अन्यान्य विवाहों, भक्त सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय जी के 24 गुरु एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया।

## गणेश मेडिकल रघुनाथपुर ने किया फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**नीमडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर ब्लॉक रोड में स्थित गणेश मेडिकल के संचालक डॉ चंद्रमोहन गोराई द्वारा अपने जन्मदिन को स्वैच्छिक रक्तदान, निश्शुल्क स्वास्थ्य



जांच व दवा वितरण शिविर आयोजित कर मनाया। स्वास्थ्य जांच शिविर में न्यूरो सर्जन डॉ बॉब दरिपा द्वारा न्यूरो संबंधित रोगी व डॉ चंद्रमोहन गोराई द्वारा विभिन्न बीमारी का जांच किया गया। शिविर में कुल 142 रोगियों का जांच किया गया। मौके पर शिविर में इप्का दवा कंपनी, डॉ बंक बिहारी महतो, निखिल रंजन सिंह, गणेश मंडल, शिवनाथ गोराई, तरूण महतो, धनंजय मंडल, अक्षय प्रमाणिक, बिरेन महतो आदि ने सहयोग किया।

## संपादकीय

# मणिपुर की घटना से देश शर्मसार


दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमाने और अमानवीय व्यवहार करने का जो वीडिया मणिपुर से आया है, उससे समूचा देश आक्रोशित और शर्मसार है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुःखी मन से इस घटना पर खेद व्यक्त किया है। उन्होंने जो कहा, वही भाव जन सामान्य के भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि "मेरा हृदय आज पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले कितने हैं और कौन हैं ये अपनी जगह है। ये बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार होना पड़ा है। सभी मुख्यमंत्रियों से कहता हूं कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करें। माताओं-बहनों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाएं"। प्रधानमंत्री मोदी की ओर उम्मीदों से देख रहे नागरिकों को उन्होंने आश्वासन दिलाया है कि देश में हिंदुस्तान के किसी भी कोने या किसी भी राज्य सरकार में राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून-व्यवस्था और बहनों का सम्मान प्राथमिकता है। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। निःसंदेह, यह अपराध माफी के लायक नहीं है। मणिपुर की परिस्थितियों की जानकारी रखनेवाले लोग बता रहे हैं कि कुकी समाज के लोगों ने इसी प्रकार के घिनौने अपराध वहाँ के बहुसंख्यक समुदाय मैतई की महिलाओं के साथ भी किए हैं। उनके घरों में घुसकर महिलाओं के साथ व्यभिचार किया और उनके घर जला दिए। परंतु, कहना होगा कि महिलाएं चाहे मैतई समुदाय की हों या कुकी समाज की, उनके सम्मान के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ कतई स्वीकार नहीं है। इस तरह की घटनाएं सामान्य अपराध नहीं हैं, इससे समूची मानवता का सिर झुक जाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विधर्मियों का प्रभाव बढ़ने के बाद से मणिपुर जैसे राज्यों में महिलाओं को वस्तु और ढाल की तरह इस्तेमाल किए जाने के अनेक मामले सामने आते रहे हैं। हमें भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय सेना के जवानों को रोकने के लिए प्रदर्शनकारी महिलाओं को नग्न होने के लिए उकसाते रहे हैं। अफस्पा कानून को हटाने के लिए कितने ही ऐसे प्रदर्शन हुए, जिनमें प्रदर्शनकारियों ने ही महिलाओं का अपमान किया गया। मणिपुर की इस घटना की जितनी निंदा की जाए, कम है। अभी एक अपराधी पकड़ा गया है। जल्द ही वे सभी अपराधी पकड़े जाने चाहिए, जो भीड़ का हिस्सा हैं। केन्द्र सरकार को इस मामले को अपने हाथ में लेना चाहिए और एक निष्पक्ष जाँच समिति बनाकर घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल करानी चाहिए। यह जाँच इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि घटना लगभग 70-75 दिन पुरानी है लेकिन उसका वीडियो मानसून सत्र से ठीक एक शाम पहले वायरल होता है। सरकार पर हमलावर रहनेवाला समूचा वर्ग एक साथ, एक ही समय में इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को घेरने सोशल मीडिया के रणक्षेत्र में उतर आया। मणिपुर की वर्तमान परिस्थितियों एवं पुराने इतिहास के आधार पर भी इस घटना की निष्पक्ष जाँच आवश्यक है बहरहाल, पिछले कुछ समय से यह ध्यान में आ रहा है कि संसदीय सत्र से ठीक पहले कोई न कोई ऐसा मामला उछाला जाता है, जिससे संसदीय कार्यवाही को चलने ही न दिया जाए। हंगामा खड़ा करके सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाए। इस मामले में भी यही हुआ। सरकार मणिपुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर चर्चा के लिए तैयार थी, इसके बाद भी विपक्ष ने हंगामा करके संसद ठप करा दी। अच्छा होता कि विपक्ष संसद में नियमानुसार इस मुद्दे पर संसद में अपनी बात रखती और सरकार से सवाल पूछती। ऐसा होता तो सरकार भी अपना रुख देश के सामने रखती।

माताओं-बहनों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाएं"। प्रधानमंत्री मोदी की ओर उम्मीदों से देख रहे नागरिकों को उन्होंने आश्वासन दिलाया है कि देश में हिंदुस्तान के किसी भी कोने या किसी भी राज्य सरकार में राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून-व्यवस्था और बहनों का सम्मान प्राथमिकता है। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। नि :संदेह, यह अपराध माफी के लायक नहीं है। मणिपुर की परिस्थितियों की जानकारी रखनेवाले लोग बता रहे हैं कि कुकी समाज के लोगों ने इसी प्रकार के घिनौने अपराध वहाँ के बहुसंख्यक समुदाय मैतई की महिलाओं के साथ भी किए हैं। उनके घरों में घुसकर महिलाओं के साथ व्यभिचार किया और उनके घर जला दिए। परंतु, कहना होगा कि महिलाएं चाहे मैतई समुदाय की हों या कुकी समाज की, उनके सम्मान के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ कतई स्वीकार नहीं है। इस तरह की घटनाएं सामान्य अपराध नहीं हैं, इससे समूची मानवता का सिर झुक जाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विधर्मियों का प्रभाव बढ़ने के बाद से मणिपुर जैसे राज्यों में महिलाओं को वस्तु और ढाल की तरह इस्तेमाल किए जाने के अनेक मामले सामने आते रहे हैं। हमें भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय सेना के जवानों को रोकने के लिए प्रदर्शनकारी महिलाओं को नग्न होने के लिए उकसाते रहे हैं।

## बोधि वृक्ष

# ऐसे ही लोग जीवन में बढ़ते हैं आगे और मिलता है अद्भुत ज्ञान

जेतवन में गौतम बुद्ध लोगों से बातचीत कर रहे थे। हल्की-फुल्की ज्ञानवर्धक बातें हो रही थीं, हंसी-मजाक का माहौल था। तभी एक किसान अपने छोटे से पुत्र को पीटते हुए उनके सामने लाया। किसान की शिकायत थी कि उसका पुत्र सवाल बहुत पूछता है। अक्सर वह ऐसे सवालों तक पहुंच जाता है, जहां न उसका दिमाग काम करता है, और न गांव में किसी और का। वहां बैठे बाकी लोग भी उस किसान की हां में हां मिलाने लगे। एक स्त्री बोली, 'भगवन, यह तो कुएं से पानी भरते-भरते इतने सवाल पूछ लेता है कि मन झल्ला उठता है।' गांव वालों ने गौतम बुद्ध से उस बालक को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। यह सुनकर गौतम बुद्ध गंभीर हो गए। उन्होंने पूछा, 'क्या इस गांव में कोई और भी सवाल पूछता है?' गांव वाले बोले, 'नहीं भगवन। सब कुछ तो पहले से ही लिखा हुआ है। जब सबकी नियति तय है तो हम सवाल क्यों पूछें? क्या सवाल पूछने से किसी की नियति आज तक बदली है?' यह सुनकर बुद्ध मुस्कुराए। उन्होंने पूछा, क्या नियति स्वयं बदल सकती है? सबने कहा- नहीं। बुद्ध ने कहा, लेकिन नियति तो बदलती रहती है। आज धूप है, कल बारिश होगी। बारिश के मौसम में



सूखा पड़ेगा और अगली बारिश में हो सकता है बाढ़ आ जाए। अगर नियति से निपटने की तैयारी रखनी है तो मन में उससे निपटने वाले सवाल भी होने चाहिए। ज्ञान यूं ही नहीं मिलता है। जब मन में जिज्ञासा होती है, तभी उसका समाधान भी होता है। यदि जिज्ञासा ही नहीं रहेगी, सवाल ही नहीं होंगे तो ज्ञान कहां से आएगा? गांव वाले तो महात्मा बुद्ध की बात समझ गए, लेकिन आज भी लाखों-करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनके मन में कोई सवाल नहीं है। वे रोज सुबह उठते हैं। नहा-धोकर नाश्ता करते हैं, काम पर जाते हैं, और काम से लौटकर सीधे घर आते हैं। उनका जीवन एकरेखीय हो चला है, ठहर चुका है। वे जहां हैं, वहां से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। प्रसिद्ध पंजाबी कवि अवतार सिंह संधू पाश ने लिखा है, 'घर से निकलना काम पर, और काम से घर लौट आना, सबसे खतरनाक है हमारे सपनों का मर जाना।' जिनकी आंखों में सपने बसते हैं, उनकी जुबान पर सवाल होते हैं। सवाल, जो उनके सपनों से जुड़े होते हैं। सवाल, जिनके जवाबों से उनके सपने पूरे होने हैं। अपने सपनों को पूरा करने की चाहत रखने वाले उतनी ही शिद्दत से अपने पास सवाल भी रखते हैं। सवाल सपनों को पूरा करने वाली सीढ़ी होते हैं। जैसे-जैसे जवाब मिलता जाता है, हम सीढ़ी चढ़ते जाते हैं, और एक दिन हमारे सपने पूरे हो जाते हैं। याद करें नचिकेता की कहानी, जिसके सवालों से यम तक परेशान हो चले थे। लेकिन अंत में नचिकेता ज्ञान लेकर ही माने। ज्ञान उनका सपना था, जो उनके सवालों ने पूरा किया। अध्यात्म जवाबों से ज्यादा सवालों वाली राह है। मैं कौन हूं, क्यों हूं, अनुभव क्या है, भटकाव क्या है, ठहराव क्या है? ये सब अध्यात्म के आधारभूत सवाल हैं, जिनका जवाब जाने बगैर अध्यात्म की राह पर आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। इनके जवाब की राह भी आसान नहीं है, इसलिए बहुत सारे लोग इसे तपस्या भी कहते हैं। यह तपस्या तभी पूरी होगी, जब सवाल होंगे।

## बीजेपी आलाकमान को विश्वास है कि 2024 में भी केन्द्र की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर ही निकलेगा

# उत्तर प्रदेश में बसपा ने बिगाड़ दिया है मोदी विरोधियों का 'खेला'

स्वदेश कुमार

> मोदी-योगी की जोड़ी यदि एक बार फिर यूपी वालों का दिल जीतने में सफल रहती है तो यह गैर बीजेपी दलों के लिए किसी आघात से कम नहीं होगा। इसी बात को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आलाकमान चिंता में डूबा है, लेकिन उसे कोई राह नहीं सूझ रही है, क्योंकि बसपा सुप्रीमो कांग्रेस-सपा के साथ हाथ मिलाने को तैयार ही नहीं हो रही है। इसी के चलते आज भले ही राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और कुछ दल बीजेपी को हराने के लिए पटना से लेकर बंगलुरू-मुम्बई तक की दौड़ लगा रहे हों, लेकिन यूपी में यह गठबंधन निष्क्रिय नजर आ रहा है। गौरतलब है कि यूपी में इसी तरह के कई प्रयोग पिछले दस वर्षों में औंधे मुंह गिर चुके हैं।

उत्तर प्रदेश में पहले से ही मजबूत दिख रही भारतीय जनता पार्टी, लोकसभा चुनाव में जीत की गारंटी तय करने के लिए 80 लोकसभा सीटों वाले यूपी में लगातार अपना राजनैतिक कुनबा बढ़ाती जा रही है। पूर्व में दो बार (2014 और 2019 में) यदि केन्द्र में मोदी की सरकार बनी इसकी नींव यूपी में ही पड़ी थी। बीजेपी आलाकमान को विश्वास है कि 2024 में भी केन्द्र की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर ही निकलेगा। मोदी-योगी की जोड़ी यदि एक बार फिर यूपी वालों का दिल जीतने में सफल रहती है तो यह गैर बीजेपी दलों के लिए किसी आघात से कम नहीं होगा। इसी बात को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आलाकमान चिंता में डूबा है, लेकिन उसे कोई राह नहीं सूझ रही है, क्योंकि बसपा सुप्रीमो कांग्रेस-सपा के साथ हाथ मिलाने को तैयार ही नहीं हो रही है। इसी के चलते आज भले ही राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और कुछ दल बीजेपी को हराने के लिए पटना से लेकर बंगलुरू-मुम्बई तक की दौड़ लगा रहे हों, लेकिन यूपी में यह गठबंधन निष्क्रिय नजर आ रहा है। गौरतलब है कि यूपी में इसी तरह के कई प्रयोग पिछले दस वर्षों में औंधे मुंह गिर चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी की सत्ता में रहते हुए भी अखिलेश यादव, बीजेपी का मुकाबला नहीं कर पाए थे और उसके बाद 2017 में सत्ता गंवाने के बाद तो वह लगातार कमजोर होते जा रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में जब बीजेपी में मोदी युग की शुरुआत हुई थी उस समय समाजवादी पार्टी यूपी में सत्तारुढ़ थी, लेकिन उसे लोकसभा चुनाव में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद सपा ने गठबंधन के प्रयोग शुरू कर दिए। 2017 में सपा कांग्रेस के साथ मिलकर विधान सभा चुनाव लड़ी, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने एक साथ कई सभाएं कीं, बीजेपी के साथ पोस्टर वार में कांग्रेस-सपा गठबंधन ने राहुल-अखिलेश की फोटो वाला पोस्टर जारी करके नारा दिया, 'यूपी को यह साथ पसंद है।' लेकिन इस गठबंधन को सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह से 2019 में बसपा-सपा यानी बुआ-भतीजे की जोड़ी ने



अप्रत्याशित रूप से हाथ मिला लिया, जबकि नेताजी इसके पक्ष में नहीं थे, बीजेपी और मोदी के सामने यह गठबंधन भी चारों खाने चित हो गया। अबकी से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में जो संभावित गठबंधन नजर आ रहा है उसमें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक बार फिर साथ-साथ कदमताल करते नजर आ रहे हैं, जबकि बसपा अलग-थलग है। वह अपने दम पर चुनाव मैदान में कूदने के लिए ताल ठोंक रही है। बीजेपी को कौन कितनी चुनौती दे पाएगा, इसको लेकर संभावित सियासी तस्वीर खींची जा रही है। बहरहाल, बात सपा प्रमुख अखिलेश यादव की कि जाए जो, यूपी में अपने आप को बीजेपी का विकल्प समझते हैं, इस बार भी वह बीजेपी गठबंधन से अकेले मुकाबला करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं, किसी भी चुनाव से पहले भले ही अखिलेश बड़े-बड़े दावे करते हों, लेकिन चुनाव की घड़ी आती है तो वह गठबंधन का सहारा ढूंढ़ने लगते हैं। 2017 से 2022 तक अखिलेश कोई भी चुनाव अकेले नहीं लड़े हैं। सपा की यही 'तस्वीर' अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भी बनती नजर आ रही है। यह और बात है कि नये गठबंधन से पूर्व उनके पुराने संगी साथी लगातार उनको छोड़कर जा रहे हैं। फिलहाल समाजवादी पार्टी के साथ सिर्फ राष्ट्रीय लोकदल खड़ा नजर आ रहा है, जो ज्यादा विश्वसनीय नजर नहीं आ रहा है। वैसे भी समय के साथ रालोद प्रमुख पाला बदलने में माहिर हैं। यहां यह बता देना भी जरूरी है कि तीन दशक से अधिक पुरानी समाजवादी पार्टी का किसी भी दल से गठबंधन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका है। सपा ने सबसे पहले 1993 में बसपा के साथ गठबंधन किया था। तब तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह और बसपा सुप्रीमों कांशीराम एक साथ आए थे। उस समय भी ये दोनों दल बीजेपी को सत्ता में आने से रोकने के लिए एक साथ हुए थे। यह वह दौर था जब राम मंदिर की सियासत और बीजेपी की उड़ान चरम पर थी। फिर भी दोनों ही दलों ने साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन आपसी खटपट के कारण दो जून 1995 को बसपा ने गठबंधन से किनारा कर लिया, जिसका अंत लखनऊ में स्टेट गेस्ट हाउस कांड के रूप में सामने आया था। इसके बाद 2002 में बीजेपी और बसपा का गठबंधन हुआ, जिसे बहुमत मिला और समझौते के तहत छह-छह महीने का फार्मूला समाने आया, यानी छह माह मायावती को और छह माह बीजेपी के नेता को सीएम बने रहना था, लेकिन जब मायावती का सीएम के तौर पर छह माह का कार्यकाल पूरा हो गया तो उन्होंने इस्तीफा देने से मना कर दिया और यह गठबंधन टूट गया, तब अगस्त 2003 में मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री बने और बहुमत का दावा पेश किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, इसके बाद बहुमत पेश करने का वक्त आया तो सपा की संख्या कम पड़ी। लेकिन बीजेपी ने उन्हें समर्थन दिया। हालांकि ये गठबंधन भी लंबे वक्त तक नहीं चला था। 2014 में जब मोदी लहर चली तो लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने राज्य में बड़ी जीत दर्ज की। इसके बाद विधानसभा चुनाव के वक्त अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा ने चुनाव लड़ा। इस चुनाव में सपा ने कांग्रेस से गठबंधन किया। हालांकि इस गठबंधन में सपा की अब तक की सबसे बड़ी हार हुई। सपा ने 2012 में 224 सीटें जीती थीं लेकिन इस बार केवल 47 सीटें मिली थीं। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस ने 2012 में 28 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2017 में पार्टी को यूपी में केवल सात सीटों पर जीत मिली। जिसके बाद ये गठबंधन भी टूट गया। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सपा-बसपा दूसरी बार एक साथ आए। दोनों ही दलों ने मिलकर फिर से बीजेपी के खिलाफ लोकसभा चुनाव में मोर्चा बनाया। हालांकि इस चुनाव में भी सपा और बसपा गठबंधन को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। बसपा को 10 और सपा को पांच सीटों पर जीत मिली थी। कुछ ही दिनों के बाद ये गठबंधन भी टूट गया। इसके बाद 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में सपा ने छोटे दलों को साथ लेकर नया गठबंधन बनाया। प्रसपा, सुभासपा, रालोद और महान दल का सपा के साथ विधानसभा चुनाव से ठीक पहले गठबंधन हुआ। इस गठबंधन का कुछ फायदा सपा को मिला लेकिन फिर भी चुनाव में पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। सपा गठबंधन को केवल 125 सीटों पर जीत मिली, जिसमें सपा केवल 111 सीटें जीत सकी थी। बीजेपी गठबंधन ने 273 सीटों पर जीत दर्ज की। चुनाव में हार के बाद सपा गठबंधन में खटपट बढ़ी और फिर कई दल इस गठबंधन से अलग हो गए। बात 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए हुए नये गठबंधन की कि जाए तो समाजवादी पार्टी अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव कांग्रेस और रालोद के साथ मिलकर लड़ेगी, लेकिन खास बात यह है कि सपा विपक्षी गठबंधन की कमान कांग्रेस को देने को तैयार नहीं है, वह अपने पास गठबंधन की चाबी रखना चाहती है।

## रांची आस-पास

# मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

### असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी : विजय कुमार सोनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** ओरमांझी थाना में सोमवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा,थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, बीडीओ विजय कुमार सोनी, प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिज़वान अंसारी,पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, पूर्व उप प्रमुख जयगोविंद साहु उर्फ लालू साहु, जेएमएम के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल कुदुस अंसारी उपस्थित हुए।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिलजुलकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मोहर्रम पर्व मनाए। जुलूस पारंपरिक हत्यारों के साथ ही निकालें। प्रतिबंधित हथियार और असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल प्रशासन को देंगे।वहीं थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने कहा कि हर प्रकार के समाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।



जुलूस पूर्व से निर्धारित रास्तों से ही चलेंगे। और जुलूस में किसी प्रकार की आपत्तिजनक गाना नहीं बजाएंगे। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष और लाइसेंसधारी इस बात का खास ख्याल रखेंगे, की कोई अप्रिय घटना न घटे। पुलिस प्रशासन आपके साथ है।बैठक में मुख्य रूप से रहीम अंसारी, मुमताज आलम, आफताब आलम उर्फ बबलू, रफीक अंसारी, आफताब आलम, सुनिल उरांव, रामब्रिच महतो, सफीउल्लाह अंसारी, अलखनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# मणिपुर हिंसा के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को मणिपुर हिंसा खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध रैली निकाली और केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया गया। रैली प्रखंड मुख्यालय से मणिपुर सरकार मुर्दाबाद, भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए महावीर चौक, थाना गेट, जिला परिषद, बजार टांड़, देवी मंडप होते हुए पोस्ट ऑफिस से वापस महावीर चौक में आकर सभा में तब्दील हो गयी, जहां केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव ने कहा कि भाजपा आदिवासी तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। मणिपुर में घटी हिंसा के बाद आदिवासी समाज उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। नैतिकता के आधार पर मणिपुर के मुख्यमंत्री का इस्तीफा दे, वहां राष्ट्रपति शासन लागू हो। उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि मणिपुर में ऐसी घटना घटी जिससे भारत ही नहीं पूरा विश्व शर्मसार हुआ है। इस घटना ने तालिबानी शासन को भी फेल कर दिया है, इसमें डबल इंजन की सरकार फेल साबित हुई। इस पर कोई ठोस एक्शन लेने की जगह उसे डायवर्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। मणिपुर हिंसा में आदिवासियों के साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार हो रहा है। इस मौके पर देवनिस तिग्गा, सेलवेस्टर तिर्की, बिरसु उराँव, मो0 समसाद, विरेन्द्र उराँव, अकबर अंसारी, मुन्ना मलिक, रूसतम अंसारी, सोमरा लोहरा सहित कई लोग शामिल थे।




# मानदेय व स्थायीकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ आक्रोशित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने लगभग सत्रह दिन से राजभवन के सामने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन कर रहे हैं। पांच सूत्री मांगों को अविलंब पुरा करें सरकार नहीं तो राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया है।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि बारिश के मौसम में भी राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन कर रहे हैं। लेकिन अभी तक सरकार की कोई भी प्रतिनिधि मंडल वार्ता करने के लिए नही आए। इससे संघ की सदस्यों ने आक्रोशित होकर निर्णय लिया है कि 28 जुलाई को 10 हजार की संख्या में स्वयंसेवक विधानसभा का घेराव करेंगे। संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए पलामू जिला के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार जबतक वार्ता नही करती है, और मानदेय नहीं देती है तब तक आंदोलन चलता रहेगा। सरकार झारखंड के पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं के साथ छलने का काम कर रही है।

# 13 दिवसीय उधमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय उधमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। राज्य के रामगढ़ जिले से आए 28 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुरी पश्चिमी के मुखिया श्री संपत्त बड़ाईक ने प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों से बात की और प्रशिक्षणार्थी को जीवन में आगे बढ़ने एवं खुद का स्वरोजगार कर आत्म निर्भर बनने का संदेश दिया। संस्थान के निदेशक महोदय श्री संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से जुड़कर अपने रोजगार को बढ़ाने की बात कही। और आगामी चलने वाला प्रशिक्षण बकरी पालन जो की दिनांक 26 जुलाई 2023 से शुरू किया जाएगा उसके बारे में भी बताया गया तथा संस्थान के निदेशक महोदय के द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, दशरथ कुमार महतो, सुनील कुमार उपस्थित रहे।



# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** थाना परिसर में सोमवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने की । बैठक में मुहर्रम के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों से अपील की गई । इस अवसर पर बीडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि बेड़ो का इतिहास रहा कि मनाते आये हैं। सभी लोगों के मिलजुल कर मनाने से त्योहरों का आनंद बढ़ जाता है। वहीं थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने कहा कि आप मुहर्रम के इस पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। प्रशासन आपके साथ है। किसी भी प्रकार के घटना होने पर तुरंत थाना को खबर करें। मौके पर सब्दुल मलिक, महेबुल ओहदार, अमीन अंसारी, धनंजय कुमार राय, नवल सिंह, विश्वनाथ गोप, जगरनाथ भगत, सुशांति भगत, मो समसाद, मतिन अंसारी, मुन्ना मलिक सहित कई लोग शामिल थे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर व भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा ने महा जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत ऐतिहासिक मुड़हर पहाड़ मंदिर से पूजा अर्चना कर बाइक रैली को रवाना किया। वहीं बेड़ो प्रखंड मुख्यालय, शहरी क्षेत्र और साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा व गीतो,नित्यो का आयोजन कर मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धि को आम जनो को बताया गया। मौके परभीखा उरांव, तेजू दास, सुखदेव कच्छप, बलराम सिंह, राजेश साहू, आंनद साहू, अरूण प्रसाद गुप्ता, प्रकाश साहू, आदित्य त्रामकार, मुखिया जतरू उरांव, सुखदेव उरांव लखन, देव उरांव, महादेव कुजूर, नारायण महली, रंजन गुप्ता, पिंटू गोप सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सीआईटी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन शिक्षा जगत से जुड़ी दो नामचीन कंपनियों ने किया है। नोएडा की कंपनी वाईहिल्स एडुटेक प्रा. लि. में कंप्यूटर साइंस इंजीनीयरिंग के विद्यार्थी कुमारी निकिता, सानिया राज सिन्हा, आशुतोष तिवारी व ईसीई ब्रांच की कस्तूरी पल्लवी का चयन किया गया है। जबकि बैंग्लोर की कंपनी विंस्पार्क इनोवेशन लर्निंग प्रा. लि. में सीएसई ब्रांच के मोजामिल साहब का चयन किया गया है। इनका चयन बिजनस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर किया गया है। टीएनपी प्रो. इंचार्ज डॉ के पी दत्ता ने बताया की चयनित विद्यार्थियों को सात लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य प्रो. अर्शद उष्मानी ने बधाई दी है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण केन्द्र का मंत्री सत्यानंद भोगता ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय के समीप ब्लॉक मोड़ स्थित सोमवार को प्रशांति एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन के द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ मंत्री सत्यानंद भोगता के कर कमलों द्वारा किया गया। केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि केरूप में झारखंड श्रम नियोजन एवं रोजगार मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत् किया। लोगों को संबोधन के दौरान मंत्री ने छात्रों एवं उनके अभिभावकों से कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा के साथ-साथ लोगों में होना होना अति आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई है। ताकि छात्र अपने कौशल को निखार सकें जिससे उन्हें स्वरोजगार करने में सहूलियत प्राप्त हो। वह संस्था के स्टेट हेड मनीष कुमार ने बताया कि फिलहाल केंद्र पर सेल्फ एंप्लॉयमेंट टेलर, डोमेस्टिक इलेक्ट्रीशियन एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रत्येक कोर्स की अवधि 4 माह की होगी। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को कैंपस सलेक्शन भी करवाया जाएगा। एवं छात्रों को प्रोत्साहन भत्ता भी झारखंड सरकार के द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कुछ जरूरतमंदों के बीच धोती साड़ी और महिला मंडलों के बीच प्रोत्साहन राशि का चेक और प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीडीओ अमित कुमार उपस्थित थे वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन विनय कुमार ने किया। मौके पर विकास रंजन, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार, अमित कुमार, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, जिला सचिव मोनू कुमार, दीपक साहू, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। **पत्रकारों के सवालों से बचते रहे मंत्री :** सुबह के श्रम नियोजन एवं रोजगार मंत्री सत्यानंद भोक्ता सोमवार को लावालौंग पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने लावालौंग बाजार स्थित कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान मंत्री पत्रकारों के सवालों से बचते देखे गए। स्थानीय पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि लगभग दो वर्ष पूर्व लावालौंग का 108 नंबर एंबुलेंस सिमरिया को दे दिया गया है। जिससे यहां काफी दिक्कतें हो रही हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि लावालौंग का एंबुलेंस लावालौंग में ही चलेगा। लेकिन जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि आपने यही उत्तर एक वर्ष पूर्व भी दिया था। तब मंत्री ने चुप्पी साध ली। इसके अलावा मॉडल स्कूल की जर्जर हालत और शिक्षकों की कमी के सवाल पर मंत्री अपने दूसरे कार्यक्रम का हवाला देकर लावालौंग से निकल गए। **स्थानीय जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त :** प्रखण्ड के प्रमुख/ उप प्रमुख या स्थानीय या कोई भी जनप्रतिनिधियों प्रखण्ड में आगमन का कोई भी सुचना नहीं मिलने पर झुब्ध है। लोगों ने कहा कि मंत्री का आगम हमारे क्षेत्र में होता है और हम सबों को कोई भी जानकारी नहीं दी जाती है।

# वृक्षारोपण पर 7 किलोमीटर तक बनाई गई मानव श्रृंखला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**बालूमाथ :** लातेहार पुलिस एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को सात किलोमीटर तक वृक्षारोपण पर मानव श्रृंखला बनाया गया। बरनी से बारियातू थाना तक बच्चे हाथों में तख्तियां व पौधा लेकर खड़े थे। मौके पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि आज मानव तस्करी समेत समाज में फैली कई कुरीतियों को रोकने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित की गई है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि इस कार्यक्रम में आज 1000 पौधे लगाए जाएगें। विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आप लोग सड़क पर तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शहदेव ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर लातेहार एसडीपीओ संतोष मिश्रा, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, चंदवा थाना प्रभारी बबलू कुमार, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, बारियातू 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, उपेंद्र यादव, जावेद अख्तर, प्रदीप गंझु, मोहम्मद मुजम्मिल ,शैलेश सिंह, हेरहंज जिला परिषद चंचला देवी, समेत कई जनप्रतिनिधि, नेता, विद्यालय के बच्चे, शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

## केंदु गांव में हाथियों का आतंक बढ़ा, एक भैंसे को पटक कर ली जान

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के केंदु गाँव में इन दिनों हाथियों का आतंक बढ़ा हुआ है। जिससे गाँव के ग्रामीण रात्रि को दहशत के साए में जी रहे हैं। बीते रात्रि हाथियों का झुण्ड केंदु के बरसात गाँव में घुस गया जहां खूंटे से बंधा भैंसे को पटक पटक कर जान ले लिया। इसे लेकर भुक्तभोगी ने वन विभाग कार्यालय को क्षतिपूर्ति की मांग किया है। बता दें कि जैसे हीं वर्षा ऋतु आता है और हाथियों का झुण्ड इसी क्षेत्र में आ धमकता है। और लगे फसल तथा मवेशियों को नुकसान कर देता है। चुकी पास में पहाड़ से घिरा गाँव है। वैसे में गाँव के लोग दहशत में जी रहे हैं।

## चतरा में पहली बार खुलेगा गैर आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान की पहल से पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में खेलो इंडिया प्रोग्राम के तहत जिले में पहली बार गैर आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की स्वीकृति मिली है। जिला खेल पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता तुषार रॉय ने बताया कि बच्चों के चयन प्रशिक्षण हेतु दिनांक 6 अगस्त और 7 अगस्त को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में चयन प्रशिक्षण, प्रतिभा चयन खोज निर्धारित है। इसके लिए चतरा सदर क्षेत्र के 5 किलोमीटर के अंदर क्षेत्र में आने वाले 10 से 14 साल के बालक एवं बालिका जिला खेल कार्यालय में आवेदन प्राप्त कर आवेदन जमा कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ी में से कुल 15 बालक एवं 15 बालिका का चयन किया जाएगा। चयनित बच्चों को एनआईएस कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बालूमाथ राजद प्रखंड कमेटी का हुआ गठन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड कमेटी व सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, उपाध्यक्ष हरिहर यादव, चंद्रमोहन यादव, दशरथ यादव, महासचिव उमेश कुमार यादव, मनान कुरेशी, सचिव मोहम्मद जसीम,अजय कुमार गुप्ता मोहम्मद, अजमल हुसैन जगदेव उराव, ब्रजेश पांडे, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार रजक समेत 29 कार्यकारिणी सदस्य एवं ओबीसी मोर्चा प्रिंस यादव,मो जुबैर अल्पसंख्यक प्रकोष्ट, सोभा देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष, बालकृष्ण यादव किसान प्रकोष्ट, जितेन्द्र उराँव आदिवासी प्रकोष्ट, बाबूलाल राम दलित प्रकोष्ट, सरयू यादव मजदूर प्रकोष्ट, मो अल्ताफ अंसारी युवा प्रखंड अध्यक्ष के नाम शामिल है वही राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव ने कहा कि राजद प्रखंड कमिटी के गठन होने से पार्टी की मजबूती बढ़ेगी जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में इसका व्यापक असर दिखेगा।

# सावन माह की तीसरी सोमवारी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, अधिक मास में बन रहे हैं अनेकों शुभ संयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत दर्जनों शिवालय में सावन माह के तीसरे और अधिक मास के प्रथम सोमवार को शिवालय में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। शिवालय में महिलाएं अनेकों मनोकामना के साथ पूजा अर्चना कर बेलपत्र के साथ शिवलिंग पर जल चढ़ाई। बताते चलें कि इस अधिक मास(मलमास) में कई शुभ संजोग बन रहे हैं। मलमास में सोमवार की तिथि पढ़ने से इसका महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। अधिक मास पड़ने के कारण इस दिन भगवान शिव और श्री हरि दोनों की उपासना की जा रही है। इस दिन रुद्राभिषेक महामृत्युंजय जाप शिव चालीसा का पाठ करने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है। एवं भगवान शिव की अपार कृपा बरसती है।सोमवार और हस्ता नक्षत्र का योग अपार समृद्धि दिलाने वाला महा संजोग बताया जा रहा है। अधिक मास के पहले सोमवार पर बेहद खास योग भी बन रहा है। जिसमें रवि योग शिवि योग और सिद्धि योग है। इस बार सावन में 59 दिनों का है।शास्त्रों के अनुसार शिवलिंग पर शंख से जल अर्पित नहीं करना चाहिए।शिव लिंग और माता पार्वती की पूजा बेहद प्रसन्न होती हैं। इनकी पूजा काला वस्त्र पहनकर नहीं करना चाहिए। इस सोमवार को शिव वास नंदी पर है।जिसके लिए बेहद शुभ माना गया है। पूजा कर रही महिलाओं ने पूजा करने एवं जल चढ़ाने के बाद शिव चर्चा भी किया। एवं गीत गान करते हुए शिव जी की भक्ति किए। मौके पर उपस्थित कंचन देवी सरिता देवी चमेली देवी सोनी कुमारी सुषमा देवी एवं दर्जनों महिलाएं पूजा करते उपस्थित थीं।

# सिंहवाहिनी बस और ट्रेलर में हुई टक्कर, 14 घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**बालूमाथ :** रांची-चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर चितरपुर ग्राम के समीप सिंवाहनी बस जेएच01सीयू 9468 और ट्रेलर ओडि14बी 8188 की हुई आमने सामने टक्कर में बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों के सहायता से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिहवाहनी बस रांची से चतरा जा रहा था। इसी बिच बिपरीत दिशा से आ रही टेलर से आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे बस में सवार बिनोद शर्मा 40 वर्ष पिता कमल शर्मा ग्राम कुशीनगर उत्तरप्रदेश, सुरेन्द्र राम 30 वर्ष पिता लालू राम हरमू रांची, आदित्य कुमार 5 वर्ष पिता अर्जुन भोगता ग्राम मालहन चंदवा, सुमन कुमारी 30 वर्ष पिता सुरेन्द्र राम रांची, शंकर उपाध्याय 58 वर्ष पिता स्व0 नवल किशोर उपाध्याय रांची, प्रदीप कुमार सिंह 48 वर्ष पिता निर्मल सिंह मधुकम राँची, सोनी खातून 27 वर्ष पति मुबारक अंसारी द्वारिका पांकी, मो0 सालिम 42 वर्ष पिता मो0 अबरार चतरा, राजा कुमार 16 वर्ष पिता महेन्द्र विश्वकर्मा धनगड्डा, पिंकी कुमारी 30 वर्ष पति डॉ0 ऐतवा मिंज रांची,मो0 अबुस्लाम उम्र 28 वर्ष पिता मो0 मोसीर सहरसा बिहार, दीपावली देवी 34 वर्ष पति अरुण गुप्ता बरवाडीह लातेहार घायल हो गया। सभी घायलों का इलाज चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज किया गया वही चिकित्सकों ने मो0 सलीम, शंकर उपाध्याय, मो0 अबुसलाम, आदित्य कुमार, अमीषा देवी की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

## आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में मिले कई निर्देश



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से उप प्रमुख विरेंद्र जायसवाल प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण व सभी पंचायत के पंसस के साथ जन वितरण प्रणाली के विक्रेता मौजूद रहे। इस दौरान जन प्रतिनिधियों के साथ डीलरों का परिचय दिया गया। वहीं बैठक में लगभग 15 से 20? डीलर अनुपस्थित पाए गए। जिसे स्पष्टीकरण देने की बात कही गई। साथ ही राशन आवंटन, वितरण व संचालन पर चर्चा की गई।मौके पर प्रमुख सुशीला देवी ने कार्डधारियों की शिकायत पर राशन कटौती को लेकर डीलरों को सख्त हिदायत दिया है कि राशन वितरण समय पर और कार्डधारियों के यूनिट आवंटन के अनुरूप वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस किसी डीलर के द्वारा कार्डधारियों के राशन कटौती की शिकायत मिली तो उसके खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। वहीं उप प्रमुख ने सभी डीलरों को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन वितरण निगरानी समिति और संबंधित पंचायत समिति के उपस्थिति में किया जाए। पंचायत समिति सदस्य मंजू कुमारी ने डीलर नागेश्वर राम पर राशन की पर्ची निकाल कर दो माह का राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगाया। इस मामले में डीलर के द्वारा बताया गया कि हम व्यवस्था में लगे हैं। वहीं बैठक के दौरान डीलरों ने भी अपनी समस्या अवगत कराते हुए बताया कि लगभग 8 माह का कमीशन के अलावा किराया नहीं मिला है। मौके पर पंसस राजमहेंद्र सिंह,डीलर संघ अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, राहुल चौरसिया, कुलदीप सिंह, मनोज सिंह चेरो, रामप्रताप तिवारी, मुकेश राम,निजाम खां, अशोक राम समेत कई डीलर मौजूद रहे।

# संकुल संसाधन केंद्र हेटपोचरा में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लातेहार :** जिला मुख्यालय के पोचरा संकुल में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इसमें सीआरसी चंद्रन कुमार चंद्र का विदाई एवं रंजीत कुमार पांडे का स्वागत किया गया । इस अवसर पर चंद्रन कुमार चंद्र के द्वारा किए गए कार्यों का सभी शिक्षकों ने सराहना किया और बताया कि एक बेहतर सूचनातंत्र स्थापित कर टीम भावना के तहत कार्य किए जिससे समय पर सही सूचनाओं का आदान-प्रदान शिक्षा विभाग और विद्यालय संचालक तक पहुंच पाया। कार्यक्रम का संचालन अभिनव कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। सीआरसी चंदन कुमार चंद्र के कार्यों के प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य एवं सुखद जीवन की शुभकामना दिया। इस अवसर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पोचरा के प्रधानाध्यापक विकास कुमार शर्मा, शिक्षक अमित कुमार, अनूप कुमार, दिनेश कुमार ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, मीना पंडित, रीता कुमारी, जयशंकर प्रसाद, महेश प्रसाद अफजल अंसारी, मदन प्रसाद प्रमोद प्रसाद, मनोज कुमार मिंज, सत्येंद्र नागेसिया, शिवशंकर तिवारी, अरविंद यादव सुशील सिंह नीरज प्रसाद, अभय खलखो, प्रेम प्रकाश सिंह, उषा बेक,अतु सिंह, शशिलाल सिंह, सुशिल सिंह आदि शिक्षक मौजूद थे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**पत्थलगड़ा :** मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी ने किया गया वहीं संचालन पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के सैकड़ो लोग शामिल हुए तथा दोनों समुदायों के लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांति एवं सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। मुहर्रम पर्व को लेकर कानून व्यवस्था तथा लाइसेंसधारी जुलूस के तय रूट आदि पर गहन चर्चा किया गया। इस दौरान सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से बारी बारी से विचार विमर्श किया गया तथा जुलूस से संबंधित सभी तरह के बातों को साझा किया गया एवं मुहर्रम जुलूस के दौरान डीजे साउंड बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। वही निर्धारित रुट से ही मुहर्रम जुलूस निकालने का निर्देश दिया गया।

# निजी विद्यालयों की समस्यायों को 25 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में रखूंगा : सत्यानन्द भोक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**चतरा :** आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की मान्यता एवं यूडायस कोड को लेकर झारखण्ड सरकार के सचिव द्वारा निजी विद्यालयों को बन्द करने की चेतावनी के खिलाफ पासवा का एक दिवसीय महासम्मेलन आज चतरा कॉलेज मल्टीपरपस हॉल में प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। महासम्मेलन का उद्धघाटन मुख्य अतिथि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, झारखण्ड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, महासचिव नीरज सहाय, उपाध्यक्ष बिपीन कुमार, संजय प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, पासवा के चतरा जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, महासचिव नेसार अंसारी, बच्चन पाण्डेय, आदित्य गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत गान संगीता सिन्हा एवं मेघाली सेन गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा किया गया।चतरा पासवा ने अतिथियों का स्वागत 51 किलो के माला एवं शॉल देकर सम्मानित किया। महासम्मेलन में चतरा जिला से लगभग 1000 से अधिक निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

## छिपादोहर शिव मंदिर के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर शिव मंदिर के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं डाल्टेनगंज उपमहापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह मौजूद हुए मंगल सिंह ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए पेड़ पौधा को बचाना चाहिए एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम को करना चाहिए एवं अपने एवं अपने बच्चों के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पेड़ जरूर से जरूर लगाना चाहिए जिससे आने वाले पीढ़ी को किसी भी तरह का दिक्कत ना हो भाजपा महामंत्री मुन्ना गुप्ता अतिथियों को स्वागत किए एवं मंदिर में पेड़ पौधा लगने से मंदिर के आसपास शुद्ध वातावरण रहेंगे मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भीम आनंद गिरी सुधीर प्रसाद गुप्ता बृजेश गुप्ता अजय प्रसाद प्रमोद प्रसाद अशोक ठाकुर सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी गंगेश्वर ठाकुर प्रेम गुप्ता विजय यादव मुकेश चंद्रवंशी आदि लोग मौजूद थे।

# गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करेगा लावालौंग का मुहर्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लावालौंग :** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक कि गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार ने की। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर केपी चौधरी तथा थाना प्रभारी बमबम कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मुहर्रम अखाड़ों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों ने अखाड़ों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से मुहर्रम पर्व के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करने की अपील की। साथ ही आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर चौधरी ने समितियों को सदस्यों के नाम, पता व मोबाईल नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा झांकी निकालने पूर्व प्रशासन को सूचित करने की भी बात कही। साथ अधिकारियों ने कहा इतना ही नहीं जुलूस में अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगा। मौके पर उपस्थित प्रबुद्धजनों, समितियों और अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भी अखाड़ों के दौरान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की अपील की। सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों के साथ-साथ अपराधियों की समाज को अशांत करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों और अपराधियों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज करने के अलावे सभी समितियों और अखाड़ों को जुलूस पूर्व लाइसेंस निर्गत करने का निर्णय लिया। साथ ही अधिकारियों ने विभिन्न अखाड़ों को अपने-अपने जुलूस में वॉलिंटियर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपप्रमुख महमूद खान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश साहु, समाजसेवी मीथलेश चौबे, लमटा मुखिया अमीत चौबे, मो0 हसीब, डेगन साहु, मोजाहिद आलम, जमीर अंसारी, गोविन्द ठाकुर लावालौंग मुखिया नेमन भारती, संतोष राम, भोला राम,समाजसेवी सन्तोष कुमार यादव एनामुल खान, सभी पंचायत के मुखिया अखाड़ों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि व प्रखण्ड के

# उपायुक्त ने मुहर्रम को लेकर की शांति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। मुहर्रम पर्व शांति एवं सदभावपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्व में ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार एवं अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ से अपने क्षेत्र अंतर्गत सामाजिक समरसता को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कितने व्यक्तियों पर कार्रवाई की गयी है इस बारे में जानकारी लिया। उपायुक्त लातेहार ने संवेदनशील स्थानों पर वीडियो कैमरा एवं ड्रोन से वीडियोग्राफी करने की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जुलुस के पास एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मुहर्रम के अवसर पर जुलुस निकालने वाले सभी अखाड़ों की सूची तैयार कर लें तथा उन्हें पूर्व में ही सभी आवश्यक दिशानिर्देश दे दें। उन्होंने कहा पूर्व निर्धारित रूट में ही जुलुस निकाला जाये। एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर साइबर सेल के द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय सासंग में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को स्कूल जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। वहीं कार्यक्रम में जिला परामर्श सह अस्पताल प्रबंधक नागेंद्र कुमार व आस्था गुप्ता ने तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा की सिगरेट बीड़ी पान और गुटखा का जैसे तंबाकू पदार्थों के सेवन से मुंह का कैंसर होने के साथ अन्य कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। गंभीर बीमारियों के कारण लोग समय से पहले जान से हाथ धो बैठते हैं। तंबाकू का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है।इस दौरान जिला परामर्श सह अस्पताल प्रबंधक नागेंद्र कुमार एवम आस्था गुप्ता ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार तामीया अंसारी द्वितीय पुरस्कार तराना प्रवीण और तीसरा पुरस्कार गुलशन कुमार यादव को दिया गया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार बच्चों के बीच पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक /शिक्षिकाएं ममता कुमारी, प्रियंका कुमारी, शंकर भगत मौजूद थे।

## सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत पतरातू प्रखंड के मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र, सिदवार कला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत जिले में कार्यरत पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को जागरूक करते हुए आंगनवाड़ी सेविका मंजू देवी द्वारा बताया कि गर्भावस्था के 270 दिन तथा उसके बाद दो वर्ष तक लगभग 730 दिन बच्चे के सबसे सुनहरे हजार दिन होते हैं। इसी समय बच्चे को सही आहार दिया जाना चाहिए। पौष्टिक आहार के रूप में छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध एवं उसके बाद ऊपरी आहार दिया जाना चाहिये। बहुत सी महिलाएं और किशोरियों को एनीमिया की शिकायत होती है जिसका असर उनके होने वाले बच्चों पर भी पड़ सकता है वहीं कार्यक्रम के दौरान पिरामल फाऊंडेशन के गांधी फेलो ऋषिकेश सभी को बताया गया कि छः महीने बाद से शिशुओं को स्तनपान कराने के साथ अतिरिक्त अनुपूरक आहार भी दिया जाना चाहिए। इस उम्र में शिशुओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास तेजी से होता है। इसलिए इस दौरान शिशुओं को ज्यादा आहार की जरूरत होती है। शिशु के लिए प्रारंभिक आहार तैयार करने के लिए घर में मौजूद मुख्य खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। सूजी, गेहूं का आटा, चावल, बाजरा आदि की सहायता से पानी या दूध में मिलाकर दलिया बनाए जा सकते हैं। बच्चे की आहार में गुड़ को भी शामिल करना चाहिए क्योंकि उन्हें अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। मौके पर आंगनवाड़ी सेविका मंजू देवी, जीती देवी, वॉर्ड सदस्य ललिता देवी पिरामल फाऊंडेशन के गांधी फेलो ऋषिकेश सहित अन्य स्वास्थ कर्मी व ग्रामीण उपस्थिति थे।

## विद्यालयों के उत्क्रमण को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के उत्क्रमण को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा जिले के कुल पांच विद्यालयों के उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है वहीं उन्होंने क्रमवार सभी प्रस्तावों एवं उत्क्रमण हेतु निर्धारित मापदंडों के संबंध में भी उपायुक्त को जानकारी दी। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए विद्यालयों के उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव राज्य स्तर पर भेजने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को यथासंभव कम दूरी पर ही शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध। इसके साथ ही उपायुक्त ने इस दिशा में कार्य करने को लेकर कई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान दिए। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी से रामेश्वर चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लिखलाही घाटी के पास स्कूटी सवार दो घायल एक की स्थिति नाजुक, हजारीबाग रेफर

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लिखलाही घाटी के पास स्कूटी( झ्र्02 बीएल 4411) सवार 2 लोग 10 फीट गड्ढे में गिर गए। स्कूटी चालक 35 वर्षीय सुनील उरांव पिता महेंद्र उरांव ग्राम बिसुनपुर जिला गुमला निवासी एवं 32 वर्षीय चंदर नायक गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जाता है कि दोनों बड़कागांव टीपी 5 के पास कंपनी के लिए काम करते हैं। फतहा बाजार से आने के क्रम में लिखलाही घाटी मोड के पास स्कूटी एक्सीडेंट हो गया और एक बड़े पत्थर से टकराते हुए दोनों युवक लगभग 10 फीट गड्ढे में नीचे जा गिरे। घटना की जानकारी पत्रकारों के द्वारा थाना प्रभारी विनोद तिर्की को दी गई। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा दोनों घायलों को इलाज के लिए बड़कागांव हॉस्पिटल लाया गया। दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायल चंदर नायक की स्थिति नाजुक बताई जा रही थी। चेहरे में गंभीर चोट लगी है सुनील का पैर टूट जाने की बात कही गई है।

## आजसू पार्टी की बैठक में हुई पार्टी की मजबूती पर विशेष चर्चा

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चेपकला पंचायत में आजसू पार्टी की मजबूती को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चेपा कला पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक व संचालन संतोष कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी एवं सुरेश प्रसाद दांगी उपस्थित हुए। बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को मजबूती देने पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर संदीप कुशवाहा ने कहा कि आजसू से ही बड़कागांव झारखंड का विकास संभव है। आजसू पार्टी के पास विकास का विजन है। वही चेपा कला पंचायत के मुखिया सह आजसू नेता अनिकेत कुमार नायक ने कहा कि बड़कागांव का विकास सिर्फ आजसू पार्टी से ही संभव है।

## यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन कार्यालय में 4 शहीद मजदूरों को साथियों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के द्वारा सोमवार संध्या 1972 के ठेकेदारी प्रथा(बर्ड कंपनी) के आंदोलन में शहीद हुए चार मजदूरों की शहादत एक 2 मिनट का मौन धारण व श्रद्धांजलि देकर इन्हें याद किया। इस दौरान यूकोवयु के अरगड्डा क्षेत्रीय सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने यूनियन के ध्वजा को फराया। उन्होंने बताया कि बीते 24 जुलाई 1972 को बर्ड कंपनी के ठेका कोलयरी में कार्यरत कामगार हरिहर राम, सुदर्शन राम, बवुनी बेदिया, आदि थे ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) दिनांक : 21.07.2023.
ई–निविदा संख्या : 26-GS-DHN-2023-24.
1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : गोमो :– इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव शेड गोमो के मौजूदा बुनियादी ढांचे की मरम्मत और उन्नयन | 08 (आठ) महीने | 2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹4,30,78,493.95, 3. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु | 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 16.08.2023 को 17.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 17.08.2023 को 12.00 बजे से | 5. बेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।
नोट :– (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओ को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें। मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/00813/डीएचएन/डीएनआरजीएस/टी/23–24/36

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**

नया समाहरणालय भवन, ए ब्लॉक, द्वितीय मंजिल, खूँटीटोली, सिमडेगा–835223-, फोनः 06525-225835.
ई–मेल- ssasimdega@gmail.com फैक्स : 06525-225836

पत्रांक.................................. दिनांक ...............

**लघुकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023–24)**

सिमडेगा जिला में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा के लिए उपस्कर/उपकरण, बर्तन सामग्री, शिक्षक अधिगम सामग्री एवं पुस्ताकलय तथा बिछावन इत्यादि क्रय हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाताओं नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा से दिनांक 24.07.2023 से दिनांक 02.08.2023 तक कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 04.08.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 05.08.2023 के पूर्वाहन 11:00 बजे, स्थानः– नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी।

विश्वासभाजन,
जिला शिक्षा अधीक्षक सह
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 303073 Primary Education (23-24)#D

**कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में तीसरी सोमवारी पर भक्तों ने महादेव के समक्ष मत्था टेका**

## सभी ने अपने परिवार व कोलयरी क्षेत्र में सुख शांति, समृद्धि के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा, हेसला, मनुआ, फुलसराय चुंबा के महादेव के शिवालयों में तीसरी सोमवारी पर भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से ही महिला, युवती भक्तजन शिवलिंग पर बेलपत्र, पुष्प, धतूरा अर्पित किया। अभिषेक शक्कर, मधु, घी, दही गंगाजल चढ़ाकर महादेव को प्रसन्न करने का कार्य किया अवसर पर हर- हर महादेव, औघड़ दानी के नारों से मंदिर परिसर ऊर्जावान बन उठा। प्रभु शंकर के बाद नंदी महाराज की भी सेवा और माता पार्वती, मां भगवती को भी प्रसन्न करने के लिए भक्तों ने फल- फूल प्रसाद चढ़ाया। अरगड्डेश्वर शिव मंदिर में महिला भक्तों ने भजन कीर्तन का आयोजन किया। सभी भक्तों ने मंदिर में मत्थाटेंक कर अपने परिवार और क्षेत्र के लिए सुख, शांति, खुशहाली व निरोगी जीवन की कामना की। मंदिर समितियों के द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए जरूरी उपाय किए गए थे।

## विद्यालय के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार की वजह से बड़ी दुघर्टना की आशंका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेडरा बालक और राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के उपर से 11 हजार हाई वोल्टेज के तार काफी नीचे और जर्जर अवस्था मे है जिसकी वजह से दोनों विद्यालयों में पढ़ रहे नन्हे मुन्नों पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है ।इस बाबत चेडरा बालक विद्यालय के अध्यक्ष राजू रवानी और राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के अध्यक्ष अनूप कुमार कसेरा ने लिखित रूप में इसकी शिकायत अंचलाधिकारी,विधुत विभाग के एसडीओ एवं कनीय अभियंता को शिकायत भी की है,परन्तु काफी समय बीतने के बाद भी शिकायत पर संज्ञान नही लिया गया । ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर ऐतराज जताते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों के इस रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहते है,जब कोई घटना घट जायेगी तब इन अधिकारियों की नींद खुलेगी क्या इस बाबत दोनों अध्यक्षो ने कहा कि विद्यालय की चारदीवारी के बाहर लगे पोल से या नया पोल लगाकर हमारे विद्यालय को सुरक्षित किया किया जाय। सालों पहले लगे बिजली के पोल बरसात की वजह झुक गए है, जिसको हटाना नितांत आवश्यक है ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/11/2023-24

**डी0एम0एफ0टी0 मद** अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद, चतरा | Residual Work of Training Hall cum Skill Centre at Chatra. | 2497000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 01 माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –**01.08.2023**
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –**07.08.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4.ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **08.08.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **10.08.2023** के अपराह्न 02:00 बजे
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10.विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR303093 (Rural Development)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –08 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः 02.08.2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.08.2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः 03.08.2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of public Toilet & Drinking water facility at collectorate building khunti dist khunti for the year 2023-24. | 16,83,700.00 | 5,000.00 | 33,700.00 | 2 माह |
| 2. | Construction of RCC Drain near Circuit house khunti dist khunti for the year 2023-24. | 3,42,500.00 | 750.00 | 6,900.00 | 1 माह |

नोटः-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR 303109 (Building) 23-24 (D)

**Jhumritelaiya Nagar Parishad, Koderma, Jharkhand**

**E Procurement Notice (Short Notice Inviting Tender)**

**NIT No. - JMT/08/2023-24** **Date: - 24.07.2023**

| Sl No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Proposal for Selection of Bidder for "Bioremediation and Clearing of Legacy Waste (Scientific Dumpsite Land Reclamation through Biomining and Resource Recovery) at Existing Dumpsite Under Municipal Council Jhumritelaiya. |
| 2 | Mode of Submission | e-tendering https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 4,60,21,093/- (Rupees Four Crore Sixty Lac Twenty One Thousand Ninety Three Rupees Only) |
| 4 | Tender Fee (Rs.) | Rs. 10,000/- ( Rupees Ten Thousand Only) |
| 5 | Bid Security (Rs.) | Rs. 4,60,500/- ( Rupees Four Lac Sixty Thousand Five Hundred Only) |
| 6 | Time of Completion | 5.3 Months |
| 7 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 01.08.2023 at 3:00 PM |
| 8 | Date of Pre-Bid Meeting | 10.08.2023 at 4:00 PM |
| 9 | Last Date/Time for receipts of Bids Online | 16.08.2023 at 5:00 PM |
| 10 | Date of Receiving Hard Copy of Earnest Money & Cost of Tender Fee | Upto 17.08.2023 at 5:00 PM at Office of Nagar Parishad Jhumritelaiya. |
| 11 | Opening of Pre-Qualification/ Technical Bids | 18.08.2023 at 3:00 PM |
| 12 | Opening of Financial Bids | Will be communicated later |
| 13 | Name & Address of Officer Inviting Tender | Administrator, Jhumri telaiya Nagar Parishad, Jharkhand |
| 14 | Contact no. of Procurement Officer | 9798062988 |

Note:-(I) Only e- tenders will be accepted. Further Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost/Quantity May vary

Sd/-
Administrator
Jhumritelaiya Nagar Parishad, Jharkhand

PR.NO.303095 Urban Development(23-24):D

**श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में लखी माई फिल्म का हुआ स्क्रीनिंग**

## किसानों के दर्द को दिखलाने का किया गया है प्रयास : नीतेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही (हजारीबाग):** देवचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बरही के पुरहरा निवासी नीतेश कुमार द्वारा बनायी गई डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म लखी माई को दिखाया गया और फ़िल्म मेकिंग वर्कशॉप कराया गया। जिसमे फ़िल्म बनने की विधि को बताया और अभिनय की वर्कशॉप भी दी, अभिनय के प्रकार, इसकी विद्यार्थी जीवन में लाभ को बताए और सिनेमा के क्षेत्र में अपनी जगह केसे बनाए इस पर भी बच्चों को जानकारी दी गई। फ़िल्म को लेकर नीतेश कुमार ने कहा कि फ़िल्म में धान की खेती की विधि, संस्कृति, परम्परा के साथ खेती करने की नियम और धान की खेती में किसानों के संघर्ष को भी दिखया गया है। जैसे एक मां नो महिने तक अपने कोख में बच्चो को रख कर जन्म देती हैं उसी प्रकार हमारे देश के किसान भाई भी नो महिने की संघर्ष के बाद ही, धान की सफल पैदावार कर पाते है। उन्होंने बताया कि फ़िल्म को चित्रपट झारखंड फ़िल्म फेस्टिवल में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक रोहित सिंह ने कहा कि धान की खेती के संपूर्ण तरीके को दिखलाए जाने से बच्चों में खेती और संस्कृति का जागरण हुआ। इस तरह की फ़िल्में देश के संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**अल्पकालीन–ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा सूचना संख्या SPUF/MID/KODERMA/F2-06/2023-24 Date-24.07.2023

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड सतगावाँ के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंगार मे चाहरदिवारी तथा मेन गेट का निर्माण कार्य | 2498300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | प्रखंड सतगावाँ के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचानें में चाहरदिवारी तथा मेन गेट का निर्माण कार्य | 1438500.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 (तीन) माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–27.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 02.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 03.08.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा उप विकास आयुक्त का कार्यालय कोडरमा एवं जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा। निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट–WWW.Jhakhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

PR 303117 Minor Irrigation(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**अल्पकालीन–ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा सूचना संख्या **SPUF/MID/KODERMA/F2-05/2023-24 Date-24.07.2023**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड डोमचाँच के उच्च विद्यालय ढाब में चाहरदिवारी का निर्माण कार्य | 1296000.00 | 26000.00 | 2500.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | प्रखंड सतगावाँ के उच्च विद्यालय मरचोई में चाहरदिवारी का निर्माण कार्य | 2304500.00 | 46100.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | प्रखंड पोखरडीहा आहर से उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडीहा होते हुए कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सतगावाँ तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य | 4056800.00 | 81200.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–27.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 02.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 03.08.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा उप विकास आयुक्त का कार्यालय कोडरमा एवं जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा। निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट– *WWW.Jhakhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR.NO.303114 Minor Irrigation(23-24):D

**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**
**COMBINED OFFICE BUILDING,**
**BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT, JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice)**

ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-**(16)BCD/CIR-2/RANCHI/DIV-2/2023-24 Date:-22-07-2023**

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of I.D.S.P (Indian health Mission)office Building at Namkum,Ranchi For The Year 2023-24. | रू0 53,37,287.00 | 6 महीने |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01-08-2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 07-08-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 08-08-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 08.08.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9471371485/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement
Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 303070 (Building Dept Circle - 2) 23-24 (D)

**Office of the Executive Engineer**
**Swachh Bharat Mission (Gramin)**
**Drinking Water & Sanitation Committee, Garhwa.**
**Near Head Post office, Sahijana More, Garhwa.-822114**
**Email-eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**EOI No. :- SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2023-24 Date-22.07.2023**

**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of interest (EOI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission-Gramin), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/ Community/Goushala in District of Garhwa, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN Scheme.

The **Technical Support Agency** (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entreprencurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 3 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN Projects, supported be credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link **garhwa.nic.in.** The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the **Garhwa District website: garhwa.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Gramin) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of interest (EOI) without assigning any reasons whatsoever.

| | |
|---|---|
| **Location -** | **(1) Block-Garhwa, Panchayat-Jata, Village-Jata** **(2) Block-Bhawnathpur, Panchayat-Arsali (S),Village-Arsali (S)** **(3) Block-Meral, Panchayat-Meral (East), Village-Meral East** |
| **Last date and time for Submission of bids -** | **31.07.2023 at 4:00 P.M.** |

Executive Engineer
Swachh Bharat Mission (Gramin)
Drinking Water and Sanitation Committee, Garhwa.

PR.NO.303069 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## गोदाम का ताला तोड़ कर हजारों की चोरी

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जीतपुर कोलियरी के ऑफिसर कॉलोनी में कुमार कंस्ट्रक्शन के गोदाम का ताला तोड़ कर लगभग 40 से 50 हज़ार की चोरी हो गई। कुमार कंस्ट्रक्शनका का मुंशी केलाश कुमार महतो ने बताया की सुबह जब में गया तो देखा की दरवाज़ा का ताला और खिड़की टुटा हुआ है। वहीं अन्दर जा कर देखा तो सारा समान गायब है। श्री महतो ने बताया की 3 पंखा, दो ड्रिल मशीन, एक कटर मशीन, 8 बंडल तार आदि चोरी हो गई जिसकी सुचना जीतपुर कोलियरी के सीटीएस अधिकारी बी बी पांडेय को दी है। बी बी पांडेय ने कहा की ये ठेकेदार का अपना गोदाम था, इसकी जानकारी हमें नहीं है। जाँच कर कार्यवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक जोरपोखर थाना को इसकी सुचना नहीं दी गई है।

## समाजसेवियों ने अस्पताल में इलाजरत मरीज का बनाया आयुष्मान कार्ड



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार मोहम्मद सद्दाम हुसैन एवं सामाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा पाटलिपुत्र अस्पताल मे इलाजरत मरीज का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बताया जाता है की उक्त मरीज गंभीर बिमारी से ग्रसित है और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। ऐसी अवस्था मे वासेपुर के इन समाजसेवियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अस्पताल पहुंच कर मरीज का बिल्कुल फ्री मे आयुष्मान कार्ड बनाया तथा आर्थिक रूप से सहायता भी की। अब इस आयुष्मान कार्ड से मरीज का पांच लाख रुपये तक का बिल्कुल मुफ्त मे इलाज हो सकेगा। इस कार्य से मरीज और उसके परिजन ने राहत की सांस ली और वासेपुर के इन सामाजिक कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

## बाघमारा में योजनाओं के क्रियान्यवयन के लिए मुखिया संघ की बैठक संपन्न

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा मुखिया संघ की अध्यक्ष रिंकु



देवी की अध्यक्षता मे पुना महतो स्मारक उच्च विद्यालय मे एक बैठक हुई बैठक के माध्यम से सरकारी योजनाओं के क्रियान्यवयन मे तेजी लाने एवं सभी कार्यो मे तेजी लाने हेतू विचार विमर्श किया गया। ताकि पंचायतो मे विकास कार्य मे तेजी लाया जा सकें। बैठक मे मुख्य रूप से मुखिया महेश कुमार पटवारी धनेश्वर महतो दिनेश प्रमाणिक, सूर्यकांत महतो कमल महतो कैलाश रवानी जालिम 2जक आनंद महतो देवानंद महतो कुंदन रजक हरि साव आदर्श गयाली संपत घोषाल पिंकी देवी मीरा कुमारी सुनीता देवी संध्या देवी नंदनी कुमारी बिरजु महतो नमीता देवी संगीता घोषाल गुडीया देवी आदि मौजुद थे।

## पांच दिवसीय सहियाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में



सहियाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बुजुर्गो की देखभाल पर मंथन किया जा रहा है शिविर में ट्रेनर तारणी प्रमाणिक के द्वारा बताया गया कि घरों में बुजुर्गो को किस तरह से देखभाल करने से बुजुर्ग स्वस्थ रहेंगे इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 80 सहियाओं ने इस आवासीय प्रशिक्षण में अपनी भागीदारी निभा रही हैं इस आवासीय प्रशिक्षण में कुल तीन ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी सहिया इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद अपने अपने घरों में बुजुर्गो का विशेष देखभाल का ख्याल रखेंगे। मौके पर कुल 80 सहियाओं के अलावा तीन ट्रेनर उपस्थित थे।

## आजीविका गतिविधियों पर भ्रमण किया गया

**जरीडीह(बोकारो)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड



प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन और जोहर परियोजना के आरपीओ कुणाल विश्वकर्मा ने जरीडीह प्रखंड के जैना बस्ती में पेपर प्लेट यूनिट और टांडमोहनपुर पंचायत में संचालित हल्दी प्रसंस्करण यूनिट का भ्रमण किया। इस दौरान जैना बस्ती में तेजस्विनी महिला संघ की अध्यक्ष गायत्री देवी और प्रखंड संघ समन्वयक विजय ठाकुर के नेतृत्व में महिला मंडल की दीदियों ने मांदर-ढोलक की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तूत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान रंजन एवं विश्वकर्मा ने जैना बस्ती में संचालित पेपर प्लेट यूनिट की संचालक कौशल्या देवी से एवं टांडमोहनपुर में संघ द्वारा जेएसएलपीएस, प्रदान एवं नाबार्ड के सहयोग से संचालित हल्दी यूनिट की दीदियों से आजीविका के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की एवं लागत कम कर मुनाफा बढ़ाने के टिप्स दिए।

# कुमारधुबी बाजार से मोटरसाइकिल चोरी लगातार घट रही घटना से लोग परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** कुमारधुबी बाजार बकरी पट्टी से चिरकुंडा गांजा गली निवासी सतीश कुमार बर्मन का ब्लू रंग का ग्लैमर मोटरसाइकिल संख्या JH10 BB 0968 चोरी हो गया। भुक्तभोगी ने इसकी लिखित शिकायत कुमारधुबी पुलिस से की है। भुक्तभोगी सतीश बर्मन ने बताया कि हर बार की तरह कुमारधुबी बाजार सब्जी लेना गया था। बकरी पट्टी में मोटरसाइकिल हैंडल लॉक कर के चला गया। वापस आकर देखा तो मेरी मोटरसाइकिल अपने स्थान से गायब थी। इधर उधर खोजने का प्रयास किया। लोगों से पूछताछ किया लेकिन नहीं मिला जिसकी लिखित शिकायत कुमारधुबी पुलिस से की है । आपको बताते चलें कि कुमारधुबी बाजार में



रविवार और गुरुवार को सप्ताह में हाट बाजार लगता है। दूर दूर से लोग सब्जी बाज़ार करने आते है। मोटरसाइकिल चोर के कुछ सक्रिय गिरोह इन दिनों दोनों दिन की हाट बाजार में पूरी तरह से सक्रिय है। आए दिन किसी न किसी मोटरसाइकिल चोरी कर घटना को अंजाम दे रहे। बकरी पट्टी से मोटरसाइकिल चोरी यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व में भी कई घटनाएं घट चुकी है। जानकारी के मुताविक बाइक चोर गिरोह कुमारधुबी के आसपास क्षेत्र है जो प्रत्येक हाट बाजार करने आने वाले लोगों के मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि लिखित शिकायत दी गई है। पुलिस इस पर तफ्तीश में जुट गई है। हालांकि मोटरसाइकिल में डबल लॉक लगाने के लिए कुमारधुबी पुलिस लगातार अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों से अपील कर रही है लेकिन अब लोगों को जागरुक होने की आवश्यकता है।

## जोगता नागरिक मंच ने हिलटॉप आउटसोर्सिंग का किया चक्का जाम

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोगता नागरिक मंच के द्वारा सोमवार को हिलटॉप आउटसोर्सिंग पहुंच कर कंपनी का चक्का जाम कर दिया गया। पूर्व पार्षद जसीम अन्सारी ने कहा कि ये आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल दोनो मिलकर जोगता का अस्तिव ही मिटाना चाहती है। उदाहरण के रूप मे सेन्द्रा जोरिया नदी को ले सकते है। जोगता के लोग छठ पर्व के समय यहाँ आर्ध्य देने आते है लेकिन कंपनी ने जोरिया नदी का अस्तित्व ही मिटा दिया। बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी क्षेत्र के लोगो को पानी, बिजली को जान बुझकर अवरूद्ध कर दिया जाता है। ओबी डम्प के वजह से लोगो को अस्थमा जैसी बिमारी का खतरा बना रहता है। कहा की कंपनी अपना काम करे लेकिन लोगो को परेशान न करे।

## श्यामपुर बी कोलियरी कार्यालय में बीसीकेयू ने की तालाबंदी



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईसीएल के मुग्मा क्षेत्र अंतर्गत श्यामपुर बी कोलियरी में बीसीकेयू के बैनर तले सोमवार को कोलियरी के कार्य को बाधित करते हुए कार्यालय में ताला जड़ दिया गया। बताया गया कि यूनियन के कुछ सदस्य जो श्यामपुर बी कोलियरी में कार्यरत थे उसमें से चार कोल कर्मियों के रिटायर होने के 6 महीने के बाद भी उनका ग्रेजुएटी का भुगतान नहीं किया गया। साथ ही लगभग एक सौ कोल कर्मी जो कि अपने निजी आवास में रहते हैं, उनका हाउस रेंट काटने को लेकर हंगमा और कार्यालय में ताला बंदी कर दिया। इस बीच ईसीएल प्रबंधक के ख़िलाफ़ बीसीकेयू के मुग्मा अध्यक्ष आगम राम तथा बरमुड़ी ग्रुप लीडर रामजी यादव सहित सभी यूनियन के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मुगमा ईसीएल प्रबंधक की ओर पर्सनल मैनेजर मो. दानिश ने एक दिन का समय मांगा और सभी मांग पूरे करने का आश्वासन दिया जिसके बाद यूनियन द्वारा तालाबंदी खत्म किया गया।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता बेंगाबाद प्रमुख मीना देवी ने किया। मोके पर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह थाना प्रभारी शशी सिंह बेंगाबाद बीडीओ क्युम अंसारी सीओ कृष्ण कुमार मरांडी एसआई प्रशांत कुमार उप प्रमुख प्रतिनिधि जैनुल अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर बेंगाबाद प्रमुख मीना देवी ने मोहर्रम पर्व शांति पूर्ण माहोल में मनाने की अपील की साथ ही उन्होंने बेंगाबाद प्रखंड से आये सभी जनप्रतिनिधियो व अखाडा लाइसेंसधारियो से अपने अपने पंचायत में रूट चार्ट के अनुसार मोनेटरिंग कर अखाडा शांति माहोल में निकालने की अपील की। बेंगाबाद बीडीओ कयूम अंसारी ने बताया झारखंड सरकार द्वारा गाइडलाइन का अनुपालन सभी को करना है जुलुस निर्धारित समय तक अखाडा समापन करने की सलाह दी साथ ही कहा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बेंगाबाद अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी ने कहा कि अफवाह पर ध्यान नहीं दें व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन और सोशल मीडिया के पत्रकारों से अपील कर कहा कि कोई ऐसी प्रतिबंधित तस्वीर या भ्रामक खबर बिना सत्यापन किए हुए वायरल ना करें अन्यथा उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने कहा क्षेत्र में कहीं किसी प्रकार की घटनाएं होती है तो तुरंत थाना को सूचना दें। ओर आपस में भाइचारे के साथ त्यौहार मनावें ।

## बाबा धाम के लिए कांवरिया जत्था हुआ रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** चिरकुंडा कांवरिया संघ के 91 कांवरियों की जत्था सोमवार को सावन के तीसरे सोमवारी पर चिरकुंडा तीन नंबर चढ़ाई से व्यवसायी अजय सिंह के नेतृत्व में 16 वीं वर्ष देवघर के लिए रवाना हुआ जो प्रत्येक वर्ष जत्था लेकर पूरे भक्तिभाव से रवाना होते है। इस दौरान बोल बम के नारों से चिरकुंडा क्षेत्र गुंज उठा।

यात्रा के दौरान सर्व प्रथम माता कल्याणेश्वरी का भी दर्शन कर कांवरियों ने मत्था टेका। आयोजक अजय सिंह ने बताया कि हर साल झारखंड, बिहार और बंगाल के कांवरिया आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक परिवार के सदस्य की तरह चिरकुंडा से देवघर में बाबा



भोलेनाथ को जलार्पण करने के लिए जाते हैं। नाचते, गाते, झूमते वे सुलतानगंज से पैदल दूरी तय कर देवघर पहुंचते हैं। पिछले 15 वर्षो से चिरकुंडा कांवरिया संघ बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ सुल्तानगंज के लिए रवाना होते है। वहां वैदिक मंत्रोउच्चारन के साथ पवित्र पात्र में गंगा जल भर कर पैदल यात्रा तय कर देवघर में बाबा पर जलार्पण करते हैं और बाबा वैधनाथ सबो की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

## भाकपा माले ने किया नगरनिगम में पेयजल की समस्या को किया लेकर प्रदर्शन

### पंद्रह दिन के अंदर काम नही हुआ तो नगरनिगम में देंगे धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को माले के द्वारा गिरीडीह नगरनिगम में पेयजल की समस्या को लेकर कई वार्ड के प्रतिनिधि को लेकर किया गया,जोरदार प्रदर्शन, अगुवाई कर रहे थे माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, श्री सिन्हा ने कहा कि नगरनिगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या सालो भर बनी रहती है,सभी वार्ड की जनता परेशान है,पानी का टेंडर लेने वाले सुबह शाम पानी नही दे पा रहे है,दो तीन दिन में एक दो बार पानी दे पा रहे है,जिससे हरेक वार्ड की जनता परेशान है।वार्ड 24 के माले नेता इफ्तकार अंसारी,एकराम और उनके



साथी सदर बिट्टू खान ने कहा की चार सालों से कोलडीहा में पानी नही आ रहा है,सभी प्रतिनिधि को बोलकर थक गए अब माले ही करवाएगा काम यह समझ में आ गया। वार्ड 18 के कलीम* साजिद, आजाद नगर प्रेसिडेंट नाजिर हुसैन, प्रकाश कुमार, संतोष कुमार ने कहा कि 60 साल से पेयजल समस्या है,केवल 20 फिट का पाईप से होगा समस्या हल, माले पर भरोसा है। वार्ड 20 के पूर्व मुखिया बबलू पसवान, सलाउद्दीन, रोकी, गोल्डन, दिलेश्वर ने कहा कि बीस सालों से पेयजल की समस्या थी माले नेता राजेश सिन्हा के प्रयास से पाईप लाईन लगाया गया है, पानी मिलने की संभावना है,किंतु पाईप को जहां से बोला गया नही जोड़ा गया,पाईप बचाने की क्रिया चल रही है। इधर सीटी मेनेजर मंजूर आलम ने कहा की श्री सिन्हा की अगुवाई में आवेदन दिया गया है, सिन्हा ने एक और काम का आवेदन दिया था, 6 नंबर में पाईप लाईन बिछाने का वह हो गया है, इनका और भी काम जल्द कर लिया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा वार्ड एक से चार तक पाईप बिछा है पानी की समस्या बरकरार है, वार्ड 33, 34, 35, 36,7, 8, 9,10,11,12,13 आदि में भी पेयजल की समस्या है, जल्द सभी जगह का सर्वे करवाकर काम पर जल्दी कार्य किया जाय,वरना 15 दिन के बाद धरना पर बैठेगा माले।

## प्रिंस खान के घर पर ढोल नगाड़े के साथ चिपका इश्तहार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोस्टवांटेड अपराधी प्रिंस खान की तलाश में धनबाद पुलिस वासेपुर स्थित उसके घर पहुंची और ढोल नगाड़े बजा कर 30 दिन के अंदर सशरीर धनबाद न्यायालय में पेश होने का इस्तेहार चिपकाया। इस्तेहार में उसके भाई गोपी खान का भी जिक्र धनबाद न्यायालय के निर्देश पर की गई है। यह कार्रवाई बैंक मोड़ थाना प्रभारी की मौजूदगी में संपन्न किया गया। इस मामले में जानकारी देते हुए धनबाद पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 284/2021 के तहत प्रिंस खान उर्फ हैदर अली, उसके भाई गोपी खान उर्फ जियाउल रहमान और पिता नाशीर खान जो की कमर मकदूमी रोड के निवासी है। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश होना है नहीं तो 30 दिनों के बाद घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## 12 दिवसीय निःशुल्क योगासना स्पोर्ट ट्रेनिंग कैम्प प्रारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** 24 जुलाई से 4 अगस्त तक चलने वाले 12 दिवसीय योगासना स्पोर्ट कैम्प का सुभारम्भ दिप प्रजलित कर रेड क्रॉस भवन में किया गया।

गिरिडीह योगासना स्पोर्ट संघ की महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि गिरिडीह योगासना स्पोर्ट संघ द्वारा योगासना स्पोर्ट की बारीकियों को सिखाने के लिए इस कैम्प का आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है ।

इस कैम्प में योगासना के खिलाड़ियो को योग को कैसे खेल के रूप में खेलना है इसका प्रशिक्षण बेसिक से दिया जायेगा ताकि गिरिडीह के खिलाड़ी भी आगामी जिला और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर जिला ही नही पूरे राज्य का नाम रौसन कर सके।

जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि आगामी 19 और 20 अगस्त को होने वाले द्वितीय जिला स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण शिविर को लगाया गया है।

इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए जिले भर के सभी स्कूलों को पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया है कि वो अपने विद्यालय के बच्चो के इसमें भाग लेने के लिए भेजे तकी बच्चे योग को खेल के रूप में जान सके और आगामी प्रतियोगिताओ में पदक जीत कर विद्यालय का नाम रौसन कर सके।

कोषाध्यक्ष अमित स्वर्णकार ने बताया कि आज पहले दिन अलग अलग स्कूलों और कॉलेज से लगभग 100 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया आज का प्रशिक्षण दयानद जैसवाल ने दिया।

## बाइक सवार युवकों ने महिला को मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रोड जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सेन्ट्रलपिट में बीती रात रविवार को बाइक सवार युवकों ने एक महिला को पीछे से ठोकर मार दी थी। जिसके बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान धनबाद में महिला की मौत हो गयी। जिसके बाद इलाके में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। मौत की सूचना के बाद काफी संख्या में लोग घटना में शामिल युवकों की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर नारेबाजी कर रहे है।सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश



पासवान सदलबल मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने में जुट गए है। हालांकि घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है, माहौल को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया है।

## टुंडी प्रखंड का प्रतापपुर पांडेयडीह पथ जर्जर ग्रामीणों का चलना हुआ दुर्लभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के प्रतापपुर पांडेयडीह पथ की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है वैसे तो इस रोड में काम हुए कई साल हो गए अत्यधिक वर्षा होने पर यह पथ पर चलना भारी संकटों से सामना करना जैसा है खासकर स्कूली वाहन एवं एंबुलेंस को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यहां के ग्रामीण इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव को बहिष्कार करने की तैयारी में हैं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क नहीं तब तक वोट नहीं आखिर कितने दिनों तक हम लोग बेवकूफ बनकर रहेंगे पांडेयडीह के छात्र राजकुमार पांडे का कहना है कि यह सड़क का नहीं बनाना बहुत ही दुखद बात है टुंडी के सभी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क कायाकल्प हो गया पर पांडेयडीह प्रतापपुर पथ की स्थिति जस का तस बना हुआ है उस पर भी इस वर्ष कम वर्षा हुआ नहीं तो इसमें पैदल चलना तो क्या है खड़ा होने में भी आफत था।

## यात्री सुविधा पर महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने आज दिनांक 24.07.2023 को मुख्यालय, हाजीपुर के सभागार में पूर्व मध्य रेल के प्रधान विभागाध्यक्षों एवं सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय तथा धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की । इस बैठक में महापबंधक द्वारा यात्री सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गयी । महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा को उच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्रतीक्षालय, स्टेषनों एवं सर्कुलेटिंग एरिया तथा ट्रेनों में साफ-सफाई, उच्च गुणवत्तायुक्त लिनन एवं कैटरिंग जैसे यात्री सुविधा आदि की समीक्षा की ।

### दुर्घटना में मृत पारा शिक्षक के आश्रित को

## उपायुक्त के निर्देश पर तत्काल दिया गया आवास योजना का लाभ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के निर्देश पर टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने सड़क दुर्घटना में मृत पारा शिक्षक के आश्रित को तत्काल आवास योजना का लाभ मुहैया कराया। टुंडी प्रखंड के कोल्हर पंचायत के कमियाडीह गांव के पारा शिक्षक बुद्धदेव सिंह की मृत्यू टुंडी पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में हो गई थी। उनकी पत्नी सुदामा देब्या ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से आवास के लिए गुहार लगाई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तत्काल टुंडी प्रखंड के आवास सम्नवयक गोरी शंकर चौधरी, मुखिया बिजय मंडल, पंचायत सचिव गौतम कुमार तिवारी को बुलाया तथा उक्त महिला के नाम फाइल बनाकर उपायुक्त के संज्ञान में दिया। उपायुक्त के निर्देश पर सुदामा देब्या को आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। एक-दो दिन में उन्हें आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि विमुक्त कर दी जाएगी।

# भव्य भक्ति जागरण के साथ लोहरदगा से निकली विशाल कांवर यात्रा

➲लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में किया जलार्पण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवाकी बाबाधाम के लिए रवाना हुए। काँवर यात्रा की शुरुआत मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से हुई। शिवभक्तो की टोली बरवाटोली से निकलकर महावीर चौक, गुदरी बाजार, राणा चौक, मिशन चौक होते हुए देवाकी के लिए प्रस्थान किया। फूलो से सजी पालकी में भगवान शिव की प्रतिमा को लेकर शिवभक्त पैदल नंगे पैर देवाकी पहुचे। पालकी के पीछे पीछे शिवभक्तों की टोली भक्तिमय गीतों पर नाचते गाते हुए देवाकी पहुचे। लगभग 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण किया। वही भगवान शिव,माता पार्वती, हनुमानजी,नंदी महाराज,शिवगण समेत अन्य की सजीव झांकी सजाई गई थी। वही मास्टर धनेश व उनकी टीम के द्वारा भव्य भक्ति जागरण किया गया। शिवभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर लोग झूमते नजर आये। भक्तगण कतारबद्ध तरीके से होकर पैदल जा रहे थे। भक्तो की लगभग एक किमी लंबी कतार लग गई थी। भक्तगण हर हर महादेव, जय शिव शंकर,जय श्री राम आदि के जयकारे लगा रहे थे। काँवर यात्रा का उद्घाटन उपायुक्त डा0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एस.डी.ओ. अरविंद कुमार लाल, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम,सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत पगड़ी व साफा पहनाकर किया गया। सभी अतिथियों ने गंगा जल लेकर मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के बाद मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए। सुल्तानगंज से लाये गए गंगाजल को भक्तो के बीच बांटा गया। कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था किया गया था। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कांवरियों को शुभकामनाएं दिया। कहा कि हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर सबकी मनोकामना पूरी करे। जिला भी प्रगति की राह पर आगे बढ़े। बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग पवित्र यात्रा में जा रहे हैं। आगे भी यही परंपरा चलती रहे यही मेरी कामना है। वही अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने सभी काँवर यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद यात्रा की कामना किया।

## उपायुक्त ने कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान विभाग की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बीज वितरण, बारिश की स्थिति, कृषि ऋण माफी अंतर्गत लाभान्वित किसान, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन, कृषि पाठशाला आदि की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में लाभुकों के आवेदन लक्षित भूमि अनुसार ज्यादा से ज्यादा की संख्या में सृजित करने का निदेश दिया गया। सभी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधकों को इस संबंध में आवश्यक निदेश दिये गये। केसीसी योजना के संबंध में जो आवेदन बैंकों द्वारा कृषि कार्यालय, लोहरदगा को वापस किये गये हैं उन्हें पुनः जांच व सुधार कर योग्य लाभुकों को लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के एक्शन प्लान से अवगत कराया गया जिसमें प्रशिक्षण, किसान मेला,डेमोन्स्ट्रेशन आदि कार्य शामिल हैं। पशुपालन व गव्य विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा में वर्ष 2022-23 में गाय वितरण की योजना में बचे हुए लक्ष्य को एक सप्ताह में पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर कुडू में हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन की दूसरी सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में आस्था का सैलाब फूट पड़ा। प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर, बड़की चाँपि शिव मंदिर,टाटी शिव मंदिर, बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतुरा,पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। और पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे स वातारण गूंजायमान होता रहा। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में कीर्तन, भजन का आयोजन किया गया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। ईश् मौके पर सलगी एवं बड़की चाँपि सिमाना स्थित प्राचीन शिव धाम महादेव मण्डा में बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने बिधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भागवान से की। इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध, मनोज दुबे, लाल बैजनाथ शाहदेव, मनोज साहू, मुकेश साहू, संजय चंद्र मुखर्जी, धीरेंद्र सिंह, मुकेश चंद्र यादव,कामेश यादव, संतोष पासी, सोनू वर्मा, प्रवीण गोयल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सावन के तीसरी सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** पवित्र माह सावन महीने का तीसरे सोमवारी को पूजा अर्चना के लिये मंदिर और देवालयों में उमड़ी श्रद्धालु भक्तों का भीड़। सावन माह तीसरे सोमवारी के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र विभिन शिव मंदिर और देवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी साथ ही प्रखंड मुख्यालय के अलावे सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, बदला, झखरा, सेन्हा, बक्सीडीपा, चंदवा गढ़गाँव सहित अन्य शिव मंदिरों में महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना के लिये सुबह से ही महिला पुरुष और बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु भक्तों का मन्दिर में आना प्रारंभ हो गया था। उस दौरान मंदिर में दिनभर भक्तों का भीड दिखाई दिया। मौके पर भक्तों ने शांति पूर्वक हर्षोउल्लाश के साथ पूजा अर्चना किया वही कही कही मंदिरों अधिक भीड़ होने के कारण पूजा कराने के लिए आचार्य पंडित के द्वारा लोगों को बारी बारी से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था। जिसे प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं भक्तों की भीड़ लगी रही। भगवान शंकर का पवित्र माह सावन के तीसरे सोमवारी पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा विशेष रूप से उमंग व उत्साह के साथ महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना किया गया। जिसे सभी जगह मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालु भक्तों का भीड़ से मेला सा दृश्य लग रहा था। वही श्रद्धालु भक्त विभिन्न नदी और जलाशय से जल ले कर बोल बम और हर हर महादेव का जयकारा करते हुए मंदिर परिसर पंहुच श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर से श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपने लिये और क्षेत्र के लिये अमन चैन एवं सुख शांति के लिये मङ्गल कामना किया गया।

## शांति, प्रेम और उल्लास के साथ मनाये मुहर्रम का त्योहार : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मुहर्रम पर्व को लेकर जिप सदस्य की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आयोजन किया गया। मुहर्रम पर्व का आयोजन को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्यरूप से शांति, सौहार्द व सद्भवना के साथ मिल जुल कर त्यौहार मनाने के विषय पर चर्चा किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि शांति,प्रेम और उल्लास के साथ त्योहार मनाये जिसे समाज में अच्छा संदेश पहुंचे और युवा वर्ग के लोग अच्छाई को सिख सकें। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की कोई भी पर्व त्योहार प्रेम व भाईचारा का संदेश देता है। पर्व त्यौहार के माध्यम से बुराई और द्वेष की भवना को त्यागना चाहिये। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि किसी भी जाति समुदाय का पर्व त्यौहार में कोई भी व्यक्ति गलत करने का प्रयास न करें और भड़काऊ या अश्लील गाना नही बजाए जिसे शांति व्यवस्था भंग हो और परेशानी बढ़े सभी लोग प्रेम, भाईचारगी के साथ हर्षोल्लाष से त्यौहार मनाये यही आप सबों से अपेक्षा है। पर्व त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति गलत करता है। या अश्लील या गलत मैसेज करता है। तो वैसे लोगों के प्रति नियम संगत सख्त कानूनी करवाई किया जाएगा। मौके पर जिप सफ़सय राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, उप प्रमुख पॉल पन्ना, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एस आई गणेश कुमार यादव पंचायत समिति सदस्य, अफसाना खातुन, सफरुद्दीन अन्सारी, मुखिया शोभा देवी, राजश्री उराँव, पार्वती देवी के अलावे मिथलेश मिश्रा, इम्तियाज अन्सारी, राजेन्द्र साहु, इमरान आजाद, शौकत अन्सारी, राजकिशोर महतो सहित शांति समिति के सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक हुई संपन्न



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमड़ेगा प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमड़ेगा में शिशिर कुनुल जोजो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सिमडेगा प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच का पुनर्गठन किया गया। जो निम्न प्रकार है-अध्यक्ष-अपलुस एक्का, उपाध्यक्ष-जोनसन लुगुन, सचिव-अमृत डाँग, सह सचिव-स्तानीसलास डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष-ईमिलिया डुंगडुंग, कार्यकारिणी सदस्य - जोशेफ किड़ो, दीपक सुरिन, अनिल डुंगडुंग, सेबेस्टियन किड़ो, सुगढ़ लुगुन, जयप्रकाश सोरेंग, सैहुंन केरकेट्टा, बेंजामिन तिर्की, सिलास डुंगडुंग,अजित डुंगडुंग, जेंडर केरकेट्टा, जोशेफ किड़ो, ख्रीस्टोदास किड़ो, जोनसन कुल्लु, फुलकेरिया कुल्लु, अजियल डुंगडुंग, ज्योति प्रकाश केरकेट्टा, कल्याण बरला, मार्सेलन बागे बनाये गए। इस बैठक में मुख्य रूप से JJBA के कुन्दन कुमार गुप्ता,समर्पण सुरिन, खुशीराम कुमार, तेलेस्फोर तोपनो, अनूप लकड़ा, दिलीप टोप्पो आदि लोग उपस्थित थे।

## धीरज प्रसाद साहू की भाभी के निधन पर कांग्रेसियों में शोक की लहर

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारिणी सदस्य और राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू जी के बड़े भाई श्री उदय शंकर साहू जी की धर्मपत्नी स्वर्गीय अरुणा साहू के निधन से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी मर्माहत और शोकाकुल है। इनके निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में साहू परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दुःख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी साहू परिवार के साथ खड़ी है और ईश्वर से प्रार्थना है इस विकट परिस्थिति में पूरे परिवार को दुःख सहने की शक्ति दे। तथा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दुःख ब्यक्त करने वालों में स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, सकील अहमद, अशोक कुमार यादव, अजय सहदेव, नेसार अहमद, साबिर खान, जगदीप भगत, निशित जयसवाल, मनोज प्रसाद, बिरकेशरी सिंह, प्रो लोहरा उरांव, रीना कुमारी भगत, मोहन दुबे, रऊफ अंसारी, पंचम राम,समूल अंसारी,सलीम अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, जबरुल अंसारी, पवन गौतम, प्रभातभगत, सदरूलअंसारी, सत्यजीत सिंह, सनियारो उरांव, संतोषी उरांव, सुचित्रा भगत, सुनीता कच्छप, दीपक महतो, सीमा प्रवीन, सुशीला देवी,सरिता देवी,संगीता उरांव, राजमणि उरांव,अमृता भगत, प्रखण्ड अध्यक्ष युनुस अंसारी, तनवीर गौहर,अनीस अहमद, अनिल उरांव, जुगल भगत, विनोद सिंह खेरवार, सत्यदेव भगत, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, सिकंदर अंसारी, शंभू प्रजापति, डोमना उरांव, जयनाथ साहू, सचिव मुस्ताक अहमद, दिनेश गुप्ता, प्रदीप विश्वकर्मा, मनोज जयसवाल, पंकज जयसवाल, रमेश उरांव, अर्जुन उरांव,महावीर उरांव, लालमोहन केशरी, राधा देवी, प्यारी उरांव, उमेश्वर नाथ तिवारी, किस्सा साहू, शरत विद्यार्थी, आशीष भगत, नंदकिशोर शुक्ला, दीपक ठाकुर, प्रकाश उरांव, आजाद खान, रवि कुमार साहू, सुमित्रा उरांव, अनीता मुंडा, बसंती उरांव, बबिता देवी, सुखी उरांव, बालमुनी उरांव, जीवन लकड़ा, संतोष महतो, इंतखाब आलम आदि शामिल है।

## थाना परिसर में मुहर्रम त्यौहार को मिलजुल कर मनाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो थाना परिसर में 24 जुलाई दिन सोमवार को पुलिस अंचल निरीक्षक मंटु कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो अंचल अधिकारी कमलेश उरांव थाना प्रभारी शंखनाद उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी मोहर्रम त्यौहार को लेकर ग्रामीणो के साथ बैठक की। जिसमें आपसी ताल-मेल, प्रेम व भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मानने पर चर्चा किया गया। वहीं ग्रामीणों ने मुहर्रम त्यौहार की शुरुआत छोटकी चौकी से लेकर मुहर्रम मेला समापन तक का सड़क मार्ग जिससे होकर मुहर्रम की जुलूस गुजरता है। का मौखिक रूप से अवगत कराया गया। प्रशासन द्वारा मुहर्रम कमिटी को वॉलंटियर्स प्रतिनियुक्त करने का भी आग्रह किया। साथ ही दोनों समुदाय के बुद्धिजीवियों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि त्यौहार शांतिपूर्वक सम्पन्न होगा। उपद्रवियों व नशेड़ियों पर विशेष नजर रखी जायेगी। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, उपप्रमुख मधूलिका रानी, विससूत्री सदस्य सरत कुमार विद्यार्थी,नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, जमील अंसारी, जितबहान महतो, अख्तर अंसारी, मोजहिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, जुल्लू खान, समीद अंसारी,जुबैर अंसारी, जावेद अख्तर इत्यादि सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## दार्शनिक स्थल मां वनदुर्गा में तीसरी सोमवारी पर हुआ जलाभिषेक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बोलबा प्रखंड के दार्शनिक स्थल मां वनदुर्गा के पावन प्रांगण में स्थित शिवालय में तीसरे सोमवार को हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया। सर्वप्रथम बैल धोवा नदी में पुरोहित परमेश्वर पंडा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल उठाओ कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात हजारों भक्तों ने बैल धोवा नदी से पदयात्रा करते हुए पर्यटक स्थल मां वंदुर्गा के पावन धरती पर पहुंचकर शिवालय पर जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। आरती के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्योतिषाचार्य संजय मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य श्री जगरनाथ सिंह केसरी सिंह जहूरन सिंह कैलाश सिंह प्रमोद सिंह अरुण सिंह शंकर सिंह काजल तिवारी देवकी कुमारी विरसमानी कुमारी एवं हजारों भक्तगण उपस्थित थे।

# रानी सती मंदिर में मंदिर निर्माण को लेकर की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर पर एक अहम बैठक राणी सती मंडल लोहरदगा के अध्यक्ष श्री शिव प्रसाद राजगढ़िया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे की दादी जी का मंदिर निर्माण जल्द से जल्द पूरा हो इसके लिए जोर दिया गया, अब तक 12 लोगों ने ट्रस्टी के लिए अपने नाम की सहमति दी है,और बाकी अन्य लोगों से तीन सदस्य कमेटी के लोग श्री जय प्रकाश शर्मा, श्री अनुराग पोद्दार, श्री चंदन राजगढ़िया मुलाकात कर ट्रस्टी बनने हेतु सहमति लेंगे, बैठक पर निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम तीनों मंड के गुंबज का निर्माण कराया जाएगा, गुंबज आकर्षक के साथ-साथ काफी भव्य बनाया जाएगा, जिसकी खूबसूरती एवं भव्यता दूर से भी नजर आएगी, इसके लिए महाराष्ट्र के कारीगर से बात की गई है, तीन गुंबज में से एक गुंबज का निर्माण के लिए एक दादी भक्त ने अपनी सहमति दी है जिसका की सभी ने ताली बजाकर स्वागत किया, और सभी ने अन्य दो गुंबज के निर्माण हेतु लोगों से सहयोग की अपेक्षा की है,जिससे कि तीनों गुंबज का निर्माण जल्द से जल्द पूरा हो सके, पुनऱअगली बैठक 30 जुलाई 2023 को रात्रि 9:00 बजे से मंदिर परिसर पर रखा जाएगा, आज की बैठक पर शिवप्रसाद राजगढ़िया, दीपक सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, जय प्रकाश शर्मा, अनुराग पोद्दार, मनीष पोद्दार, रुपेश चौधरी, चंदन राजगढ़िया, अमित बंका, मयंक मोदी, अभिषेक बंका, अतुल सर्राफ आदि थे।

## जिला भाजपा के कार्यकर्ता, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक में हुए शामिल, मिली अहम जिम्मेवारी



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की एक दिवसीय बैठक शिव शंकर उरांव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी,अजजा राष्ट्रीय मोर्चा अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेन्द्र जी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर जी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव जी ने , बैठक में आगामी छ् माह की कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों के बिषय में जानकारी दी। जुलाई एवं अगस्त 2023 ई. में करणीय कार्य के संबंध में मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की जानकारी बताई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए मोर्चा ने दो दो कार्यर्ताओं को विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। सिमडेगा विधानसभा 70 के लिए अजजा मोर्चा से कार्यक्रम प्रभारी श्रद्धानंद बेसरा और सह प्रभारी बसंत नारायण मांझी को एवं कोलेबिरा से कार्यक्रम प्रभारी सुजान मुंडा और सह प्रभारी राहुल बड़ाइक को बनाया गया है। प्रदेशानुसार प्रभारियों को प्रत्येक प्रखंडों में 5 - 5 दिनों का प्रवास करना है, शक्ति केंद्र में 10 सदस्यीय कार्यसमिति गठित करना। अधुरा मंडल स्तर के मोर्चा संगठन को पुरा करना। जिला स्तर पर मोर्चा का गठन अधुरा हो तो गठित कर पुरा करना। प्रत्येक बुथ में अनिवार्य रूप से बुथ समिति का गठन करना। जनजातीय मतदाता वाले बुथों की सुची बनाना इत्यादि अनेकों ऐसे कार्य कर करने का निर्देश दिया गया है जिससे अधिक से अधिक जनजातीय समुदाय के लोग जुड़ सके। विधानसभा प्रवास के लिए, छः कार्यकर्ताओं की टीम रहेंगी, दो विधान सभा प्रभारी, प्रत्येक जिले का अध्यक्ष, दो महामंत्री, एक जिला संगठन प्रभारी, उपरोक्त छः सदस्यों की टीम शक्ति केंद्र के प्रत्येक बुथ तक पहुंच सुनिश्चित करेंगे और करणीय कार्यों को पूरा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत नारायण माझी पूर्व मंत्री विमला प्रधान श्रद्धानंद बेसरा शिवराज बड़ाईक रविंद्र बड़ाईक रविकांत प्रधान मौजूद थे।

रौशनी कन्या व रोहित तरुण भारती के प्रधानमंत्री बने

# शपथ ग्रहण समारोह में एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने दिलाई शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में सोमवार को पद ग्रहण समारोह में छात्र संसद के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने तरुण भारती के प्रधानमंत्री रोहित कुमार साहू और कन्या भारती की प्रधानमंत्री रौशनी उरांव को पद, गोपनीयता और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। छात्र संसद महाविद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग क्रमशः तरुण भारती और कन्या भारती के रूप में जानी जाती है। मौके पर एसडीओ ने कहा कि आने वाले चुनावो में चुनाव आयोग ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि मतदान करने वालो का प्रतिशत 68 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत से पार हो। इसके लिए अब की बार 75 बार स्लोगन दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत में मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने से लेकर चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तरुण भारती और कन्या भारती के प्रधानमंत्री के रूप में क्रमशः रोहित कुमार साहू और रौशनी उरांव को शपथ दिलाई। दोनों के मंत्रिमंडल सदस्यों में अमर उरांव, मंतोष उरांव, विवेक तिर्की, आदित्य उरांव, अभय साहू, मोहित कुजुर, अमित उरांव, राज प्रजापति, रोशन उरांव, नैतिक राज, अमर उरांव, कशिश कुमारी, कनक दीप, ईशा कुमारी, बबली कुमारी, शशि कच्छप, अनीमा कुमारी, आकांक्षा पांडे, मधु श्वेता कुजुर, प्रिया कुजुर, पूनम कुमारी ने भी शपथ ग्रहण किया। अतिथियों का परिचय और स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। समारोह को उपाध्यक्ष विनोद राय ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि अरविंद कुमार लाल का अभिनंदन अंगवस्त्र, श्रीफल एवं श्रीमद् भागवत गीता की पुस्तक भेंट कर किया गया।

## भूजनिया ध्वस्त पुल का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में होगा : सुखदेव भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के ग्राम भूजनिया, ईटा के ग्रामीणों की शिकायत पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ भूजनिया गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि भूजनिया बोकटा नदी में बने पुल विगत लगभग 5 वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा काम चलाओ ध्वस्त पुलिया के ऊपर मिट्टी भरकर काम चलाव आवागमन कर रहे हैं लेकिन यह पूल कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकताहै। इसलिए ग्रामीणों ने श्री सुखदेव भगत से पुल बनवाने की मांग किए। श्री भगत ग्रामीणों के साथ क्षतिग्रस्त पुल का मुआयना भी किए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र से लगभगत 20-25 गांवों के लोगों का आवागमन होता है। पूल काफी जर्जर अवस्था में है यह पूल कभी भी पूरी तरह से ध्वस्त हो सकता है जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाएगा। श्री भगत ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वे इस पुल का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में कराने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र की जन समस्याओं का निदान करना उनका दायित्व है और उसके लिए हुए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू, आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष फुलदेव उरांव, मुखिया वासुदेव भगत, हकीम अंसारी, भोला राम, मोजीम अंसारी, विनोद भगत, प्रदीप भगत, बृजेश उरांव, साहबीर उरांव, संजय राम, रवि राम, रामा उरांव,रामकृष्णा उरांव, मुन्ना राम, रविंदर राम,सुखू उरांव, मंसूर अंसारी, महादेव पाहन, बिहारी पाहन कपिल राम इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे। फिर इसके बाद सुखदेव भगत ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवासीय कार्यालय रांची में मुलाकात कर जनहित में इसी वित्तीय वर्ष में भूजनिया बोकटा नाला में ध्वस्त पूल के स्थान पर नया पुल बनाने हेतु उन्हेंएक पत्र सौंपा। मंत्री जी ने सुखदेव भगत को आश्वासन दिया कि इसी वित्तीय वर्ष में नया पुल का निर्माण कराया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### चाकू बाजी करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** लोअर बाजार थाना ने गोलू कुमार रजक उर्फ अजय रजक को सोमवार को जेल भेज दिया । थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि रविवार रात शहीद अल्बर्ट एक्का चौक के समीप डीजे बजने व नाचने के दौरान लड़ाई हुई। इसी क्रम में हिंडपीढ़ी लेक रोड का रहने वाला गोलू ने हिंदपीढ़ी निवासी विश्वकर्मा को पेट में चाकू मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। जिसका ईलाज गंभीर स्थिति मे रिम्स मे चल रहा है। पुलिस ने कार्रवाई कर कुछ ही घंटों में गोलू रजक को घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

### मुहर्रम आपसी सौहार्द के साथ मानने को लेकर डोरंडा थाना में हुई बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** डोरंडा थाना क्षेत्र मे थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के नेतृत्व मे मुहर्रम पूर्व को आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ मानने को लेकर डोरंडा थाना परिसर मे सोमवार को शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया।बैठक मे डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी सहित कमिटी के सभी सदस्य ,डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार उपस्थित रहे। बैठक मे डोरंडा के सभी अखाड़ा के खलीफा एवम समाजसेवी भी मौजूद रहे। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने सभी को अस्वस्त किया की प्रशासन हर पल आप के साथ खड़ी है। मौके पर नगर निगम सभी ईमाम बड़ा के आस पास विशेष सफाई करवाए। बैठक मे डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी, डोरंडा महावीर मंडल के साथ सभी खलीफा व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मणिपुर की घटना पर झूठा विलाप बंद करें प्रधानमंत्री : अशोक यादव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एटक के द्वारा शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से एटक के प्रदेश महासचिव अशोक यादव , सूर्यमणि तिर्की, सरिता किंडो , सुनीता खलखो, सतीश केसरी, रामाश्रे ठाकुर, मनोज कुर्रे, चिंटू सिंह, एस पाठक, चंदेश्वर सिंह, सुनील शाह नीरज सिंह , रमेश दुबे, केबी वर्मा और अजय सिंह शामिल थे। अशोक यादव ने कहा कि मणिपुर की घटना ने देश को शर्मसार किया है। जिस तरह वहां पर महिलाओं को नंगे घुमाया जा रहा है । महिलाओं के साथ बदसलूकी की जा रही है ।उनकी अस्मत लूटी जा रही है। देश के नरेंद्र मोदी की सरकार देश के संप्रदायिक उन्माद को फैलाने के लिए बेताब है। उनके लोग कभी लड़कियों पर हाथ डालते हैं , कभी लड़कियों को शर्मसार करते हैं, कहीं नंगे घुमाते हैं, कहीं आदिवासियों पर पेशाब करते हैं ,इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि केंद्र सरकार किस तरह से लोगों को बांट कर राजनीति रोटी से सेंक रही है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।




# तकनीक और परंपराएं साथ साथ चल सकती है : राष्ट्रपति



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय वन सेवा के प्रोबैशनर (2022 बैच) और भारतीय रक्षा संपदा सेवा (2018 और 2022 बैच) के अधिकारियों व प्रशिक्षुओं ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सिविल सेवकों के रूप में उनकी यात्रा ऐसे समय में शुरू हुई है जब भारत वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की भूमिका हासिल कर रहा है। भारत अपनी सांस्कृतिक समृद्धि के साथ-साथ अपनी तकनीकी प्रगति के लिए वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि तकनीक और परंपराएं साथ-साथ चल सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं और सुविधाएं पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ हों। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी सुशासन के लिए एक महान समर्थक है और इसलिए, उन्हें डोमेन विशेषज्ञता के साथ-साथ अपने तकनीकी कौशल को अद्यतन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि छावनियों के प्रभावी प्रशासन और रक्षा भूमि के प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम संभव उपयोग किया जाना चाहिए।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर का भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र निदेशक भारत सरकार अंतर्गत पूर्व जिला पार्षद नमिता देवी उर्फ श्रीमती लवली गुप्ता ने पांकी बाजार अंतर्गत जेडी कॉम्प्लेक्स में भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पांकी में एक भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं होने के कारण यहां के लोगों को जांच हेतु मेदनीनगर जाना पड़ता था। अल्ट्रासाउंड सेंटर खुलने के बाद लोगों को सुविधा मिलेगी उन्होंने संचालक से कहा कि पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेंटर का संचालन करें। मौके पर कहा कि मुखिया प्रेम प्रसाद, उपमुखिया अनारिक राम



,भाजपा के मंडल अध्यक्ष सतरूधन सिंह , महामंत्री श्यामनंदन ओझा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद समाजसेवी अखिलेश ठाकुर, गोविंद प्रसाद ,चंदन गुप्ता , सुमित सिन्हा,शुभम गुप्ता,रवि गुप्ता,जेडी माली, गिरधारी माली सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीबों को कराया भोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**मेदिनीनगर :** संडे का दिन होता होगा किसी के लिए सैर सपाटे का दिन, रेस्टोरेंट जाने और दोस्तों व परिवार के साथ समय बिताने का दिन। पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य इसदिन को जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर चुके हैं। तमाम सदस्य अपने अपने घरों से भोजन लेकर स्टेशन और इसके आसपास के क्षेत्रों में रह रहे अति जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य लगातार करते आ रहे हैं। इन सबों के बीच रोटी, पूरी, सब्जी, चावल, पुलाव और बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया। बच्चों को पढ़ने के लिए भी यह टीम प्रेरित करती है। ताकि भारत का भविष्य उज्जवल हो। शर्मिला वर्मा ने कहा कि हमारी टीम सबका पेट नहीं भर सकती, न ही सबकी जरूरतें पूरी कर सकती है। यह बस छोटी सी कोशिश है हमारी। ताकि इसे देखकर और लोग भी इस ईश्वरीय कार्य के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है। इसी सोच के तहद संस्था जरूरतमंदों की सेवा करती है। इस तरह का अभियान हमेशा चलता है। इस अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा, अंजू शर्मा, विवेक वर्मा, मन्नत सिंह बग्गा, आशुतोष सिंह, संध्या अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, खुश्बू शर्मा, रूपांजलि अग्रवाल और रोहित गुप्ता उपस्थित रहे और अपनी सेवाएं दीं।

## सांसद वीडी राम ने मंडल डैम के निर्माण कार्य पूर्ण कराने संबंधी मामले को उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू प्रमंडल के अति महत्वपूर्ण परियोजना उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) के निर्माण कार्य पूर्ण कराने संबंधी मामले को उठाया।

सांसद श्री राम ने कहा कि उक्त परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में आरम्भ हुआ था जो 1993 तक कार्य जारी रहा। परंतु 1993 के बाद कतिपय कारणों से उक्त परियोजना का कार्य बंद हो गया। वर्ष 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 1622 करोड़ रूपये की लागत से इस परियोजना के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। परियोजना का कार्य वाप्कोस कंपनी को मिला। माननीय प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ कि उन्होंने 5 जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में जाकर किया जिसके बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिलें की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आस जगी। परन्तु



मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकारों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां फैल रही है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मुआवजा की राशि प्रदान कराते हुए उक्त परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने की कृपा की जाय।

# कृषि और पशुपालन की मजबूती से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : सीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कृषि और पशुपालन के रास्ते ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जब तक किसान और पशुपालक सशक्त नहीं बनेंगे, राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे नहीं बढेगा। इस वजह से कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उन्हें इन योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इस दिशा में धरातल पर ठोस कार्य होगा। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कई निर्देश दिए इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें । यह सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर मूवमेंट हो सकता है।



ऐसे में यहां किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए । किसानों को यहां उन्नत और बहु वैकल्पिक कृषि की जानकारी दी जाए। किसानों को किसान पाठशाला में लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं किसानों को अगल बगल के गांव, प्रखंडों और जिलों का भी भ्रमण कराया जाए, ताकि दूसरे किसानों द्वारा की जाने वाले कृषि कार्यों से भी अवगत हो सकें।

### ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करें

मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करने के साथ केसीसी लोन उपलब्ध कराने की पहल करें। ऐसा देखा जा रहा है कि केसीसी लोन स्वीकृत करने में बैंक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं । ऐसे में सहकारी बैंकों और ग्रामीण बैंकों से लांच कराने की दिशा में कार्य करें।

### कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को तलाशें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में कई ऐसे कृषि और वन उपज हैं, जिसकी अच्छी पैदावार होती है। लेकिन, किसानों को उसका उचित लाभ नहीं मिल पाता है ऐसे में इन कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ उसके निर्यात की संभावनाओं को तलाशें । इसके साथ एग्रो इंडस्ट्रीज को भी बढ़ावा देने की दिशा में कार्य योजना बनाएं।

## असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर सहित तीन लोगों का शव बरामद, हड़कंप

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. पुणे में अमरावती पुलिस बल के सहायक पुलिस आयुक्त भरत गायकवाड़ समेत उनकी पत्नी और भतीजे का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है. बताया गया है कि यह घटना आज सुबह करीब चार बजे की है. मृतकों के नाम मोनी गायकवाड (उम्र 44), भतीजा दीपक गायकवाड (उम्र 35) हैं. इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई.पुलिस अधिकारी समेत तीन लोगों की मौत से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है कि यह हत्या है या आत्महत्या का मामला. जिस स्थिति में वारदात को अंजाम दिया गया है उससे कई सवाल उठ रहे हैं. संदेह है कि भरत गायकवाड ने पत्नी और भतीजे की हत्या करने के बाद आत्महत्या की है.उधर, इस घटना की जानकारी मिलने के बाद चतुश्रृंगी पुलिस मौके पर पहुंची.

## नशाखोरों और असमाजिक तत्वों को मुहर्रम के जुलूस में न होने दें शामिल : डीएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर सोमवार को डेलीमार्केट थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई , जिसकी अध्यक्षता कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोंय ने किया , संचालन थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के सैकड़ो लोग शामिल हुए तथा दोनों समुदायों के लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांति एवं सामाजिक सौहार्द के वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। मुहर्रम पर्व को लेकर कानून व्यवस्था तथा लाइसेंसधारी जुलूस के पूर्व निर्धारित मार्गो से ही निकाला गया। इस दौरान सभी स्थानीय मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारियों व खलीफाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बुद्धिजीवियों के लोगों से बारी बारी से विचार विमर्श किया गया तथा जुलूस से संबंधित सभी तरह के बातों को साझा किया गया एवं



मुहर्रम जुलूस को निर्धारित रुट एवं निर्धारित समय से ही निकालने व समापन करने का निर्देश दिया गया। लाइसेंसधारियों को अपनी लाइसेंस नवीकरण तथा लाइसेंस में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने, जुलूस में मशाल लेकर नहीं चलने, मर्करी का खेल नहीं दिखाने, नशा करने वालो को जुलूस में शामिल नहीं होने देने के संबंध में चर्चा की गई । पूर्ण प्रतिबंध लगाने, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट नही करने, सामाजिक तथा धार्मिक सद्भावना बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने सहित अन्य दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह, जितेंद्र गुप्ता , मो यूनुस, सागर कुमार, मो सज्जाद, मो जमील, राजेन्द्र सिंह, मो इस्लाम, मो मेहबूब, राजा भाई, मो कमालुद्दीन, सुमंत कुमार, विक्रम सिंह, मो हाकिम, मो अफ्ताफ आलम, मो जसीम हुसैन, रूपेश जयसवाल, मो नसीम, मोइन, मो अख्तर, पुअनि सरोज प्रसाद, प्रदीप केशरी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# इंडोनेशिया में नौका पलटी, 15 की मौत



**एजेंसी**

**जकार्ता :** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास यात्री नौका पलटने से 15 लोगों की मौत हो गई। इस नौका दुर्घटना में 19 अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी राहत और बचाव अभियान प्रमुख मुहम्मद अराफा ने सोमवार को दी।उन्होंने बताया कि इस नौका में क्षमता से ज्यादा यात्री सवार थे। यह नौका दक्षिण-पूर्व सुलावेसी प्रांत के बुटन सेंट्रल रीजेंसी के लांटो गांव से पास के लागिली गांव जा रही थी। इस नौका में 40 लोग सवार थे। इसकी क्षमता 20 लोगों की थी। अराफा ने कहा कि बचावकर्मी और गोताखोर 19 लोगों की तलाश कर रहे हैं। 15 शव बरामद हो चुके हैं। छह लोगों को बचा लिया गया है। रविवार को सेंट्रल रीजेंसी की नौवीं वर्षगांठ मनाने के लिए लोग यहां पहुंचे। कई लोगों को मछली पकड़ने या यात्री नौकाओं से यहां लाया गया था।उल्लेखनीय है इंडोनेशिया 17,000 से अधिक द्वीप हैं। यहां आवागमन के लिए नौका परिवहन बड़ा संसाधन है। 2018 में लगभग 200 लोगों से भरी नौका उत्तरी सुमात्रा प्रांत की एक झील में डूब गई थी। इस हादसे में 167 लोगों की मौत हो गई थी। फरवरी 1999 में यात्री जहाज डूब गया था। इसमें 332 लोग सवार थे। इनमें से मात्र 20 लोगों को खोजा जा सकता।

**सूडान में विमान हादसा, 9 की मौत**

**काहिरा ::** अफ्रीकी देश सूडान के पोर्ट सूडान एयरपोर्ट पर रविवार देर रात टेकऑफ करते समय एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चार सैनिकों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक बच्ची घायल हुई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूडान की सेना ने कहा है कि यह हादसा विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण हुआ। उड़ान के समय इस विमान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद उसे उतारने का फैसला किया गया। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को सशस्त्र बलों और प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से पोर्ट सूडान प्रवासियों, राजनयिक मिशन के सदस्यों और उत्तरी अफ्रीकी देश से भाग रहे सूडान के नागरिकों के लिए प्रमुख निकासी बिंदु बन गया है। यह लड़ाई रविवार को 100वें दिन में प्रवेश कर गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हिंसा में कम से कम 1,136 लोग मारे गए हैं। अनुमान है 30 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

## मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड का प्रतिनिधिमंडल मिला मजलिस

रांचीः मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल मुफ्ती अब्दुल्ला अज़हर कासमी के नेतृत्व में विधानसभा अतिथि गृह में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशाविरत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष फ़िरोज़ अहमद अंसारी से मुलाकात की। उनके रांची पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लह अज़हर कासमी ने राज्य के मुस्लिम मुद्दों पर विस्तार से बताया और यहां के राजनीतिक और सामाजिक कार्यो के बारे में भी बताया। जिस पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष फ़िरोज़ अहमद अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह मशाविरत के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में हजरत मौलाना तौफीक अहमद कादरी, शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी, शहर काजी कारी जान मुहम्मद मुस्तफी, सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद हसन रूमी, मोहम्मद इम्तियाज, वरिष्ठ पत्रकार सैयद आलम, पत्रकार आदिल रशीद शामिल थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे पर 26 तक लगाई रोक

*** मुस्लिम पक्ष को हाई कोर्ट जाने को कहा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद मामले में एक हफ्ते तक खुदाई नहीं होगी. वहीं, 26 जुलाई तक सर्वे पर रोक लगा दी है. शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति को मस्जिद परिसर के एएसआई सर्वेक्षण पर वाराणसी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा.सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि क्या वह यह बयान दे सकते हैं कि शुक्रवार, 28 जुलाई तक यथास्थिति रहेगी. इसपर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि फिलहाल कोई खुदाई नहीं हो रही है या किसी आक्रामक तरीके का सहारा नहीं लिया जा रहा है. एएसआई माप, फोटोग्राफी और रडार



इमेजिंग कर रहा है.

हिंदू पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मुद्दे पर सावधानी बरतनी चाहिए और इसे हाईकोर्ट में जाना चाहिए. सॉलिसिटर जनरल पहले ही कह चुके हैं कि कोई खुदाई नहीं की जाएगी. न्यायालय ने मामले को अपने पास में ले लिया है और जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यथास्थिति का आदेश दिया जाता है तो यह अनिश्चित काल तक जारी रहता है. सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वह मस्जिद समिति को जिला अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में जाने के लिए 26 जुलाई, बुधवार तक का समय देगा और तब तक स्थल पर यथास्थिति बनाए रखी जाए. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद के व्यापक सर्वेक्षण के लिए 21 जुलाई को पारित वाराणसी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका पर विचार करेगा.

इससे यह पता लगाया जा सके कि मस्जिद पहले से मौजूद हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई थी या नहीं. जिला अदालत ने माना कि %सही तथ्य% सामने आने के लिए वैज्ञानिक जांच आवश्यक है. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जिला अदालत के आदेश के बाद मस्जिद में किए गए उत्खनन कार्य पर स्पष्टता प्राप्त करने को कहा. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब तक शीर्ष अदालत मामले की सुनवाई नहीं कर लेती तब तक कोई सुनवाई नहीं होगी. वरिष्ठ अधिवक्ता हुज़ेफ़ा अहमदी ने उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की एक याचिका का उल्लेख किया, जिसमें हिंदू महिला आवेदकों द्वारा वुजुखाना (स्नान के लिए कक्ष) को छोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग करने वाले एक आवेदन को अनुमति दी गई थी.